खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump.com

पत्र नहीं मित्र

संपर्क करें jabdesh1@yahoo.com

# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 19 फरवरी 2025 | वर्ष – 69 | अंक – 98 | पृष्ठ – 12 | मूल्य – 3.00 रु.



- मुख्य निर्वाचन आयुक्त... ■ मोदी, ट्रंप और व्यावसायिक... 04
- सऊदी अरब में रूस और अमेरिका बातचीत... ■ इजरायल की लेबनान में एयर स्ट्राइक... 09
- सरकार ने सोना और चांदी का बेस आयात... ■ महाकुंभ : 100 से ज्यादा विमान फिर भी किराया... 11
- गेंदबाजी ने डीसी को... ■ चैंपियन्स ट्रॉफी का... 10


सार संक्षेप

### विधानसभा में ममता बनर्जी का बयान

## महाकुंभ बन गया है 'मृत्यु कुंभ'

**कोलकाता, (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल की विधानसभा में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को विवादित बयान दिया। उन्होंने उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार में व्यवस्थाओं पर सवाल उठाते हुए महाकुंभ 2025 को 'मृत्यु कुंभ' बता दिया। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि वह महाकुंभ सम्मान करती हैं। बनर्जी ने कहा, 'यह मृत्यु कुंभ है। मैं महाकुंभ का सम्मान करती हूं, मैं पवित्र गंगा मां का सम्मान



करती हूं। लेकिन इसके लिए कोई योजना नहीं है, कितने शव बरामद हुए हैं? अमीरों, वीआईपी लोगों के लिए एक लाख रुपए तक के शिविर पाने की व्यवस्था है। गरीबों के लिए कुंभ में कोई व्यवस्था नहीं है। मेले में भगदड़ की स्थिति आम है, व्यवस्था करना जरूरी है। आपने क्या योजना बनाई है?

**देश को बांटने के लिए धर्म बेच रहे**-भगदड़ की घटना के बाद कितने आयोग महाकुंभ भेजे गए? बिना पोस्टमॉर्टम के ही शवों को बंगाल भेज दिया गया। वे कहेंगे कि लोगों की मौत दिल का दौरा पड़ने से हुई और फिर मुआवजा नहीं दिया जाएगा। आप देश को बांटने के लिए धर्म बेच रहे हैं। हमने यहां पोस्टमॉर्टम किया क्योंकि आपने बिना डेथ सर्टिफिकेट के शव भेज दिए। इन लोगों को मुआवजा कैसे मिलेगा?'

### ममता के बयान का विपक्ष ने विरोध किया

विधानसभा में ममता के महाकुंभ पर दिए बयान के बाद विपक्ष के नेताओं ने ममता के खिलाफ नारेबाजी की और विरोध प्रदर्शन भी किया। विपक्ष के नेता बीजेपी लीडर शुभेंदु अधिकारी ने कहा- मैं हिंदू समुदाय, संत समुदाय से कड़ा विरोध दर्ज कराने की अपील करता हूं।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-एनजीटी ने कहा है कि- गंगा का पानी त्रिवेणी में बहुत दूषित है, नहाने और आचमन योग्य नहीं।

**चुहिया- हां प्रिये**- जहां आस्था हिलोर मार रही हो और व्यवस्था कमाने में लगी हो, वहां कौन किसकी बात सुनता है?

# मुख्य चुनाव आयुक्त पद पर ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति होते ही सुप्रीम कोर्ट पहुंचा मामला

### चयन कमेटी से सीजेआई को हटाना गलत : राहुल



**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** मुख्य चुनाव आयुक्त पद पर ज्ञानेश कुमार की हुई नियुक्ति को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी गई है। सुनवाई से एक दिन पहले ही भारत सरकार द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति का मामला सुप्रीम कोर्ट में उठा। एडीआर की तरफ से वकील प्रशांत भूषण ने इस मुद्दे को सुप्रीम कोर्ट के सामने रखा। केंद्र सरकार ने चुनाव आयोग के चयन समिति से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया था। सरकार के इस फैसले को एडीआर ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है।

> चीफ जस्टिस को चयन समिति से 'हटाकर' सरकार ने हमारी चुनावी प्रक्रिया की अखंडता पर करोड़ों मतदाताओं की चिंताओं को बढ़ा दिया है।
> - **राहुल गांधी**, लोकसभा में नेता विपक्ष

इस मामले को सुप्रीम कोर्ट के सामने रखते हुए वकील प्रशांत भूषण ने कहा कि- सरकार ने सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले का सम्मान नहीं कर रही है। हमारी मांग है कि बुधवार को सुप्रीम कोर्ट सबसे पहले इस मामले की सुनवाई करे।

उधर लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने मंगलवार को नए मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति की प्रक्रिया पर कड़ी असहमति व्यक्त की। राहुल ने चयन समिति से भारत के चीफ जस्टिस को बाहर रखने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के फैसले की आलोचना की। 17 फरवरी को सरकार ने राजीव कुमार की जगह ज्ञानेश कुमार को नया मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुआई वाली समिति में शामिल लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष ने अपना असहमति पत्र प्रस्तुत करते हुए चयन प्रक्रिया को 'अपमानजनक और अशिष्ट' बताया।



### आयुक्तों की नियुक्ति संबंध कानून पर आज सुनवाई

*केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त और चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति संबंधी वर्ष 2023 के जिस नए कानून पर भरोसा जताते हुए ज्ञानेश कुमार को मुख्य चुनाव आयुक्त नियुक्त किया है, उसकी वैधता को चुनौती देने वाली विचाराधीन याचिकाओं पर उच्चतम न्यायालय बुधवार को प्राथमिकता से सुनवाई कर सकता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह की पीठ के समक्ष मंगलवार को गुहार लगाते हुए एनजीओ-एडीआर की ओर से पेश हुए अधिवक्ता प्रशांत भूषण ने सुनवाई करने करने के लिए दलीलें दीं। उन्होंने दलील दी , याचिका पर बुधवार को सर्वोच्च न्यायालय में विचार किया जाना चाहिए, क्योंकि यह हमारे लोकतंत्र के भविष्य के लिए बेहद महत्वपूर्ण है।*

### चुनाव प्रणाली का तमाशा बना दिया : संजय राउत

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) के नेता संजय राउत ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार की नियुक्ति के संदर्भ में कहा कि राजीव कुमार ने देश में चुनाव की प्रणाली का तमाशा बनाकर रख दिया था, जिसे एक लोकतांत्रिक राष्ट्र में कभी भी स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

### जीआईएस में प्रधानमंत्री लांच करेंगे प्रदेश की विभिन्न औद्योगिक नीतियां : मुख्यमंत्री

# 60 देशों के प्रतिभागी होंगे शामिल

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मंगलवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में 24 एवं 25 फरवरी को भोपाल के इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2025 के सुव्यवस्थित बेहतर आयोजन के लिए गठित शीर्ष समिति की बैठक की अध्यक्षता की।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 24 फरवरी को सुबह करीब 10 बजे दो दिवसीय जीआईएस का शुभारंभ कर मध्यप्रदेश की सभी नवीनतम औद्योगिक नीतियों की लॉन्चिंग भी करेंगे। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जीआईएस परिसर में स्थापित किये जाने वाले एमपी एक्सपीरियंस जोन का अवलोकन भी करेंगे। इस जोन में इमर्सिव डिजिटल वॉक-थ्रू के रूप में मध्यप्रदेश की विरासत, अब तक की प्रगति और भावी आकांक्षाओं का समन्वित संयोजन एवं प्रदर्शन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने निर्देशित किया कि आयोजन को ऐतिहासिक बनाने के लिए सभी तैयारियां व्यापक स्तर पर की जायें।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि निवेशकों को



सहज आकर्षित करने के लिए राज्य की सभी निवेशक हितैषी औद्योगिक नीतियों, म.प्र. में उद्योगों के लिए उपलब्ध व्यापक अधोसंरचनाओं और संभावनाओं को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश को इंडस्ट्री फ्रेंडली स्टेट बनाने के लिए निवेशकों को वांछित सभी जरूरी सहायता एवं सुविधाएं मुहैया कराई जाएं।बैठक में बताया गया कि जीआईएस में 60 से अधिक देश के प्रतिभागी शामिल होंगे। इसमें जिम्बाब्वे के उप मंत्री सहित 10 देशों के राजदूत, 8 देशों के उच्चायुक्त, 7 देशों के काउंसलेट जनरल सहित कुल 133 विदेशी प्रतिभागी शामिल होंगे। जीआईएस में देश के प्रमुख उद्योगपतियों सहित

- विभिन्न श्रेणियों में अब तक हुए 31 हजार 659 से अधिक पंजीयन
- 18 हजार 736 प्रतिभागियों ने आने की सहमति भी दी
- ओडीओपी उत्पादों के प्रदर्शन के लिए तैयार किया जाएगा एक गांव, मूर्तिकला का होगा विशेष प्रदर्शन
- मुख्यमंत्री ने ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की सफलता के लिये की शीर्ष समिति की बैठक

भारत की अग्रणी कंपनियों को 300 से अधिक अध्यक्ष, एमडी और सीईओ भी प्रतिभागी के रूप में शामिल होंगे। जीआईएस में 6 विभागीय सम्मेलन, 6 कंट्री सेशन एवं 10 सेक्टोरल सत्र भी आयोजित किए जाएंगे। बताया गया कि जीआईएस में अब तक विभिन्न श्रेणियों में 31 हजार 659 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया है। इनमें से 18 हजार 736 से अधिक प्रतिभागियों ने भोपाल आने की सहमति भी दी है।

### ''नक्शा'' कार्यक्रम शहरी भूमि रिकार्ड्स के निर्माण और प्रबंधन में लायेगा क्रांति : शिवराज



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि आज रायसेन की धरती से राष्ट्रीय स्तर पर शहरी बस्तियों के भूमि सर्वेक्षण (नक्शा) पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। सरकार की यह पहल शहरी क्षेत्रों में नागरिकों को सशक्त और उनके जीवन को आसान बनाएगी। साथ ही शहरी नियोजन को बढ़ाएगी और भूमि संबंधी विवादों को कम करेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रायसेन में शहरी भूमि सर्वेक्षण ''नक्शा''के राष्ट्रीय कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव और केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा

### शहरी नियोजन को मिलेगा बढ़ावा, भूमि संबंधी विवाद घटेंगे : डॉ. यादव

- राष्ट्रीय कार्यक्रम 'नक्शा' का शुभारंभ
- रायसेन से प्रारंभ हुई मध्यप्रदेश वॉटरशेड यात्रा

ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ड्रोन उड़ाकर सिटी सर्वेक्षण प्रोग्राम का शुभारंभ किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भूमि सबसे मूल्यवान सम्पत्ति होती है, इसलिए सुरक्षा और वित्तीय स्थिरता के लिए सटीक और पारदर्शी रिकार्ड होना जरूरी है। नक्शा कार्यक्रम से शहरी क्षेत्रों में ड्रोन के माध्यम से सर्वे कराकर भूमि अभिलेखों का निर्माण और आधुनिकीकरण किया जाएगा, जिससे भूमि स्वामित्व की पारदर्शिता और दक्षता सुनिश्चित होगी।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा है। प्रधानमंत्री जनकल्याण और विकास के लिए निरंतर काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने केन-बेतवा लिंक परियोजना शुरू की है। हर भूखण्ड को सिंचाई के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध कराने की दिशा में प्रमुखता से काम किया जा रहा है। किसान भाइयों को पर्याप्त सिंचाई के >>शेष पृष्ठ 2 पर

# इंदौर, भोपाल, ग्वालियर में बिल्डर्स के 52 ठिकानों पर आयकर की दबिश

### एक कार्रवाई में 3 करोड़ से ज्यादा नकद मिले, बेहिसाब संपत्तियों की जानकारी मिली

**भोपाल, देशबन्धु।** आयकर विभाग ने इंदौर, भोपाल, ग्वालियर में 3 बिल्डर्स और मीडिया हाउस से जुड़े कारोबारियों के यहां 52 ठिकानों पर एक साथ दबिश दी है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक शाम तक एक बिल्डर के यहां 3 करोड़ नकद मिलने की खबर है। वहीं चल-अचल संपत्तियों और कीमती जेवरातों, वाहनों की जानकारी मिली है। कार्रवाई सुबह से देर रात तक चलती रही। सूत्रों का कहना है कि- पड़ताल का सिलसिला अभी एक-दो दिन और चल सकता है। 18 फरवरी मंगलवार को सुबह इनकम टैक्स विभाग ने इंदौर और खरगोन के भीकनगांव में छापा मारा है। इंदौर में मीडिया



हाउस और उद्योगपति के घर रेड हुई है। वहीं भीकनगांव के अनंत एग्रो इंडस्ट्रीज में आईटी टीम पहुंची। आईटी अफसर स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर छानबीन कर रहे हैं। दीक्षित रियल एस्टेट से भी जुड़े हैं। वहीं आयकर विभाग की टीम नवलखा में भी छापा मारा है। यह कार्रवाई सुबह के समय की गई है, जिसमें स्थानीय पुलिस की मदद भी ली गई। वहीं खरगोन के भीकनगांव में कॉटन कारोबारी की फर्म अनंत एग्रो में टीम छानबीन कर रही है।

17 फरवरी सोमवार को दीक्षित की मैरिज एनिवर्सरी थी। रात 2 बजे तक वे एनिवर्सरी पार्टी में थे। इसके बाद घर लौटे और कुछ समय बाद इनकम टैक्स की टीम पहुंच गई। दीक्षित रियल एस्टेट से भी जुड़े हैं। उनके परिवार की ग्लोबल ट्रेड वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड नामक बड़ी कंपनी है।

**कॉटन कारोबारी के यहां ये हुआ**-खरगोन के भीकनगांव में आयकर की टीम सुबह 4.30 बजे झिरन्या रोड स्थित अनंत एग्रो इंडस्ट्रीज में पहुंची। अनंत एग्रो एजेंसी का भीकनगांव के अलावा खंडवा और इंदौर में भी फर्म के नाम से कारोबार है। उनका ऑर्गेनिक कॉटन के अलावा जमीनों की खरीदी बिक्री का कारोबार है। यहां दस्तावेजों की जांच पड़ताल की जा रही है। करीब 12 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी दस्तावेज खंगाल रहे हैं।

### रणवीर अल्लाहबादिया को सुप्रीम कोर्ट से फटकार

# कहा- इनके दिमाग में गंदगी, केन्द्र सरकार कार्रवाई करे वर्ना हम करेंगे

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अश्लील कमेंट मामले में रणवीर अल्लाहबादिया की अपील पर सुनवाई की। अदालत ने अलाहबादिया को गिरफ्तारी से राहत दे दी, लेकिन उन्हें जमकर फटकार भी लगाई। अदालत ने कहा कि आपके कमेंट की भाषा विकृत और दिमाग गंदा है।



इससे अभिभावक ही नहीं, बेटियां और बहनें भी शर्मसार हुई। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस एन कोटेश्वर सिंह ने कहा कि अलाहबादिया के खिलाफ कई एफआईआर दर्ज की गई हैं, लेकिन अब उनके खिलाफ इस मामले में कोई केस दर्ज नहीं किया जाएगा।

रणवीर अल्लाहबादिया पर आरोप था कि उन्होंने समय रैना के शो इंडियाज गॉट लेटेंट में पेरेंट्स पर अश्लील कमेंट किए थे। इसके बाद उनके ऊपर महाराष्ट्र, असम समेत कई जगहों पर एफआईआर दर्ज की गई थी।

बेंच ने कोर्ट में मौजूद अटॉर्नी सॉलिसिटर जनरल से कहा, ऐसे यू-ट्यूबर्स के मामले सामने आ रहे हैं, क्या केंद्र सरकार कुछ करना चाहती है। अगर वे खुद ही कुछ करते हैं तो बहुत अच्छी बात है, वरना हम यहां गैप नहीं छोड़ सकते। सो-कॉल्ड यूट्यूब चैनल इसका दुरुपयोग कर रहे हैं और तमाम चीजें सामने आ रही हैं, इसलिए हमने नोटिस इश्यू किया है। हम अटॉर्नी जनरल और सॉलिसिटर जनरल को अगली सुनवाई के दौरान कोर्ट में मौजूद रहने का आदेश दे रहे हैं। हम इस मामले की अहमियत और संवेदनशीलता को अनदेखा नहीं कर सकते।


JAN JYOTI SUPER SPECIALITY EYE HOSPITAL
अब पाइये चश्मे से छुटकारा मात्र कुछ सेकेण्ड्स में
Teneo- 2 तकनीक से इलाज
TRANS EPI सबसे आधुनिक और सुरक्षित
आज ही विजिट करें
9165108121 janjyotieyehospital.com
1051, Gol Bazar, Near Keshwarwani College, Wright Town, Jabalpur

Excellence in Education, Excellence in Life
A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
(C.B.S.E. Affiliated Reg. No. 1031302 )
ADMISSION OPEN FOR SESSION 2024-25
Class Nursery to XII Science I Commerce I Humanities
Special Discount in Admission fee & School fee for the State and National Players for all the Games
राष्ट्र स्तरीय एवं प्रदेश स्तरीय सभी खेलों के खिलाड़ियों के लिये प्रवेश शुल्क एवं मासिक शुल्क में विशेष छूट
Ph.: 0761-2676360, 8349593500, 9826587200


रिपोर्ट

### महाकुंभ : एनजीटी ने अपनी सख्त टिप्पणी में कहा

# 50 करोड़ लोगों को सीवेज से दूषित जल में नहाना पड़ा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** उत्तर प्रदेश के महाकुंभ में एक तरफ जहां लोगों का गंगा-यमुना और त्रिवेणी में डुबकी लगाने की होड़ सी मची है। वहीं, केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) की रिपोर्ट पर गौर करने के बाद 16 फरवरी, 2025 को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की प्रधान पीठ ने अपनी सख्त टिप्पणी में उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीपीसीबी) को फटकारते हुए कहा आपने 50 करोड़ लोगों को सीवेज के दूषित पानी से नहला दिया। वह पानी जो नहाने लायक भी फिट नहीं था, उससे लोगों को आचमन तक करना पड़ा।

डाउन टू अर्थ ने पाया कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) ने 3 फरवरी, 2025 को नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) में दाखिल अपनी रिपोर्ट में खुलासा किया कि 12-13 जनवरी, 2025 को निगरानी के दौरान अधिकांश स्थलों पर नदी जल की गुणवत्ता मानकों के अनुरूप नहीं थी। सीपीसीबी रिपोर्ट के मुताबिक सात स्थानों पर विभिन्न तारीखों पर लिए गए



### श्रद्धालुओं के बताएं गंगा के पानी की गुणवत्ता- एनजीटी

*नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने यूपी सरकार को दिए निर्देश में बताया कि श्रद्धालुओं को उस पानी की गुणवत्ता को लेकर जानकारी दें, जहां वे डुबकी लगाने जा रहे हैं। हालांकि डाउन टू अर्थ को पता चला है कि ऐसा नहीं किया जा रहा है।*

जल नमूनों की गुणवत्ता खराब पाई गई। इनमें 12 जनवरी से 4 फरवरी, 2025 तक उपलब्ध गंगा के

> जस्टिस प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली पीठ ने उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (यूपीसीपीबी) की तरफ से ठोस रिपोर्ट न दाखिल किए जाने को लेकर कहा कि लगता है आप किसी दबाव में हैं। पीठ ने फटकारते हुए कहा कि मेला शुरु होने से पहले ही नदी में इस तरह के प्रदूषण के खिलाफ आपने कोई ठोस कदम क्यों नहीं उठाया। आंखों से दिखाई पड़ रहा है कि सीवर सीधा नदियों में जा रहा है। 3 फरवरी,2025 को सीपीसीबी की ओर से दाखिल रिपोर्ट को लेकर एनजीटी ने कहा दो हफ्ते बीत गए और यूपीपीसीबी की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। यह बहुत ही गंभीर है।

श्रृंगवेरपुर घाट, लॉर्ड कर्जन पुल, शास्त्री पुल से पहले, नागवासुकी मंदिर पंटून पुल नंबर 15 के पास, संगम, डीहा घाट और यमुना के पुराना नैनी पुल व संगम में गंगा नदी से मिलने से पहले के >>शेष पृष्ठ 2 पर

# देश-विदेश

## झारखंड सरकार ने गुटखा व पान मसाला पर प्रतिबंध लगाया

**रांची।** झारखंड सरकार ने राज्य में गुटखा और निकोटिन एवं तंबाकू युक्त पान मसाला के उत्पादन, वितरण, बिक्री और भंडारण पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। स्वास्थ्य विभाग ने इससे संबंधित नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। यह प्रतिबंध नोटिफिकेशन जारी होने की तिथि से अगले एक साल तक के लिए प्रभावी होगा। बताया गया है कि स्थिति की समीक्षा के बाद प्रतिबंध की अवधि आगे भी बढ़ाई जाएगी। झारखंड में इसके पहले वर्ष 2020 में भी गुटखा और पान मसाला के 11 ब्रांडों पर प्रतिबंध लगाया गया था, जो वर्ष 2023 के जून महीने तक प्रभावी था। करीब डेढ़ साल से प्रतिबंध निष्प्रभावी था।

## टोरंटो एयरपोर्ट पर लैंडिंग के वक्त पलटा विमान

**टोरंटो।** कनाडा में विमान हादसा हुआ है। टोरंटो के पियर्सन इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर डेल्टा एयरलाइंस का विमान हादसे का शिकार हुआ है। इस हादसे में कम से कम 19 लोग घायल हो गए। विमान में 76 लोग सवार थे। सीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक विमान बर्फीले रनवे पर फिसला और फिर पलट गया। हादसे के बाद डेल्टा एयरलाइंस की ओर से कहा गया है कि विमान किन वजहों से हादसे का शिकार हुआ इसकी जांच चल रही है।



**15 साल पुराना था विमान-** विमान ने मिनियापोलिस से सुबह 11.47 बजे उड़ान भरी थी। हादसे के बाद जिस तरह की तस्वीरें सामने आई हैं उनमें विमान उल्टा दिख रहा है। ओंटारियो की एयर एम्बुलेंस सेवा 'ऑरेंज' के मुताबिक तीन मरीजों को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह 15 साल पुराना विमान था और 2013 से डेल्टा एयरलाइंस की फ्लीट में शामिल था।

**चमगादड़ की तरह लटके हुए थे-** विमान हादसे के बाद एक यात्री पीट कूकोव ने कहा कि जब तक वो जमीन पर नहीं गिरे, तब तक उन्हें कुछ भी पता नहीं चल रहा था कि मामला क्या है। ष्टहह की रिपोर्ट के मुताबिक कूकोव ने कहा कि हम जमीन से टकराए, विमान पलट चुका था और हम लोग चमगादड़ की तरह उलटे लटके हुए थे। उन्होंने कहा, 'मैं खुद को भाग्यशाली और खुशनसीब समझता हूं। मैं जिस व्यक्ति के बगल में बैठा था उसे नहीं जानता था लेकिन मुझे मौका मिला कि मैं उसे गले लगा सकूं। मेरे दोस्त मुझे हवाई अड्डे पर लेने आए थे, जिन्हें मैंने गले लगाया।'

**रनवे पर नजर आई बर्फ-** जॉन नेल्सन नाम के यात्री ने बताया कि उन्हें नहीं पता था कि विमान में कुछ गड़बड़ है। उन्होंने बताया कि जैसे ही वह टोरंटो में पहुंचे तब उन्होंने रनवे पर बहुत सारी बर्फ देखी। उन्होंने कहा, 'जब हम रनवे से टकराए तो जोरदार झटका लगा। टक्कर के बाद विमान फिसला और फिर पलट गया।

## भारत- कतर के बीच बनी रणनीतिक साझीदारी



**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारत एवं कतर ने अपने दोपक्षीय रिश्तों को 'रणनीतिक साझीदारी' के स्तर पर उन्नत करते हुए आपसी व्यापार को पांच साल में दो गुना करने, भारत में कतर निवेश केन्द्र खोले जाने तथा भारत एवं कतर के बीच मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने की आज घोषणा की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी के बीच यहां हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय शिखर बैठक में ये निर्णय लिए गए। दोनों देशों ने वैश्विक एवं क्षेत्रीय भूराजनीतिक मामलों पर भी विचार विमर्श किया जिनमें हमास एवं इज़रायल के बीच संघर्ष तथा अफगानिस्तान के मुद्दे भी शामिल थे। कतर के अमीर की राजकीय यात्रा के दौरान दो समझौतों और 5 समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए गए जिनमें एक- द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझीदारी के स्तर पर उन्नत करने तथा दूसरा- दोहरे कराधान से बचाव संबंधी करार शामिल हैं। बैठक के बाद विदेश मंत्रालय में सचिव (कांउसलर, पासपोर्ट, वीसा एवं प्रवासी भारतीय मामले) अरुण कुमार चटर्जी ने एक संवाददाता सम्मेलन में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझीदारी में ऊर्जा, व्यापार एवं निवेश तथा सुरक्षा के क्षेत्र शामिल हैं। इसके अलावा दोनों देशों ने बुनियादी ढांचे, बंदरगाह, जहाज निर्माण, फूड पार्क, नवीकरणीय ऊर्जा, रोबोटिक्स एवं आर्टिफीशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई है।

**राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत-** श्री मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कतर के अमीर का राष्ट्रपति भवन में स्वागत किया, जहां उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### 50 करोड़ लोगों को.....

नदी जल की गुणवत्ता को के आंकड़े शामिल हैं। इन आंकड़ों के मुताबिक गंगा घाट समेत प्रमुख संगम घाट तक में प्रमुख स्नान दिवस के दिन घाट प्रदूषित रहे। सीपीसीबी रिपोर्ट के मुताबिक प्रयागराज के अधिकांश स्थानों पर 12-13 जनवरी, 2025 को व 19 जनवरी को लॉर्ड कर्जन ब्रिज पर बायोकेमिकल ऑक्सीजन डिमांड (बीओडी) अपने सामान्य मानक 3 मिलीग्राम (एमजी) प्रति लीटर से अधिक था। बीओडी का पानी में अधिक होना यह बताता है कि पानी में प्रदूषण बहुत ज्यादा है और सूक्ष्मजीवों को मौजूदा जैविक गंदगी को डिकंपोज करने के लिए ज्यादा ऑक्सीजन का इस्तेमाल करना पड़ रहा है।

रिपोर्ट के मुताबिक 13 जनवरी, 2025 के बाद जब गंगा नदी में मीठे पानी का डिस्चार्ज बढ़ाया गया तो उच्च बीओडी में कमी आई। हालांकि, रिपोर्ट एक बहुत ही गंभीर विषय की तरफ ध्यान ले जाती है। वह है पानी में अत्यधिक फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा का होना। यह कुल कोलीफॉर्म का एक उपसमूह है, जो विशेष रूप से मल से संबंधित बैक्टीरिया को दर्शाता है। ये मुख्य रूप से मानव और पशुओं के मल से आते हैं। इनकी उपस्थिति दर्शाती है कि पानी मल से दूषित है, जिससे जलजनित रोग (टाइफाइड, डायरिया, हैजा आदि) फैल सकते हैं और ये मुख्य रूप से गर्म रक्त वाले जीवों की आंतों में पाए जाते हैं।

सीपीसीबी की रिपोर्ट से पता चलता है कि कई मौकों पर सभी निगरानी स्थलों पर नदी जल की गुणवत्ता स्नान हेतु प्राथमिक जल गुणवत्ता के मानकों के अनुरूप नहीं थी। रिपोर्ट में कहा गया प्रयागराज में महाकुंभ मेला के दौरान बड़ी संख्या में लोग नदी में स्नान करते हैं । खासतौर से शुभ स्नान दिनों में, जिससे नदी जल में फीकल कोलीफॉर्म की मात्रा बढ़ जाती है। डाउन टू अर्थ ने हाल ही में अपने आकलन में पाया था कि एसटीपी की मौजूदा क्षमताओं और व्यवस्थाओं के बावजूद करीब 53 एमएलडी सीवेज बिना उपचार के सीधा गंगा में गिरेगा। वहीं, 16 फरवरी, 2025 को एनजीटी में सीपीसीबी के वकील ने अदालत को बताया कि सभी एसटीपी अपनी क्षमताओं से कई गुना अधिक सीवेज हासिल कर रहे हैं और यह स्वाभाविक है कि वह प्रभावी उपचार नहीं कर रहे। यानी सीवेज सीधा गंगा में जा रहा है।

डाउन टू अर्थ ने महाकुंभ में अपनी यात्रा के दौरान पाया कि गंगा के कई स्थानों पर नालों का पानी सीधा गंगा में जा रहा है, जिन नालों को टैप किया गया है और उनका उपचार किया जा रहा है वह आंशिक तौर पर या प्रभावी तौर पर नहीं हो रहा।

इसके अलावा प्रयागराज में सभी 10 एसटीपी में 1 पोंगघाट एसटीपी ऐसा है जो राहत वाली उपचार सीमा के मानक को भी पूरा नहीं कर पा रहा है। यह संगम से पहले गंगा नदी से जुड़ा है। वहीं, प्रयागराज में एसटीपी जिन उपचार मानकों को सामान्य मान रह हैं, एनजीटी ने उनपर भी सवाल उठाया। एनजीटी की पीठ ने कहा कि एसटीपी के संबंध में उपचार के लिए 2019 में तय किए कड़े मानकों को क्यों नहीं लागू किया गया? हालांकि, इसका जवाब यूपीपीसीबी की ओर से नहीं दिया गया।

सुनवाई के दौरान सीपीसीबी के अधिवक्ता ने कहा कि सभी 10 एसटीपी क्षमताओं से अधिक सीवेज हासिल कर रहे हैं और स्वभाविक तौर पर इन एसटीपी के जरिए प्रभावी उपचार नहीं किया जा रहा है। बगैर उपचारित सीवेज सीधा गंगा में जा रहा है। बहरहाल एनजीटी ने मामले की सुनवाई को टालते हुए यूपीपीसीबी से इस मामले में रिपोर्ट तलब की है।

### शहरी नियोजन.....

लिए पानी मिलने से उत्पादकता में वृद्धि होती है, हमारे किसान भाइयों की आय बढ़ रही है। इस वर्ष 2600 रू क्विंटल के मान से किसानों से गेहूँ उपार्जित किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि सरकार द्वारा उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए अनेक सुविधाएं दी जा रही हैं। नवीन कारखाने स्थापित कर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने का काम हमारी सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दुग्ध उत्पादन को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। दस से अधिक गाय का पालन करने वाले गौपालकों को सरकार द्वारा अनुदान दिया जाएगा। इसके अलावा हमारी माताओं-बहनों को स्व-सहायता समूहों से जोड़कर उनको आत्मनिर्भर बनाने का काम सरकार कर रही है। हमारा मध्यप्रदेश हरित प्रदेश है। प्रदेश में वर्ष 2003-04 के बाद लगातार सिंचाई रकबे में वृद्धि होने से कृषि उत्पादकता में वृद्धि हुई है। वर्ष 2003 के पहले जहां प्रदेश में 7 लाख हैक्टेयर सिंचित क्षेत्र था, वहीं आज प्रदेश में लगभग 48 लाख हैक्टेयर से अधिक क्षेत्र सिंचित है। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य प्रदेश में एक लाख हैक्टेयर सिंचित क्षेत्र करने का है। प्रदेश में 3 बड़ी नदी जोड़ो परियोजनाओं के साथ अन्य वृहद सिंचाई परियोजनाओं से हम यह लक्ष्य हासिल करेंगे।

केन्द्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि आज रायसेन में जो कार्यक्रम हो रहा है, वह केवल रायसेन और प्रदेश का नहीं, पूरे देश का कार्यक्रम है। आज रायसेन से देश के 26 राज्यों और 3 केन्द्र शासित प्रदेशों के 152 शहरी स्थानीय निकायों में शहरी भूमि सर्वेक्षण ''नक्शा'' पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में ड्रोन से सर्वे होगा और नक्शा बनाकर भूमि स्वामी को दिया जाएगा। नक्शा नहीं होने से कई परेशानियां होती हैं। अब नागरिकों के पास उनकी जमीन का व्यवस्थित रिकॉर्ड होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी के नेतृत्व में लैण्ड रिकॉर्ड के क्षेत्र में क्रांति शुरू हुई है।

कार्यक्रम में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्यमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल, भोजपुर विधायक सुरेन्द्र पटवा, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंत मीणा, पूर्व मंत्री रामपाल सिंह, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता सेन, संयुक्त सचिव कुणाल सत्यार्थी सहित बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।


**कार्यालय नगर परिषद बरेला जिला-जबलपुर (म.प्र.)**

रा.प्र.क्रं/ 507/न.प./नामा/2024-25
जबलपुर, दिनांक 17/2/25

**इश्तहार सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री शरद कुमार पटैल पिता स्व. प्रेमलाल पटैल निवासी वार्ड क्रमांक 02 द्वारा अपनी माता श्रीमती मुल्लाबाई पटैल पति स्व. प्रेमलाल पटैल की मृत्यु उपरांत वार्ड क्रमांक 02 के संपत्ति कर पंजी के सरल क्र. 02/52 (संपत्ति आई.डी. 1004113988) में दर्ज संपत्ति को अपने नाम दर्ज करने हेतु निकाय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतः उक्त संपत्ति को आवेदक के नाम दर्ज किये जाने के संबंध में जिस किसी को कोई आपत्ति हो वे सुसंगत दस्तावेज सहित 15 दिवस की समय सीमा में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। म्याद उपरांत प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

सूचित हो।

कृति — **मुख्य नगर पालिका अधिकार नगर परिषद, बरेला**

**पश्चिम मध्य रेल**

**शुद्धि सूचना क्र. 2 दिनांक 14.02.2025**

क्र.: 1, मदः निविदा जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय, **IREPS की वेबसाइट पर NIT: JBP-PROJECT-EPC-2024-01** दिनांक 02.01.2025: 20.02.2025 upto 15:00 hrs., **IREPS पर संशोधित दिनांक:** 06.03.2025 upto 15:00 hrs. शेष वस्तुएं यथावत एवं अपरिवर्तित रहेंगी।

उप मुख्य विद्युत अभियंता (प्रोजेक्ट), पमरे, जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**पश्चिम मध्य रेल**

**विद्युत शाखा- खुली निविदा**
**ई निविदा- निविदा दिनांकः 14.02.2025**

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस) पश्चिम मध्य रेल नई कटनी, जंक्शन, भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा सूचना क्रमांकः** एनकेजेडी-रिपेयर-रिहैब-टैपचेन्जर दिनांक 14/02/2025, **कार्य का नाम लोकेशन सहित-** विद्युत लोकोमोटिव के बीटीआईएल मेक के एन - 32 टाईप टेप चेन्जर के रिपेयर एवं रिहैबिलिटेशन का कार्य, **निविदा का अनुमानित मूल्य (रूपये में) - रूपये 2,38,97,301/-, अर्नेस्ट मनी/बिड सिक्योरिटी राशि (रूपये में)-** रू. 2,69,500/-, **समापन अवधि (माह)-** 24 माह, **निविदा भरने की अंतिम तिथि एवं समय (12:00 बजे तक) - 11.03.2025,** उपरोक्त ई निविदा की संपूर्ण जानकारी वेबसाइड https://ireps.gov.in पर उपलब्ध है। ई निविदा के आलावा उपरोक्त कार्य के लिए कोई भी निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (टीआरएस)
पश्चिम मध्य रेल, नई कटनी जंक्शन

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जबलपुर**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0501 /अ-6-अ/2023-24

**आम इश्तहार**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे न्यायालय में आवेदक महेश गुप्ता पिता शिवबालक गुप्ता निवासी म.नं. 895 गढ़ा फाटक जगदीश मंदिर जबलपुर के द्वारा ग्राम सूखा प.ह.न.76 रा.नि.मं. बरौदा तहसील पनागर जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 178/10/2 रकवा 0.0078 हेक्ट भूमि के खसरे से आवेदक के नाम के साथ अनावेदकगण (1) श्रीमति उषा मिश्रा पत्नि ओम प्रकाश मिश्रा हिस्सा जाति मिश्रा निवासी 1540 व.फु. पनागर जबलपुर, (2) श्रीमति नीलू, सराफ पत्नि अनिल सराफ जाति सराफ निवासी पनागर जबलपुर (3) वैजनाथ प्रसाद अहिरवार पिता तनसाई प्रसाद अहिरवार का हिस्सा 2100 वर्गफुट जाति अहिरवार निवासी पाटन जबलपुर का नाम दर्ज है। आवेदक महेश गुप्ता द्वारा उक्त अनावेदकगणों का नाम विलोपित किये जाने हेतु आवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण में तहसीलदार पनागर जांच प्रतिवेदन प्राप्त किया गया। तहसीलदार द्वारा प्रतिवेदित किया गया है कि ग्राम सूखा प.ह.न. 76, रा.नि.मं. बरौंदा स्थित भूमि खसरा नंबर 178/10 में से रिज. क्रमांक MP 18255202 1A1064517 के द्वारा दिनांक 20.01.2021 को मूल स्वामी नीलू, सराफ पति अनिल सराफ से महेश प्रसाद गुप्ता पिता शिवबालक गुप्ता द्वारा 840 वर्गफुट भूमि क्रय की थी। राजस्व प्रकरण क्रमांक 0326/अ-6/2021-22 दिनांक 02.09.2021 के अनुसार खसरे में प्रविष्टि की गई। ऑनलाईन व्यपवर्तन सूचना क्रमांक 2201512798, चालान-0029146349 के द्वारा महेश प्रसाद गुप्ता द्वारा अपना डायवर्सन 840 वर्गफुट अर्थात 0.0080 हेक्ट करवाया गया परंतु खसरा नंबर 178/10/1 रकवा 0.0920 में तथा खसरा नंबर 178/10/2 रकवा 0.0080 हेक्ट. दोनों की खसरे में महेश प्रसाद गुप्ता पिता शिवबालक गुप्ता का नाम है। खसरा नंबर 178/10/1 में से महेश प्रसाद का नाम विलोपित किया जाना उचित है। उसी तरह खसरा नंबर 178/1/2 में महेश प्रसाद गुप्ता पिता शिवबालक गुप्ता का नाम यथावत रखा जाकर शेष अन्य खातेदार का नाम विलोपित किये जाने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 7.03.25 तक इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से पेश कर सकता है। समयाबधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्ति पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेंगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं पद मुद्रा से जारी किया गया है।

पेशी दिनांक 07.03.2025
जारी दिनांक 14.02.2025

**अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) जबलपुर** — कृति

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार **Cholamandalam Investment And Finance Company Ltd.** से प्राप्त निर्देशों के अनुसार आम सूचना प्रेषित करता हूँ कि, पक्षकार मेसर्स मालपाणी मैनूफैक्चरिंग एंड मार्केटिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड पंजीकृत कार्यालय 1292, हनुमानताल जबलपुर 482002 म. प्र. द्वारा डायरेक्टर प्रवीण मालपाणी पिता श्री बालकृष्ण मालपानी निवासी -463 हनुमानताल जबलपुर संपत्ति मौजा सुभाष नगर, नं. बं. 773, भवानी प्रसाद तिवारी वार्ड तहसील व जिला जबलपुर स्थित डायवर्टेड भूमि, डायवर्सन शीट नं. 300 प्लाट नं. 98/1-ए कुल प्लाट रकवा 8400 वर्गफीट में निर्मित बहुमंजिला व्यवसायिक शोभित काम्प्लेक्स भवन के ग्राउंड फ्लोर की दुकान नं. 1 जिसका निर्मित रकवा 9.3×18.9=173.44 वर्गफीट, ग्राउंड फ्लोर दुकान नं. -2 जिसका निर्मित रकवा 9.3×18.9=173.44 वर्गफीट तथा ग्राउंड फ्लोर दुकान नं.-20 जिसका निर्मित रकवा 9.3×18.9=173.44 वर्गफीट है इस प्रकार तीनों दुकान का कुल निर्मित रकवा 520.32 वर्गफीट (फ्लैट सिस्टम) जिसका प्लाट पर अविभाजित हिस्सा 1/4 रहेगा जिसे विक्रेता श्री सपन गुप्ता पिता श्री गोपालदास गुप्ता निवासी 148, जय नगर यादव कालोनी, जबलपुर से क्रय कर मेरे पक्षकार की कंपनी में बंधक कर ऋण प्राप्त कर रहे हैं, उक्त संपत्ति के संबंध में यदि आम जनता, व्यक्ति, संस्था, बैंक, सरकारी / गैर सरकारी, प्राधिकरण या अन्य को ऋण सुरक्षा में बंधक / रहन/गिरवी में किसी प्रकार की आपत्ति हो या किसी का कोई हक्क, हिस्सा, दावा उक्त जायदाद पर हो, तो इस सूचना पत्र के प्रकाशन से 07 दिनों के अन्दर मेरे समक्ष / मेरे पक्षकार के समक्ष मय दस्तावेजों के, लिखित आपत्ति प्रस्तुत करे, निर्धारित अवधि में आपत्ति प्राप्त न होने पर उक्त सम्पत्ति को ऋण सुरक्षा में बंधक किया जाकर मेसर्स मालपाणी मैनूफैक्चरिंग एंड मार्केटिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड ऋण प्राप्त करेंगें, तत्पश्चात किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

जबलपुर दिनांक : 18-02-2025

**प्रवेश गिदरोनिया (एडवोकेट)**
**म.प्र. उच्च न्यायालय**
**कार्या/निवास-823, शाहीनाका गढ़ा**
**जबलपुर, मो.नं. 9300122264** — कृति

फौती
**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्रं/1524/अ-6/2024-2025

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक यश वर्धन सिंह/ राम भजन सिंह निवासी-सी. 520 शुभमं रेजीडेंसी तिलहरी ने नजूल ब्लाक नं. 22 प्लाट नं. 8/4 निर्मित रकवा 1000 व.फु./ अवि. हिस्सा ..../व.फु.हे. विक्रय पत्र/ हकत्याग/ वसीयतनामा/ दानपत्र/ वारसान हक/ दिनांक 20/01/2011 मृत्यु दिनांक 12/11/2024 को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र ....... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा/ पटवारी/ डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 22 प्लाट नं. 8/4 निर्मित रकवा/रकवा 1000 व.फु./ अवि. हिस्सा ..... व.फु./हे./ग्राम सि. स्टेशन प.ह.नं. ... खसरा नं. ...... रकवा 1000 व.फु./ हे. श्रीमती दुलारी देवी/स्व. निरंजन सिंह शा. अभिलेख के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 20/02/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 01/01/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
जारी दिनांक 01/01/2025
पेशी दिनांक 20/02/2025

र.नं.- 3066 — **तहसीलदार, रांझी, जबलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार नरसिंहपुर**
रा.मा.क्र. 1506/अ-6/वर्ष 2024-25
डब्बू लाल पिता तुलाराम साहू..... आवेदक,
.....बनाम.....
मध्यप्रदेश शासन......अनावेदक

**इश्तहार**

आम जनता मौजा कंदेली को सूचित किया जाता है कि आवेदक डब्बूलाल पिता तुलाराम साहू निवासी कंदेली द्वारा इस आशय का आवेदन पत्र पेश किया है कि मौजा कंदेली प.ह.नं. 42 न.ब. 36 तहसील व जिला नरसिंहपुर स्थित भूमि ख.नं. 221/2 में रकवा 12.25 वाय 25 वर्ग फुट भूमि आवेदक लीलावती वेवा तुलाराम साहू द्वारा विक्रेता जमनाप्रसाद पिता नारायण सिंह लोधी निवासी कंदेली द्वारा बैनामा दिनांक 20.5.1974 के जरिए क्रय की है। आवेदक की मां लीलाबाई दि. 24.12.1983 को फौत हो चुकी है। वर्तमान में विक्रेता का खसरा नंबर 221/35 रकवा 0.002 हे. दर्ज है आवेदक द्वारा उक्त बेनामा के आधापर खसरा नं. 221/35 में से नामांतरण हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। उपरोक्त के संबंध में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह नियत पेशी दिनांक 28.2.2025 को या इसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर अपना दावा आपत्ति पेश कर सकता है। नियत अवधि के बाद प्राप्त आपत्ति पर न्यायालय द्वारा मान्य नहीं किया जावेगा इश्तहार आज दि. 13.2.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया है।

**तहसीलदार,नरसिंहपुर**

**नाम परिवर्तन सूचना**

शिवानी गुप्ता पति राम चरण गुप्ता निवासी ग्रा. पनिहा पो.गिजवार तह.थाना मझौली जिला सीधी मध्य प्रदेश द्वारा इंडियन बैंक के खाता संख्या 00000059088547873 IFSC C0DE. ALLA 0210252 में नाम परिवर्तन किए जाने हेतु शाखा प्रबंधक इंडियन बैंक शाखा मझौली के नाम शपथ पत्र प्रस्तुत कर बताया है कि जब मेरा बैंक खाता खुलवाया गया था उस समय रानी विश्वकर्मा के नाम से जानी जाती थी। आज मैं शिवानी गुप्ता के नाम से जानी जाने लगी हूं (यानी रानी विश्वकर्मा व शिवानी गुप्ता एक ही महिला है) जिसका आधार नंबर 335315296116 है। जो सर्वसाधारण को सूचित करते हुए शाखा प्रबंधक से आग्रह किया है कि बैंक के खाता संख्या 00000059088547873 IFSC CODE. ALLA0210252 में रानी की जगह शिवानी गुप्ता किया जाए ताकि किसी तरह से परेशानी न उठानी पड़े।

**+आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं नारायण प्रसाद उम्र 52 वर्ष आत्मज स्व. नन्द लाल निवासी म.नं.510, शांति नगर व्हीकल रोड अम्बेंडकर वार्ड थाना रांझी तहसील रांझी जिला जबलपुर का निवासी हूँ तथा मैं रक्षित केन्द्र पुलिस लाईन जबलपुर में आरक्षक (आर्म्स) के पद पर पदस्थ हूँ तथा मेरा बैच नंबर 2488 है मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम नारायण प्रसाद एवं पिता का नाम नन्द लाल दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड एवं पेनकार्ड में मेरा नाम नारायण प्रसाद शर्मा एवं पिता का नाम नंद लाल शर्मा दर्ज है मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपना नाम नारायण प्रसाद शर्मा एवं पिता का नाम नंद लाल शर्मा संशोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ मुझे नारायण प्रसाद शर्मा एवं पिता का नाम नंद लाल शर्मा के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा जावें!

पिता का पुराना नाम - नन्द लाल
पिता का नया नाम - नंद लाल शर्मा
पुराना नाम - नारायण प्रसाद
नया नाम - नारायण प्रसाद शर्मा

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं धनसिंह उम्र 51 वर्ष आत्मज स्व.झामू सिंह निवासी म.नं. 1084, आई ब्लॉक पुलिस लाईन हाईकोट के पास वार्ड नंबर 19, कमला नेहरू नगर जबलपुर का निवासी हूँ तथा मैं 6वीं प्रशिक्षण वाहिनी विसबल रांझी जबलपुर में प्रधान आरक्षक के पद पर कार्यरत हूँ मेरा बैच नंबर 353 है मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम धनसिंह पिता का नाम झामू सिंह दर्ज है जबकि मेरी कक्षा दसबी की अंकसूची में मेरा नाम धन सिंह कुलस्ते एवं पिता का नाम झामू सिंह कुलस्ते दर्ज है मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपना नाम धनसिंह के स्थान पर धन सिंह कुलस्ते एवं पिता का नाम झामू सिंह के स्थान पर झामू सिंह कुलस्ते संशोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ ! अतः मुझे धन सिंह कुलस्ते पिता झामू सिंह कुलस्ते के नाम से जाना पहचाना एवं लिखा पढ़ा जायें।

पिता का पुराना नाम - झामू सिंह
पिता का नया नाम - झामू सिंह कुलस्ते
पुराना नाम - धनसिंह
नया नाम - धन सिंह कुलस्ते

**न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्रं/ 2819 /अ-6/2024-2025
जबलपुर, दिनांक 18/2/25

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कान्ति लाल सोनी पिता रामकिशोर सोनी निवासी म.नं. 3 उत्सव विहार, नेपियर टाऊन के द्वारा मौजा सुभाष नगर डायवर्सन शीट ब्लाक नं.153/D प्लाट नंबर 95 स्थित भूमि खसरा नं. ... में से रकवा 90 वर्गफुट भूमि जो राजस्व रिकार्ड में सुभाष चंद श्रीवास्तव एवं आदि के नाम दर्ज है। आवेदक के द्वारा अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो वह नियत पेशी दिनांक 5/3/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक- 18/02/2025
पेशी दिनांक- 05/03/2025

र.नं. 3064 — **तहसीलदार अधारताल जबलपुर**

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं कांति वाई चड़ार आत्मजा स्व. शिवचरण चड़ार निवासी एच.बी. 13, छटवी बटालियन एस.ए.एफ.थाना रांझी तहसील रांझी जिला जबलपुर की निवासी हूँ तथा मैं 6वीं प्रशिक्षण वाहिनी विसबल रांझी जबलपुर फैक्स एण्ड फोटो कॉपी शाखा में प्रधान आरक्षक के पद पर कार्यरत हूँ मेरा बैच नंबर 1575 है मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम कांति वाई चड़ार दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम कान्ति वाई चढ़ार दर्ज है । मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपना नाम कान्ति वाई चढ़ार संशोधित कर दर्ज कराना चाहती हूँ मुझे कान्ति वाई चढ़ार के नाम से जाना पहुंचाना एवं लिखा पढ़ा जावें।

पुराना नाम - कांति वाई चड़ार
नया नाम - कान्ति वाई चढ़ार

**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मैं विश्वेश्वर बरखड़े उम्र 44 वर्ष आत्मज श्री शंकर राव बरखड़े निवासी म.नं. 721, रामनगर व्हीकल रोड अम्बेडकर वार्ड थाना रांझी तहसील रांझी जिला जबलपुर का निवासी हूँ तथा मैं 6वीं प्रशिक्षण वाहिनी विसबल रांझी जबलपुर में आरक्षक के पद पर कार्यरत हूँ मेरा बैच नंबर 985 है मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरा नाम विश्वेश्वर बरखड़े एवं मेरी पत्नि का नाम गायत्री बरकड़े एवं मेरे पिता का नाम शंकर राव बरखड़े गलत दर्ज है जबकि मेरे आधार कार्ड पेनकार्ड में मेरा नाम विश्वेश्वर वरखडे दर्ज है तथा मेरी पत्नि के आधार कार्ड में मेरी पत्नि का नाम गायत्री वरखडे दर्ज है तथा मेरे परिवार समग्र आई.डी. कार्ड में मेरे पिता का नाम शंकर वरखडे दर्ज है, मैं अपने सर्विस रिकार्ड में अपना नाम विश्वेश्वर बरखड़े के स्थान पर विश्वेश्वर वरखडे एवं पत्नि का नाम गायत्री बरकडे के स्थान पर गायत्री वरखडे एवं पिता का नाम शंकर राव बरखडे के स्थान पर शंकर वरखडे संशोधित कर दर्ज कराना चाहता हूँ अतः मेरा नाम विश्वेश्वर वरखडे (VISHWESHWAR WARKHADE) एवं पत्नि का नाम गायत्री वरखडे (GAYATRI BARKHADE) एवं पिता का नाम शंकर वरखडे (SHANKAR BARKHADE) जाना पहचाना एवं लिखा पढा जावें !

पिता का पुराना नाम-शंकर राव बरखडे
पिता का नया नाम-शंकर वरखडे
पत्नि का पुराना नाम-गायत्री बरकड़े
पत्नि का नया नाम-गायत्री वरखडे
पुराना नाम -विश्वेश्वर बरखड़े
नया नाम -विश्वेश्वर वरखडे
(VISHWESHWAR WARKHADE)

**न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला शहडोल (म.प्र.)**

प्र.क्र./आशायित विवाह/2025/1396
शहडोल, दिनांक 17/02/2025

**सार्वजनिक ईश्तहार**

सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदिका अदिति श्रीवास्तव आयु 30 वर्ष पिता श्री अखिलेश कुमार श्रीवास्तव निवासी वार्ड नं. 22 कट्ठी मोहल्ला सिंहपुर रोड तहसील सोहागपुर जिला शहडोल (म.प्र.) एवं आवेदक सागर श्रीवास्तव आयु 32 वर्ष पिता श्री नवीन श्रीवास्तव निवासी बी-2 504 अनमोल हाईट्स नया राम नगर आधारताल अमखेड़ा जिला जबलपुर (म.प्र.) के द्वारा इस न्यायालय में उपस्थित होकर विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के प्रावधानों के अधीन विवाह प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

इस विवाह के संबंध में जिस किसी को आपत्ति हो, वे दिनांक 17/03/2025 को स्वतः या अधिवक्ता के मार्फत न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बीत जाने के पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

र.नं. 3058 — **अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला-शहडोल (म.प्र.)**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ/स) संभाग क्रं. 1 जबलपुर**

निविदा सूचना क्रं. 30 वर्ष 2024-25 टेन्डर लिपिक — जबलपुर, दिनांक 11.02.2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई. टेन्डरिंग के माध्यम से निम्नलिखित कार्यों की निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। कार्यों का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान कर वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त किये जा सकते हैं।

| क्रं. | ई. टेण्डर क्रं. | कार्य का नाम | | ठेके की अनु. राशि (रु. लाख) में | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ई.एम.डी. टेन्डर फीस एवं निविदा से संभावित अन्य अभिलेख जमा करने हेतु |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_PWDRB_402052_pack1 | मुख्यालय सेक्शन मुख्यालय उपसंभाग क्रमांक 3 जबलपुर अंतर्गत श्वशासी आयुर्वेदिक महाविद्यालय गीताधाम रोड, जबलपुर के आई.पी.डी. भवन, बॉयस हॉस्टल में वाटर प्रूफिंग का कार्य एवं ओ.पी.डी. भवन में शेड एवं अन्य कार्य। | द्वितीय | 16.45 | 33000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 2. | 2025_PWDRB_402053_pack1 | माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के बिल्डिंग कैम्पस में विभिन्न कार्य। | द्वितीय | 19.80 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 3. | 2025_PWDRB_402054_pack1 | मुख्यालय क्रं. 3 के अंतर्गत एम.एम.व्ही. सेक्शन के अंतर्गत एन.सी.सी. भवन में डब्ल्यू.सी. एवं बाथरुम का निर्माण कार्य। | द्वितीय | 19.95 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 4. | 2025_PWDRB_402055_pack1 | डिपोजिट मद के अंतर्गत मान. उच्च न्यायालय के कंडोमेनियम भवन के क्लब हाऊस में पेवर ब्लॉक एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 19.98 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 5. | 2025_PWDRB_402056_pack1 | डिपोजिट मद के अंतर्गत डी.एन.एल.यू. कॉलेज में हॉल, किचिन एवं स्टोर रुम का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार एवं अन्य कार्य। | प्रथम | 19.96 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 6. | 2025_PWDRB_402057_pack1 | डिपोजिट मद के अंतर्गत डी.एन.एल.यू. कॉलेज में डब्ल्यू.सी. एवं बाथरुम तथा अन्य कार्य का मरम्मत एवं अन्य जीर्णोद्धार का कार्य। | प्रथम | 19.97 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 7. | 2025_PWDRB_402059_pack1 | डिपोजिट मद के अंतर्गत साईंस कॉलेज जबलपुर में एम.एम.व्ही. उपखण्ड के अंतर्गत विकलांगों के लिये डब्ल्यू.सी. एवं बाथरुम तथा अन्य कार्य। | प्रथम | 18.75 | 40000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 8. | 2025_PWDRB_402061_pack1 | मुख्यालय उपसंभाग क्रं. 1 के अंतर्गत गांधीग्राम से मालहा मार्ग एवं कूडा से मण्डला मार्ग का निर्माण कार्य। | प्रथम | 211.59 | 211600 | 15000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 9. | 2025_PWDRB_402062_pack1 | डिपॉजिट मंद के अंतर्गत भारतीय खेल प्राधिकारण रानीताल जबलपुर में आर.सी.सी. सीढ़ी (इमरजेंसी एक्सिट) का निर्माण कार्य | प्रथम | 8.30 | 17000 | 2000 | 04 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 10. | 2025_PWDRB_402063_pack1 | पड़रिया से पड़वार मार्ग चैनेज 7100 से 10600 तक कुल लंबाई 3.50 कि.मी. का निर्माण कार्य। | प्रथम | 376.79 | 376790 | 15000 | 12 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| 11. | 2025_PWDRB_402064_pack1 | मुख्यालय उपसंभाग क्रं.3 के अंतर्गत डुमना एयरपोर्ट में व्ही.व्ही.आई.पी. लॉज भवन का निर्माण कार्य। | प्रथम | 207.51 | 207510 | 15000 | 15 माह वर्षा ऋतु सहित | केवल ऑनलाईन |
| | | कुल योग- | | 939.05 | | | | |

टीपः- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 04/03/2025 17.30 बजे तक है। अन्य तिथियों एवं विस्तृत विवरण व संशोधन ऑनलाईन वेब साईट www.mptenders.gov.in पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नहीं कराया जावेगा। संशोधन सूचना कार्यालय के सूचना पटल पर देखी जा सकती है।


जी- 23164/24

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स)**
**संभाग क्रं. 1 जबलपुर**

# देश-प्रदेश

## नागरिक अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करे पुलिसः शाह

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि जम्मू और कश्मीर में आतंकवाद पर काफी हद तक नियंत्रण और सुरक्षा हालातों में सुधार के बाद, अब नागरिकों के अधिकारों की रक्षा करना वहां की पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। श्री शाह ने मंगलवार को यहां जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा और मुख्यमंत्री उमर अबदुल्ला के साथ केन्द्र शासित प्रदेश में तीन नए आपराधिक कानूनों के कार्यान्वयन पर समीक्षा बैठक की। बैठक में चर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि तीन नए पीड़ित-केन्द्रित आपराधिक कानूनों के माध्यम से त्वरित न्याय सुनिश्चित करने में तकनीक का अधिकतम उपयोग करना चाहिए।



वैश्विक निवेशक सम्मेलन से पहले सरकार ने दी कई सौगातें

## भोपाल, इंदौर, जबलपुर समेत 5 शहरों को मॉडल इलेक्ट्रिक सिटी बनाया जाएगा

**भोपाल, देशबन्धु।** राजधानी में 24-25 फरवरी को आयोजित हो रहे वैश्विक निवेश सम्मेलन से पहले राज्य सरकार ने निवेश को बढ़ावा देने के लिए 7 नई नीतियों को मंजूरी दे दी है। इसके तहत कई प्रावधानों को आसान बनाया गया है, ताकि निवेश को आकर्षित कर औद्योगिकीकरण और रोजगार के अवसर बढ़ाए जाएं।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में आज हुई मंत्रिपरिषद की बैठक में कई अन्य महत्वपूर्ण फैसले लिए गए हैं। बैठक के बाद संसदीय कार्यमंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर और उज्जैन को मॉडर्न इलेक्ट्रिक सिटी बनाएंगे। दो पहिया ईवी वाहन के रजिस्ट्रेशन के लिए 40 प्रतिशत छूट दी जाएगी। प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहन खरीद पर प्रोत्साहन राशि दी जाएगी। महिला और विकलांग द्वारा यदि सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाते हैं तो उन्हें भी वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। उन्होंने कहा कि कुछ सालों में मध्य प्रदेश के 80 प्रतिशत सरकारी वाहनों को इलेक्ट्रिक किए जाने की कोशिश की जाएगी।

उन्होंने बताया कि मंत्रिपरिषद ने निवेशको के लिए नीति और आसान बनाने के फैसले लिए हैं। इसके लिए लघु एवं सूक्ष्म उद्योग, स्टार्टअप, विमानन, नवीकरणीय ऊर्जा और भूमि आवंटन नीति में नए प्रावधान किए गए हैं। श्री विजयवर्गीय ने बताया कि मंत्रिपरिषद ने नई टाउनशिप नीति को भी मंजूरी दी है। इसके तहत अब



किसान भी आम लोगों के साथ मिलकर टाउनशिप बना सकेंगे। इसके लिए सरकार उसे सब्सिडी देगी। इसके लिए एक साधिकार समिति राज्य और जिला स्तर पर बनाई जाएगी, जो 60 दिन के अंदर अनुमति देगी। इसके तहत केवल बिल्डर ही नहीं बल्कि किसान और आम लोग भी कॉलोनाइजर बन सकते हैं।

विमानन नीति को भी मंजूरी। इसका उद्देश्य पर्यटन को बढ़ावा देना है। मध्य प्रदेश में 150 किलोमीटर पर एक एयरपोर्ट स्थापित करने की कोशिश की जाएगी। इससे सरल आवागमन होगा। हर 45 किलोमीटर पर हेलीपैड बनाने की कोशिश की जाएगी। सभी धार्मिक और पर्यटन इससे जुड़ पाएंगे। इससे रोजगार भी बढ़ेगा। प्रदेश के बाहर बिजली बेची जाती थी तो उस पर हरित ऊर्जा टैक्स लगता था। कैबिनेट बैठक में इस हरित टैक्स को ख़त्म कर दिया गया। विद्युत परियोजना को बायोफिल योजना से जोड़ा जाएगा। ग्रीन हाइड्रोजन के लिए मध्य प्रदेश सरकार प्रोत्साहन देगी।

मुख्यमंत्री ने मंत्रियों को किया संबोधित

## प्रदेश में व्यापक स्तर पर मनाए जाएंगे महाशिवरात्रि और गुड़ी पड़वा पर्व

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व व्यापक स्तर पर मनाया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न मंदिरों की साज-सज्जा सहित विविध आयोजन होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 30 मार्च को गुड़ी पड़वा पर्व पर भी बड़े स्तर पर कार्यक्रमों की रूपरेखा बनाई जा रही है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि महाशिवरात्रि से विक्रमोत्सव प्रारंभ होगा। इस वर्ष भी जल गंगा अभियान संचालित किया जाएगा। इस वर्ष जल गंगा अभियान और वॉटर शेड कार्यक्रम के साथ दीर्घ अवधि तक चलेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव मंगलवार को मंत्रालय में मंत्रि-परिषद की बैठक प्रारंभ होने के पहले मंत्रियों को संबोधित कर रहे थे।मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि प्रदेश में वन्य जीव पर्यटन को प्रोत्साहन दिया जा रहा है। देश में सर्वाधिक घड़ियाल चंबल के घड़ियाल अभ्यारण्य में हैं। यहाँ पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए नई सुविधाएं प्रारंभ की जा रही हैं।

### तीसरी बड़ी नदी जोड़ो परियोजना

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन-बेतवा और पार्वती-कालीसिंध-चंबल नदी जोड़ो परियोजनाओं की स्वीकृति के बाद मध्यप्रदेश तीसरी बड़ी नदी जोड़ो परियोजना से लाभान्वित होगा। यह परियोजना ताप्ती मेगा रिचार्ज परियोजना होगी, जिससे महाराष्ट्र राज्य भी लाभान्वित होगा। इस परियोजना से जल स्तर ऊपर आएगा। मध्यप्रदेश के खण्डवा और बुरहानपुर जिलों के सवा लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई का विस्तार होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बताया कि मध्यप्रदेश नई औद्योगिक नीतियां लागू कर निवेशकों को आमंत्रत कर रहा है। प्रधानमंत्री श्री मोदी की भावना है कि उद्योगों की स्थापना में उद्योगपतियों को अड़चनों का सामना न करना पड़े, इस उद्देश्य से नीतियां सरल होना चाहिए। मध्यप्रदेश, प्रधानमंत्री श्री मोदी द्वारा दिए गए इस मंत्र पर अमल कर रहा है।

### राष्ट्रीय खेलों में प्रदेश को मिली विशेष उपलब्धि

डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने हाल ही में उत्तराखंड में सम्पन्न राष्ट्रीय खेलों में 82 पदक प्राप्त किए हैं। यह एक विशेष उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार ने खेलों के विकास के लिए अनेक कदम उठाए हैं। खिलाड़ियों को अधिक से अधिक सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों ने नेशनल गेम्स में 34 स्वर्ण, 25 रजत और 23 कांस्य पदक प्राप्त किए हैं। मध्यप्रदेश ने पदक पदक संख्या के मान से देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है, जो एक विशेष उपलब्धि है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंत्रि-परिषद के सदस्यों और समस्त प्रदेशवासियों को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी।

आरपीएफ ने अपनी रिपोर्ट में भीड़ प्रबंधन में खामियां गिनाईं

## प्लेटफॉर्म बदलने के कारण हुआ था स्टेशन पर हादसा

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने गत शनिवार को नई दिल्ली स्टेशन पर हुई भगदड़ को लेकर अपनी रिपोर्ट दी है। रिपोर्ट में कहा है कि स्टेशन पर प्रयागराज के लिए चलने वाली विशेष ट्रेन के प्लेटफॉर्म में परिवर्तन की घोषणा के बाद अफरातफरी में फुटओवर ब्रिज पर लोगों में धक्का-मुक्की के बाद यात्री एक दूसरे पर गिरने लगे जिससे 18 यात्रियों की मौत हो गई और 10 अन्य घायल हो गए।

**प्रयागराज जाने वाली महाकुंभ स्पेशल ट्रेन का प्लेटफॉर्म बदला गया**

आरपीएफ चौकी नई दिल्ली के प्रभारी निरीक्षक द्वारा वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त (समन्वय) को रविवार को सौंपी गई रिपोर्ट में विस्तार से घटना की जानकारी दी। हालांकि हताहतों की संख्या के बारे में रेल अधिकारियों और आरपीएफ रिपोर्ट के दावे अलग अलग हैं।

रिपोर्ट में प्रभारी निरीक्षक ने लिखा है कि दिनांक 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर सामान्य दिनों की भांति प्रयागराज की तरफ जाने वाली भीड़-भाड़ वाली गाड़ियों को निरीक्षक नई दिल्ली हमराह स्टाफ आरपीएफ पोस्ट नई दिल्ली एवं मंडल की अन्य पोस्टों से आए स्टाफ के साथ कुम्भ मेले के दौरान भीड़ को और दिनों की तरह ठीक-ठाक पास करवाया जा रहा था। गाड़ी संख्या 12560 शिवगंगा के प्लेटफॉर्म 12 से प्रस्थान होने के बाद अचानक से स्टेशन पर यात्रियों की भीड़ बढ़ने लगी जिससे फुटओवर ब्रिज 2 और 3 चोक हो गए तथा प्लेटफॉर्म 12-13,14-15 एवं 16 पर जाम की स्थिति पैदा हो गई मौके पर ही सहायक सुरक्षा आयुक्त (नई दिल्ली) फुटओवर ब्रिज 2 पर आए और भीड़ का आंकलन कर स्टेशन डायरेक्टर को और अधिक टिकट बेचने से मना किया और अधिक भीड़ होने का अंदेशा जताते हुए सतर्कता बरतने के लिए कहा गया। इंस्पेक्टर की रिपोर्ट को आरपीएफ अपनी अंतिम रिपोर्ट में शामिल करेगा। यह अंतिम रिपोर्ट रेल मंत्रालय की गठित दो सदस्यीय उच्च स्तरीय समिति को सौंपी जाएगी।

## कांग्रेस ने कहा- धीरेन्द्र शास्त्री को धर्म का ज्ञान नहीं, भाजपा बोली-बयान निंदनीय

**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश कांग्रेस ने आज कथावाचक धीरेन्द्र शास्त्री पर निशाना साधा है। पूर्व मंत्री एवं कांग्रेस मीडिया विभाग के अध्यक्ष मुकेश नायक ने कथावाचक धीरेन्द्र शास्त्री को अज्ञानी बताया है, उन्होंने कहा कि धीरेन्द्र शास्त्री को सनातनी धर्म के बारे में कुछ भी पता नहीं है। श्री नायक ने कहा कि वे जिस प्रकार की भागवत बोल रहे हैं वह बिल्कुल बचकानी है। ऐसे व्यक्ति को बुंदेलखंडी में उचक्का कहा जाता है। वहीं उनके इस बयान को लेकर भाजपा धीरेन्द्र शास्त्री के बचाव में उतर आई है। कांग्रेस नेता श्री नायक ने कहा न तो इस बागेश्वर वाले बाबा को रामचरितमानस का ज्ञान है, न भागवत का ज्ञान है, न





वैदिक परंपराओं का ज्ञान है। वैदिक वांग्मय में ऋग्वेद, सामवेद, अथर्ववेद, स्थापत्य वेद, धनुर्वेद आयुर्वेद, गंधर्ववेद और उसके साथ शिक्षा, व्याकरण, छंद, न्याय, आरण्यक, ब्रह्मण्य, योग्य, दर्शन, कर्म मीमांसा इतने विषय हैं। क्या ज्ञान है? उन्हें। श्री नायक ने कहा कि वे जिस तरीके से भागवत बोलते हैं वो देखकर मुझे बहुत शर्म आती है कि ये हमारे धर्म ग्रंथो, हमारी ऋषि परंपरा की जो देन है उसका यह मजाक उड़ाते हैं। पूर्व मंत्री श्री नायक ने धीरेंद्र शास्त्री को एक मंच पर शास्त्रार्थ की चुनौती देते हुए कहा कि अगर वो उनके सवालों के जवाब दे पाए तो सुर मुंडवाकर राजनीति से संन्यास ले लेंगे।

दिग्विजय सिंह ने केन्द्रीय मंत्री चौहान को लिखा पत्र

## महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के कार्यों में वृद्धि की मांग की



**भोपाल, देशबन्धु।** पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान को एक पत्र लिखकर प्रदेश में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत 266 कार्यों को करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत कार्यों को करने से ग्रामीण क्षेत्रों का विकास होगा और ग्रामीण क्षेत्रों के मजदूरों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। उन्होंने पत्र में इस बात का जिक्र किया है कि भारत सरकार ने वर्ष 2023 में मध्यप्रदेश में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत 266 कार्य करने के निर्देश दिए थे, लेकिन मध्यप्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ने केवल 24 कार्यों को ही मंजूरी दी है। श्री सिंह ने कहा है कि इस योजना के तहत केवल 24 कार्यों को मंजूरी देने से ग्रामीण क्षेत्रों के विकास पर दुष्प्रभाव पड़ेगा और ग्रामीण क्षेत्र के मजदूरों को पर्याप्त मात्रा में मजदूरी नहीं मिलेगी तो उन्हें पलायन करने को मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि योजना के तहत कार्यों को करने से ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कें, पुल, तालाब, और अन्य आधारभूत संरचनाएं बनाई जाती हैं, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों का विकास होता है। श्री सिंह ने श्री चौहान से इस मामले में प्रदेश में महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना के तहत 266 कार्यों को पूरा करवाने की मांग की है।


### नाम परिवर्तन सूचना

**मैं मुकेश कुर्मी उम्र लगभग 57 वर्ष पिता- राधेश्याम कुर्मी निवासी- रिपटा के पास, गोरादेवी वार्ड, गोटेगांव नरसिंहपुर (मप्र.) यह कि मैंने अपना नाम मुकेश बिलवार से बदल कर मुकेश कुर्मी कर लिया है एवं मेरे पैन कार्ड आधार कार्ड आदि में भी मेरा नाम मुकेश कुर्मी दर्ज हो गया है अतः अब मुझे मुकेश कुर्मी के नाम से ही जाना पहचाना पढ़ा लिखा जावे, व अन्य समस्त दस्तावेजों में भी मेरा नाम मुकेश कुर्मी दर्ज किया जावे। इस आशय की समस्त कानूनी प्रक्रिया मैंने पूर्ण कर ली है।**

**पुराना नाम- मुकेश बिलवार**

**नया नाम- मुकेश कुर्मी**

### न्यायालय तहसीलदार तहसील अधारताल, जबलपुर

रा.प्र.क्रं/ 3274 /अ-6/2024-2025

जबलपुर, दिनांक ........

### आम इश्तहार

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपा गुप्ता पति स्व. मनोज गुप्ता निवासी- म.नं. 233 गढ़ा रोड, डॉ. आर.के. मिश्रा के द्वारा मौजा हिनौतिया नजूल ब्लाक नं. ..... प्लाट नंबर..... स्थित खसरा नं. 52/1/1/2 में से रकवा 4050 वर्गफुट भूमि पर..... की मृत्यु दिनांक 26/11/2024 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज किए जाने हेतु फौती के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है। तत्संबंध मे जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो वह नियत पेशी दिनांक 5/3/2025 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/ आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा। आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

**जारी दिनांक- 18/02/2025**

**पेशी दिनांक- 05/03/2025**

**तहसीलदार, अधारताल जबलपुर**

र.नं. 3064

### निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रमांक 03 रामपुर (शक्ति भवन रोड) नगर निगम, जबलपुर**

पत्रांक/सं.क्र.03/एम- 311/24-25

दिनांक 18/02/2025

**भवन नामांतरण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमति बिनु पिल्लई पति श्री विनोद पिल्लई ने भवन क्रमांक F-8 वार्ड शंकरशाह नगर भूतल 1500 वर्गफुट प्रथम तल 300 वर्गफुट विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम के द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक F-8 वार्ड शंकरशाह नगर गृह स्वामी (कम्प्यूटर प्रविष्टी अनुसार) श्री अमित कुमार चौरसिया पिता श्री शिव प्रसाद चौरसिया के स्थान पर नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है प्रस्तुत नामांतरण पर आपत्ति हो तो इस प्रकाशन तिथि से 15 दिवस के अंदर संभागीय कार्यालय क्र.-3 शक्ति भवन रोड रामपुर नगर निगम जबलपुर में प्रमाण एवं दस्तावेजों सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी,**

**संभाग क्र.-03 रामपुर, नगर निगम, जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**

प्र.क्र./संभा.अधि. / राजस्व/ एम 111/ 2024-25 दिनांक 16/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अरविंद कुमार तिवारी पिता श्री कृष्ण कुमार तिवारी के द्वारा वार्ड क्र. 72 वादा ठनठन पाल के निगम सम्पत्ति आई डी क्र. 1002745260 के पंजीकृत स्वामी श्री अमित्त सोनी पिता श्री द्वारका प्रसाद सोनी के नाम से दर्ज फ्लैट नं. 103 कौशल्या एक्जोटिका का दर्ज निर्मित प्रथम मंजिल 892 वर्गफुट जिसका मौजा लक्ष्मीपुर खसरा नं 5/9 का कुल रकवा 80083 वर्गफुट पर निर्मित बहुमंजिला भवन ब्लॉक नं. बी/5 की प्रथम मंजिल का विक्रय प्लाट फ्लैट नं. 103 विक्रय/क्रय की गई सम्पति पर निम्न दस्तावेजी ई पंजीयन प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्र. 15 सुहागी में दस्तावेज/प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी (राजस्व)**

**संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर**

**संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर**

प्र.क्र./संभा.अधि. / राजस्व/ एम 112/ 2024-25 दिनांक 16/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्व साधारण की सूचित किया जाता है कि श्रीमती अमृता गुप्ता पति श्री करन गुप्ता के द्वारा वार्ड के 23 भगवान परशुराम के निगम सम्पत्ति आई डी क्र. 1004461265 के पंजीकृत स्वामी श्री पवन कुमार जैन पिता श्री प्रकाश चंद जैन के नाम से दर्ज श्री पार्श्व प्रभु एसोसिएट्स का दर्ज खसरा नं 367 366/2 368/1, 363 361/2/361/1 342/4 342/3 342/2 एवं 342/1 का आवासीय खुली भूमि रकवा 202717 वर्गफुट एवं व्यावसायिक खुली भूमि रकवा 11448 वर्गफुट विक्रय संपत्ति की क्रेता जितेन्द्र कुमार गुप्ता पिता श्री राजकुमार गुप्ता, दीपक कुमार कोष्टा पिता स्व दशरथ लाल कोष्टा से मौजा करमेता खसरा नं 367 के भाग में स्थित प्लाट नं. 109 का रकबा 800 वर्गफुट विक्रय/क्रय की गई सम्पति पर निम्न दस्तावेजों ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को मी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अदर संभागीय कार्यालय क्र. 15 सुहागी में दस्तावेज/प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

**संभागीय अधिकारी (राजस्व)**

**संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर**

**नगर पालिक निगम, जबलपुर जोन क्रं.-07 अधारताल जबलपुर (म.प्र.)**

क्र./सं.अधि./07/M./E.N.P.No/ - 189

2024-2025 दिनांक 18/02/2025

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है,कि क्रेता श्रीमती समीना बेगम, पति- श्री मोहम्मद वासीन खान, ने भवन क्रंमाक 2672/जी-एच, संपत्ति कर/ पिन नं. 1000365600 जलकरपिन नं. ......., पर विक्रेतागण/ पंजीकृत गृहस्वामी - श्रीमती शमीना बी/ पति मोहम्मद शाबिर, वार्ड श.अ. हमीद वार्ड, विक्रय प्लाट रकवा 400 व.फु., निर्मित भूतल 400 व.फु. आर.सी.सी., प्रथमतल 400 व.फु. आर.सी.सी., विक्रयपत्र, के आधार पर नगर निगम द्वारा प्रदत्त भवन क्रमांक पर दर्ज प्रविष्टि के स्थान/ क्रय भाग पर नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है, जिस किसी को उक्त नामांतरण पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रमांक 07 में प्रमाण एवं दस्तावेजों के साथ आपत्ति प्रस्तुत करें।

**कार्यालय संभागीय अधिकारी**

**संभाग क्र.-7,अधारताल नगर निगम जबलपुर**


## लखनऊ : यातायात सुधारने जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**लखनऊ।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने व सड़क सुरक्षा बाधाओं को दूर करने के उद्देश्य से 18 फरवरी को जिलाधिकारी विशाख जी. द्वारा चिनहट जंक्शन का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा निम्नवत दिशा निर्देश दिए गए -

1) चिनहट जंक्शन- निरीक्षण की शुरुआत जिलाधिकारी द्वारा चिनहट जंक्शन से की गई। निरीक्षण के दौरान चीफ इंजीनियर नगर निगम द्वारा बताया गया कि यातायात के सुचारू आवागमन के लिए नागर निगम द्वारा जंक्शन पर चौड़ीकरण का कार्य कराया गया है। जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा निर्देश दिए गए कि जंक्शन का सर्वे कराते हुए जंक्शन पर जो पोल्स लगे है उनको शिफ्ट करने के बाद उस जगह को भी मोटरेबल कराने का कार्य कराया जाए। उक्त के साथ ही निर्देश दिया कि कठौता की ओर से जो ट्रैफिक कामता को जाता है उसको फ्री लेफ्ट बनाते हुए सर्विस लेन पर डायवर्ट किया जाए ताकि मुख्य मार्ग पर ट्रैफिक लोड कम हो सके। निरीक्षण के दौरान जंक्शन पर ऑटो और ई रिक्शा द्वारा अव्यवस्थित ढंग से पार्किंग की गई थी जिससे यातायात बाधित हो रहा था। जिसके सम्बन्ध में जोनल अधिकारी नगर निगम को निर्देश दिए गए की ऑटो और ई रिक्शा के स्टैंड को जंक्शन से दूर व्यवस्थित ढंग से शिफ्ट करना सुनिश्चित किया जाए। चौराहों को पूरी तरह से क्लियर रखा जाए, ताकि यातायात के आवागमन में कोई बांधा न आने पाए। उक्त के बाद जिलाधिकारी द्वारा चिनहट जंक्शन से कामता अवध बस स्टॉप तक के रूट का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा बताया गया कि शहीद पथ से आने वाली बसे जो अयोध्या, बाराबंकी जाती है उन बसों को अवध बस स्टॉप जा कर यू टर्न लेकर अयोध्या बाराबंकी रूट पर जाना पड़ता है। जिससे ट्रैफिक में व्यवस्था प्रभावित होती है। जिसके सम्बन्ध में अवध बस स्टॉप के सामने ही भूमि चिन्हित कर बस हॉल्ट बनाने के सम्बन्ध में नगर निगम व परिवहन निगम के द्वारा

**फिजीबिलिटी का परीक्षण करने के निर्देश दिए**

संयुक्त भ्रमण कर फिजीबिलिटी का परीक्षण करने के निर्देश दिए गए ताकि शहीद पथ से आने वाली बसे हॉल्ट में सवारी उतार कर अयोध्या, बाराबंकी रूट पर सीधा जा सके।

2) शारदा सहायक कैनाल कठौता बैराज- चिनहट जंक्शन के निरीक्षण के पश्चात जिलाधिकारी शारदा सहायक कैनाल कठौता बैराज एवं बैराज स्थित पम्प हाउस का भी निरीक्षण किया गया। उक्त निरीक्षण में अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग सतेंद्र नाथ, चीफ इंजीनियर नगर निगम, अधिशासी अभियंता सिंचाई खंड सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शादी समारोह से लौट रहे परिवार पर टूटा कहर, 7 की मौत

**भिंड।** भिंड जिले में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें तेज रफ्तार डंपर और पिकअप वैन के बीच टक्कर से 7 लोगों की मौत हो गई और 13 लोग घायल हो गए। हादसा देहात थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 719 पर जवाहरपुरा गांव के पास हुआ, जब कुछ लोग एक शादी समारोह से लौट रहे थे।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, घटना मंगलवार सुबह करीब 5 बजे हुई। कुछ लोग वैन में सवार थे, जबकि कुछ सड़क किनारे खड़े थे। इसी दौरान तेज रफ्तार डंपर ने बेकाबू होकर उन्हें टक्कर मार दी। हादसे में 5 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। वहीं, मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

**शादी वाले परिवार में चीत्कार-** जवाहरपुरा निवाली राकेश बंसल के बेटे की शादी थी। शादी में भात लेकर शहर के भवानीपुरा से रिश्तेदार आए थे। सुबह पांच बजे सभी लोग लोडिंग वाहन में घर जाने के लिए बैठ रहे थे। तभी इटावा की तरफ



से डंपर तेजी से आया और लोडिंग वाहन को रौंद दिया। हादसे में 45 वर्षीय गुड्डी देवी पत्नी ओमप्रकाश जाटव, 20 वर्षीय हेमलता पत्नी प्रद्युम्न जाटव, 25 वर्षीय प्रद्युम्न पुत्र काशीराम जाटव, 22 वर्षीय अरुण पुत्र वीरेंद्र कौशल और एक महिला समेत अन्य की पहचान नहीं हो पाई है।

**गुस्साए लोगों ने किया चक्का जाम-** इस भीषण हादसे के बाद स्थानीय लोगों और मृतकों के परिजनों में आक्रोश फैल गया। उन्होंने हाईवे पर चक्का जाम कर दिया और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी। मौके पर पहुंचे भिंड जिले के एसपी असित यादव और अन्य अधिकारियों ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की। हादसे के बाद डंपर चालक मौके से फरार हो गया, लेकिन पुलिस ने वाहन को कब्जे में ले लिया है। प्रशासन मामले की जांच कर रहा है और आरोपी चालक की तलाश जारी है।

**जिला कलेक्टर ने दिया मदद का आश्वासन-** मृतकों में तीन महिलाएं भी शामिल हैं, जो शादी समारोह के बाद अपने घर लौट रही थीं। इस हादसे ने पूरे परिवार को गमगीन कर दिया है। शादी की खुशियां मातम में बदल गईं और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। भिंड कलेक्टर ने कहा कि सभी घायलों को उचित इलाज दिया जा रहा है और मृतकों के परिजनों को सरकारी सहायता प्रदान की जाएगी।

## दिल्ली में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारी शुरू

### -कल रामलीला मैदान में होगा शपथ ग्रहण समारोह

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के बाद देश की राष्ट्रीय राजधानी में शपथ ग्रहण समारोह को लेकर तैयारियों का सिलसिला शुरू हो चुका है। 20 फरवरी को नए मुख्यमंत्री का शपथ समारोह रामलीला मैदान में होगा। सूत्रों के मुताबिक शपथ ग्रहण समारोह शाम 4:30 बजे की जगह अब सुबह 11 बजे होगा।

इसमें भाजपा के कई बड़े नेता शामिल होंगे। इस कार्यक्रम को भव्य बनाने की तैयारी शुरू हो चुकी है। कार्यक्रम स्थल पर अभी टेंट, कुर्सियां, साफ-सफाई का काम शुरू हो चुका है। शीर्ष अधिकारी पूरी तैयारियों का जायजा ले रहे हैं। कार्यक्रम स्थल कैसे रहेगा, इसकी रूपरेखा पहले ही निर्धारित की जा चुकी थी। दिल्ली में 27 साल बाद भाजपा जीत दर्ज करने में सफल रही है। इसे देखते हुए कार्यक्रम की शोभा और आकर्षण में किसी भी प्रकार की कमी न रह जाए, इसका पूरा खास ख्याल रखा जा रहा है।

प्राप्त जानकारी के मुताबिक, 19 फरवरी को विधायक दल की बैठक होगी। इसमें यह फैसला किया जाएगा कि किसे दिल्ली के मुख्यमंत्री पद की कमान सौंपी जाएगी। वैसे अभी इस पद को लेकर कई नामों पर चर्चा चल रही है। विधायक दल की बैठक संपन्न होने के बाद जिसे मुख्यमंत्री पद की कमान सौंपे जाने का फैसला किया जाएगा, वह शपथ लेगा। दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों पर पांच फरवरी को मतदान हुए थे। इसके बाद नतीजों की घोषणा आठ फरवरी को हुई थी। दिल्ली चुनाव में भाजपा ने 70 में से 48 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि आम आदमी पार्टी 22 सीटों पर सिमटकर रह गई थी और कांग्रेस को एक भी सीट नहीं मिली थी।

### बारात और मंडप तैयार, दूल्हे का पता नहीं : गोपाल राय

आम आदमी पार्टी ने दिल्ली में मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा नहीं करने और शपथ ग्रहण की तैयारियों के बीच भाजपा पर हमला बोला है। 'आप' के दिल्ली प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने भाजपा के मुख्यमंत्री के नाम को लेकर सवाल उठाते हुए कहा कि बारात और मंडप तैयार हैं, लेकिन भाजपा का दूल्हा कौन होगा, ये किसी को नहीं पता। गोपाल राय ने कहा, 'भाजपा मुख्यमंत्री का नाम अभी तक तय नहीं कर पाई है या फिर इसके पीछे कोई बड़ा रहस्य है, जिसे छिपाना चाहती है।' उन्होंने यह भी कहा कि आमतौर पर चुनाव में जीत के बाद पार्टी अपने विधायक दल की बैठक करती है, जिसमें नेता का चुनाव होता है और फिर वह एलजी से मिलकर सरकार बनाने का दावा पेश करता है। लेकिन, यहां भाजपा सारी तैयारियां पहले ही कर रही है, लेकिन मुख्यमंत्री कौन बनेगा, इसका कोई अता-पता नहीं है।

## बस व ट्रक की भीषण टक्कर, 5 की मौत, 30 घायल

**चंडीगढ़, (एजेंसियां)।** पंजाब के कोटकपूरा-फरीदकोट मार्ग पर मंगलवार सुबह लगभग आठ बजे एक तेज रफ्तार निजी बस और ट्रक के बीच भीषण टक्कर हो गई, जिसमें पांच लोगों की मौत हो गई और करीब 30 लोग घायल हो गए। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस रेलिंग को तोड़ते हुए गिर गई, जबकि ट्रक खेत में पलट गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अबोहर से श्री अमृतसर साहिब जा रही निजी बस कोटकपूरा से फरीदकोट की ओर रवाना हो रही थी। इसी दौरान, बस की भिड़ंत सामने से आ रहे ट्रक से हो गई। टक्कर की मुख्य वजह तेज रफ्तार मानी जा रही है।

देशबन्धु



जबलपुर, बुधवार 19 फरवरी 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## मुख्य निर्वाचन आयुक्त की जल्दबाजी में नियुक्ति

जिस प्रकार से लोकतांत्रिक मर्यादाओं तथा परम्पराओं को ताक पर रखकर, जल्दबाजी में केन्द्र सरकार ने 26वें मुख्य निर्वाचन आयुक्त (चीफ इलेक्शन कमिश्नर- सीईसी) की नियुक्ति की है उससे चुनाव सुधार की उम्मीदों पर फिर से पानी फिर गया है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार के 18 फरवरी को सेवानिवृत्त होने से पहले ही केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री कार्यालय में 17 फरवरी की शाम एक बैठक बुलाई, जिसमें प्रधानमंत्री और गृहमंत्री के अलावा नेता प्रतिपक्ष भी शामिल हुए। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने इस बैठक के लिए पहले ही आपत्ति जाहिर कर दी थी, बावजूद इसके सरकार ने उन आपत्तियों को दरकिनार करते हुए न केवल बैठक की, बल्कि सोमवार देर रात नए मुख्य निर्वाचन आयुक्त के तौर पर ज्ञानेश कुमार को नियुक्त कर दिया। इस नियुक्ति पर भी विपक्ष सवाल उठा रहा है। 1988 बैच के केरल कैडर के आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय में अपने कार्यकाल के दौरान जम्मू-कश्मीर में संविधान के अनुच्छेद 370 के कुछ प्रावधानों को निरस्त किये जाने के बाद निर्णय को लागू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी और 15 मार्च, 2024 को निर्वाचन आयुक्त के रूप में कार्यभार संभाला था। ये पहली बार है, जब मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन मुख्य चुनाव आयुक्त एवं अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और पदावधि) अधिनियम, 2023 के तहत हुआ है। इससे पहले बीते साल ज्ञानेश कुमार और सुखबीर सिंह संधू को नए क़ानून के तहत चुनाव आयुक्त चुना गया था।

निवर्तमान मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार का कार्यकाल कई किस्म के विवादों में घिरा रहा। आरोप लगे कि उनके रहते आयोग ने भाजपा की सुविधानुसार चुनावी कार्यक्रम बनाना, सिर्फ विरोधी दलों के खिलाफ कार्रवाइयां करना, भाजपा के गलत कार्यों की अनदेखी करना, आचार संहिता का प्रतिपक्ष को दबाने में इस्तेमाल करना और विरोधियों को न सुनना जैसे कार्य किए। उनके दौर में हुए लगभग हर चुनाव में गड़बड़ी की शिकायतें विपक्ष ने कीं। ईवीएम में छेड़छाड़ से लेकर मतदाता सूची की गड़बड़ी जैसे गंभीर आरोपों के सवाल उठे, मतदान खत्म होने के कुछ घंटों के बाद वोटिंग का प्रतिशत बढ़ जाना, मतगणना बीच में रुकने या धीमी होने के बाद कुछ ही मिनटों में हारती हुई भाजपा की सीटों का इतना बढ़ जाना कि वह राज्यों में सरकार बना ले आदि ऐसी घटनाएं हैं जो हमेशा संदेह के घेरे में रहेंगी। विपक्ष ने भाजपा की जेबी संस्था, चूना आयोग जैसे शब्द चुनाव आयोग के लिए किए ताकि उसके आरोपों की गंभीरता समझी जाए। लेकिन इन सबका कोई असर संभवत: सरकार पर नहीं हुआ।

लोकतंत्र के पक्ष में वे सारे लोग जो एक स्वतंत्र, मजबूत और निष्पक्ष चुनाव आयोग की उम्मीद राजीव कुमार के जाने के बाद लगाये बैठे थे, वे इसलिये मायूस हैं क्योंकि उन्हें वांछित बदलाव की अब कोई उम्मीद नहीं रह गयी है क्योंकि नये सीईसी का उसी धारा में तैरना लगभग तय माना जा रहा है। सीईसी के रूप में ज्ञानेश का कार्यकाल जनवरी, 2029 तक रहेगा। इस दौरान उनकी देखरेख में लगभग 20 विधानसभा चुनाव होंगे तथा अगली लोकसभा के लिये 2029 में होने वाली सारी भी तैयारियां वे करके जायेंगे- यदि उन्हें सेवा विस्तार नहीं मिलता तो। ऐसा तभी होगा यदि वे राजीव कुमार की बनाई लीक से हटकर काम करेंगे; जिसकी उम्मीद कम है।

केन्द्रीय निर्वाचन आयोग हमेशा भाजपा सरकार की जेब में बनी रहे, इसकी तैयारी पहले से कर ली गयी थी। 2023 में सीईसी नियुक्ति अधिनियम में संशोधन कर चयन समिति से सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश को हटा दिया। इसका उद्देश्य साफ था कि चयन प्रक्रिया में बहुमत सरकार का बना रहे। इसे लेकर विपक्ष, खासकर कांग्रेस आपत्ति जताती रही है। इसके खिलाफ शीर्ष कोर्ट में एक याचिका भी लगाई गयी है जिस सम्बन्ध में तीन सुनवाइयां हो चुकी हैं और अगली सुनवाई बुधवार 19 फरवरी को ही निर्धारित है। कहीं उच्चतम न्यायालय इस नियम को अवैध न ठहरा दे, इसलिये अदालती फैसले हेतु ठहरने की बजाये (और आशंका में) सोमवार को बैठक बुलाकर राहुल की कड़ी आपत्ति के बावजूद नया सीईसी घोषित किया गया। सरकार रुक सकती थी क्योंकि फिलहाल देश में कोई चुनाव नहीं है। केवल बिहार का होगा- वह भी इस साल के अंत में। आधी रात को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने हस्ताक्षर भी कर दिये। इसलिये राहुल ने इस प्रक्रिया को 'अपमानजनक व अशिष्ट' बतलाया है जो कि गलत नहीं है। राहुल गांधी ने अपनी आपत्ति का एक पत्र केंद्र सरकार को दिया है। वहीं कांग्रेस ने एक ट्वीट में आधी रात का तख्तापलट शीर्षक के तहत कई बिंदुओं में समझाया है कि कैसे मोदी-शाह ने मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति पर कब्जा किया है। कांग्रेस ने लिखा है कि सुप्रीम कोर्ट को दरकिनार करने से लेकर आधी रात की नियुक्ति तक, मोदी और शाह ने दिनदहाड़े सबसे बड़े चुनावी तख्तापलट को अंजाम दिया है।

यह बेहद गंभीर आरोप है जो कांग्रेस ने लगाया है, अब देखना होगा कि अदालत इस आपत्ति का संज्ञान लेती है या नहीं।

# मोदी, ट्रम्प और व्यावसायिक हित

है

शेयर बाजार में चल रही मौजूदा दौर की गिरावट में बाजार के कुछ बड़े और कुशल खिलाड़ियों को कितने का नुकसान हुआ है यह हिसाब अब आने लगा है। कई का नुकसान लगभग एक तिहाई तक का है पर कुल मिलाकर बाजार इतना नहीं गिरा है। लेकिन ऐसे शीर्ष वाले लोगों का नुकसान अगर कुछ सौ करोड़ का है तो हमारे शेयर बाजारों के सारे निवेशकों का नुकसान दसेक लाख करोड़ रुपए से अधिक का हो चुका है और उसकी चर्चा कम है। यह पैसा आम लोगों का तो है ही, उनके बैंक जमा, प्राविडेन्ट फंड, साझा कोशों और बीमा कंपनियों को चुकाए उनके प्रीमियम की रकम का है। और आम तौर पर यह धन शेयर बाजार के विशेषज्ञों के साथ ही सरकार के इशारों पर बाजार में लगता है, उसे चढ़ाता और गिराता है। इस बार का भूचाल अमेरिकी शासन के बदलाव से जुड़ा है अर्थात डोनाल्ड ट्रम्प के फिर से राष्ट्रपति बनने के बाद लिए उन फैसलों और आने वाले फैसलों की आशंका से इसका रिश्ता है जिसे वे अमेरिका को फिर से महान बनाने के अपने वायदे के हिसाब से ले रहे हैं या लेने वाले हैं। इस बीच हमारे रुपए को गोता लगाने से बचाने के लिए(फिर भी उसने अच्छी खासी गिरावट दर्ज की है) रिजर्व बैंक ने कितना दंड-प्राणायाम किया है वह अलग हिसाब है पर उसने हमारी गाढ़ी कमाई के हजारों करोड़ मूल्य के डालर बाजार में उतारे हैं। और मोदी राज की शुरुआत में पच्चीस हजार के रेट वाले सोना ने आज प्रति दस ग्राम नब्बे हजार का स्तर छूकर कितनों को रुलाया है, यह हिसाब भी आसानी से लगाया जा सकता है।

कोई उम्मीद कर सकता है कि जब हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका यात्रा की और ट्रम्प से मिले (या ऊनके पहले विदेश मंत्री जयशंकर ने अमेरिका में अड्डा डाला था) तो वे जरूर महाबली अमेरिका के इस राष्ट्रपति से अपना दुखदर्द कहेंगे और अभी तक जारी अच्छे राजनयिक संबंधों के आधार पर अपनी परेशानियों का समाधान चाहेंगे, अमेरिका-भारत संबंधों में इसके चलते खटास न आए, इसका इंतजाम करेंगे। ट्रम्प दोबारा चुनाव जीतकर कुछ ज्यादा ही आत्मविश्वास और अमर्यादित व्यवहार पर उतरे लगते है, शपथ ग्रहण करने के साथ ही उन्होंने दो सौ से ज्यादा बड़े फैसलों पर दस्तखत करके दुनिया को 'दहला' दिया था और अभी भी उनका उत्साह जारी है। इस उत्साह को दुस्साहस बताने वाले कम नहीं है क्योंकि इससे अमेरिका का लाभ/घाटा क्या होगा यह हिसाब नुकसान की तरफ जाता लगता है। कहा जाता है कि ट्रम्प इस बात से ज्यादा खुश न थे कि उनका मित्र माने



अरविन्द मोहन

**इस अमेरिकी यात्रा और इस तरह के फैसले करने कराने की तैयारी उसके पहले शुरू हो गई थी और अभी भी चल रही है। अभी भी इस्पात और अल्युमिनियम पर सीमा शुल्क पच्चीस फीसदी करने की माथापच्ची चल रही है क्योंकि ट्रम्प ऐसा चाहते हैं। ट्रम्प विश्व व्यापार संगठन के जरिए बनी वैश्विक व्यापार नियमों से खासे खफा है।**

जाने वाले मोदी ने बाइडन प्रशासन से भी अच्छा संबंध रखा और चुनाव हारने के कारण उनकी तरफ पीठ फेर लिया था। इसलिए मोदी और ट्रम्प की दोस्ती के पक्षधर इस बात को लेकर खुश हैं कि इस यात्रा में प्रधानमंत्री पुरानी गर्मजोशी हासिल करने में सफल रहे।

बातचीत, व्यवहार, राजनयिक शिष्टाचार से लेकर इस यात्रा में हुए समझौतों के आधार पर ऐसा नहीं लगता क्योंकि सारा हिसाब अमेरिका के पक्ष में झुका हुआ है। और साझा प्रेस कांफ्रेंस में ट्रम्प ने जिस तरह से मोदी जी के प्रति व्यवहार दिखाया वह सामान्य न था, बल्कि कई बार तो यह खिल्ली उड़ाने के करीब तक पहुंच गया। और मोदी जी ट्रम्प प्रशान के करीबी उद्यमी एलन मास्क से मिलने और उनके भारत से व्यावसायिक रिश्ते बनाने को लेकर जितने बेचैन रहे हैं उसमें उनका व्यवहार भी सामान्य शिष्टाचार वाला न था। वे प्रधानमंत्री से भेंट में अपनी पत्नी, बच्चों के साथ बच्चों की देखरेख करने वाली सहायिका को भी लेकर पहुंचे थे। और सामान्य निष्कर्ष यही रहा कि इस यात्रा से भारत- अमेरिकी दोस्ती में कोई कड़वाहट न आई या वैसा कुछ था तो वह खत्म हुआ लेकिन कुल मिलाकर अमेरिका लाभ की स्थिति में रहा। उसने मनमाने व्यावसायिक करार किए और भारत ने ज्यादा ना नुकर न करते हुए उन्हें स्वीकार किया। इसमें गैरजरूरी सैन्य सामग्री की खरीद का करार भी शामिल है और तेल समेत कुछ ऐसे सौदों का प्रसंग उठाना भी है जिनमें समझौता करना भारत को महंगा पड़ेगा। रूस या इराकी-कुवैती तेल हमें बहुत सस्ता और सुविधाजनक पड़ता है। जिस सवाल की चर्चा ट्रम्प-मोदी साझा प्रेस कांफ्रेंस में ज्यादा थी और जिस पर ट्रम्प ने भी मजा लिया वह हमारे उद्यमी गौतम अदानी के खिलाफ अमेरिका में चलाने वाले मामलों से जुड़ा था और जिस पर प्रधानमंत्री ने बहुत ही दार्शनिक किस्म का जवाब देकर बचते नजर आए। असल में इस दौर की वार्ता और समझौतों का बीज विषय यही लगता है और प्रधानमंत्री का वह जवाब मोदी सरकार के बचाव की मुद्रा को बताता है। बातचीत और समझौतों से पहले खबर आ गई कि अडानी के खिलाफ चल रहे मुकदमों में राष्ट्रपति दखल देकर हमारे व्यवसायी को राहत देंगे। अडानी पर गलत सूचनाएं देकर अमेरिकी निवेशकों से धोखा करने और आंध्र प्रदेश सरकार के अधिकारियों को घूस देने के मामले दर्ज हुए थे। उससे एक हाहाकार पहले मच चुका था। और जब विदेश मंत्री जयशंकर ट्रम्प के शपथ ग्रहण समारोह में भागीदारी करने गए थे तब यह हुआ कि मामला स्थानीय अदालत से उठकर फेडरल कोर्ट में आ गया था। माना जाता है कि स्थानीय अदालतें ज्यादा स्वायत्त हैं और फेडरल कोर्ट और कानून में राष्ट्रपति का दखल संभव है।

इस अमेरिकी यात्रा और इस तरह के फैसले करने कराने की तैयारी उसके पहले शुरू हो गई थी और अभी भी चल रही है। अभी भी इस्पात और अल्युमिनियम पर सीमा शुल्क पच्चीस फीसदी करने की माथापच्ची चल रही है क्योंकि ट्रम्प ऐसा चाहते हैं। ट्रम्प विश्व व्यापार संगठन के जरिए बनी वैश्विक व्यापार नियमों से खासे खफा है जबकि वाशिंगटन कंसनसेस से शुरुआत करके गैट और विश्व व्यापार संगठन बनवाने और उसकी मुश्किल शर्तें मनवाने में अमेरिका ने ही केन्द्रीय भूमिका निभाई थी। इस संगठन का सबसे बड़ा चरित्र व्यापार संबंधों को द्विपक्षीय की जगह बहुपक्षीय बनाना था और इन शर्तों को मनवाने के लिए सख्त निगरानी और दंड-पुरस्कार की व्यवस्था बनानी थी। आज ट्रम्प इस सब पर पानी फेरते हुए संरक्षणवाद और द्विपक्षीय व्यापार पर जोर दे रहे है। दुनिया इसी डर से कांप रही है क्योंकि एक अनुमान के अनुसार सब कुछ ट्रम्प के अनुसार चला तो अमेरिका की ही विश्व व्यापार में हिस्सेदारी 15 से घटकर 12 फीसदी रह जाएगी। दूसरी ओर चीन आर्थिक और व्यावसायिक मामलों में अमेरिका समेत सारे विकसित देशों के मंसूबों पर पानी फेर रहा है। अमेरिका समेत सभी देश अपने व्यवसायियों के हितों को बढ़ाते हैं, उनको संरक्षण देते हैं, पर सिर्फ एक समूह को अदालती कार्रवाई से बचाने के लिए भारत जिस तरह इस यात्रा में बेचैन दिखा है वैसा और कहीं नहीं दिखता।

## क्या बांग्लादेश की अंतरिम सरकार भारत के प्रति अपना रुख नरम करेगी?

■ नित्य चक्रवर्ती

भा

व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बैठक के नतीजे का असर बांग्लादेश की अंतरिम सरकार पर पड़ सकता है, जिसका नेतृत्व डॉ. मोहम्मद यूनुस कर रहे हैं, जो 5 अगस्त को शेख हसीना सरकार के हटने के तीन दिन बाद 8 अगस्त, 2024 से सत्ता में हैं।

बांग्लादेश में विकास की दिशा को प्रभावित करने में अमेरिकी सरकार हमेशा एक बड़ी भूमिका निभाती रही है। 2025 में भी, वैसा ही रहेगा, हालांकि प्रक्रिया समय-समय पर बदलती रहती है। संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब राष्ट्रपति ट्रंप से बांग्लादेश के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि भारतीय प्रधानमंत्री इस पर विचार कर रहे हैं और वे लंबे समय से ऐसा कर रहे हैं। ट्रंप ने प्रतिक्रिया के लिए मोदी की ओर देखा, लेकिन उन्होंने बांग्लादेश के मुद्दे को टाल दिया और रूस-यूक्रेन युद्ध पर भारत के रुख पर बात की। ट्रंप की टिप्पणी विस्तृत नहीं थी, यह थोड़ी उलझन भरी थी क्योंकि उन्होंने इस मुद्दे पर विचार करते समय 'सौ साल' कहा था। बांग्लादेश का जन्म 1971 में हुआ था, यानी सिर्फ 53 साल पहले, तो सौ साल का सवाल कहां था?

हालांकि, नरेंद्र मोदी को बांग्लादेश के साथ अपने हिसाब से रिश्ते सुधारने की योजना पर आगे बढ़ने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति से मंजूरी मिल गयी। यह भारत सरकार के लिए बड़ी राहत की बात थी, क्योंकि विदेश सचिव विक्रम मिस्री ने बाद में बताया कि बांग्लादेश पर ट्रंप की टिप्पणी से भारत को अपने पड़ोसी के साथ रिश्ते सुधारने में मदद मिलेगी। यह स्पष्ट नहीं है कि मोदी ने ट्रंप के साथ शेख हसीना के भारत से प्रत्यार्पण की यूनुस सरकार की मांग पर चर्चा की या नहीं, लेकिन संकेत मिले कि भारतीय पक्ष के पास दोनों पड़ोसियों के बीच संबंधों में मौजूदा गिरावट की जड़ में मौजूद जटिल मुद्दों से निपटने के लिए अपनी नीति बनाने के लिए पर्याप्त लचीलापन होगा।

**चीन-बांग्लादेश की राजनीति में खुले तौर पर हस्तक्षेप करने के बजाय व्यापार, खास तौर पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में अपना प्रभाव बढ़ाने में खुश है। ऐसी परिस्थितियों में बांग्लादेश के लिए सबसे अच्छा विकल्प यही है कि वह शेख हसीना के भारत से प्रत्यर्पण की मांग को तत्काल मुद्दा न मानकर भारत के साथ संवाद के द्वार खोले।**

बांग्लादेश सरकार भी व्हाइट हाउस में ट्रंप-मोदी वार्ता पर पैनी नजर रख रही थी। शिखर सम्मेलन के कुछ ही मिनटों बाद, दुबई में एक सम्मेलन में भाग लेने गये डॉ. यूनुस ने एलन मस्क से बात की और वार्ता के बारे में चर्चा की। हालांकि मस्क की सटीक प्रतिक्रिया ज्ञात नहीं है, लेकिन डॉ. यूनुस ने स्टारलिंक के मालिक को बांग्लादेश में स्टारलिंक की सेवाएं स्थापित करने का अधिकार देने की पेशकश की। एलन मस्क पहले ही भूटान में स्टारलिंक सेवाएं स्थापित कर चुके हैं और बांग्लादेश के बारे में पहले भी बातचीत हुई थी। यह जानते हुए कि मस्क एक सख्त व्यवसायी हैं, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार ने राजनीतिक मुद्दों पर बात करते हुए अपने व्यावसायिक प्रस्ताव से मस्क को प्रभावित करने की कोशिश की।

उल्लेखनीय है कि नवंबर में राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद डॉ. मोहम्मद यूनुस के दूतों ने ट्रंप से मुलाकात की कोशिश की थी, लेकिन वे सफल नहीं हुए। ट्रंप के अनुसार डॉ. यूनुस हिलेरी क्लिंटन के मित्र हैं। ट्रंप ने पहले भी उनके खिलाफ अपशब्दों का इस्तेमाल किया था। बांग्लादेश में डॉ. यूनुस का खेमा ट्रंप-मोदी वार्ता को लेकर चिंतित था। चूंकि ट्रंप से संपर्क नहीं हो पाया, इसलिए डॉ. यूनुस ने एलन मस्क से संपर्क करना शुरू कर दिया, जिन्हें वे पहले से जानते हैं। गुरुवार को टेलीफोन पर बातचीत ट्रंप शासन में दूसरे नंबर के नेता को खुश रखने की इसी प्रक्रिया का हिस्सा थी।

बांग्लादेश एक और घटनाक्रम से चिंतित है। वाशिंगटन दौरे के दौरान भारतीय प्रधानमंत्री ने पहली बार राष्ट्रीय खुफिया निदेशक (डीएनआई) तुलसी गबार्ड से मुलाकात की। गबार्ड एक प्रसिद्ध अमेरिकी हिंदू हैं और प्रधानमंत्री की करीबी मित्र हैं। वे सीआईए ऑपरेशन की भी प्रभारी हैं। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राष्ट्रपति ट्रंप से पिछले साल अगस्त में शेख हसीना को सत्ता से हटाने में 'डीप स्टेट' की भूमिका के बारे में पूछा गया। ट्रंप ने कॉन्फ्रेंस में इस बात से पूरी तरह इनकार किया क्योंकि वे किसी अन्य देश में सत्ता परिवर्तन में सीआईए जैसी अमेरिकी एजंसियों की किसी भी तरह की संलिप्तता की आधिकारिक पुष्टि नहीं कर सके। लेकिन सच्चाई यह है कि सत्ता संभालने के तुरंत बाद ही डीप स्टेट से जुड़े कुछ अधिकारियों को बाहर कर दिया गया। तुलसी गबार्ड अब सीआईए के संचालन पर आगे की निगरानी कर रही हैं ताकि इसे ट्रंप की सोच के अनुरूप नया स्वरूप दिया जा सके।

अब यह स्पष्ट है कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार भू-राजनीतिक दृष्टि से अपनी रणनीति को नये सिरे से तैयार कर सकती है, जिसमें दोनों पड़ोसियों के बीच मौजूदा तनाव की लड़ाई में भारत को अंतरिम अमेरिकी समर्थन को ध्यान में रखा जायेगा। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने पहले ही पाकिस्तान और चीन के साथ अपने संबंधों का विस्तार किया है, लेकिन सरकार ट्रंप के अधीन अमेरिकी प्रशासन को परेशान करने के बारे में नहीं सोच सकती। सरकार चटगांव के पास देश के क्षेत्रीय जल में अमेरिकी बेस की पेशकश करने जैसा कोई रास्ता निकाल सकती है, जो शेख हसीना सरकार और पेंटागन के बीच विवाद का विषय था। अगर अमेरिका इसे बांग्लादेश के साथ किसी भावी सौदे के हिस्से के रूप में चाहता है, तो यह बांग्लादेश सरकार के लिए ट्रम्प प्रशासन की प्राथमिकताओं से भारत को अलग करने के प्रयासों में से एक विकल्प हो सकता है। आखिरकार, कोई स्थायी मित्र या शत्रु नहीं होते बल्कि सिर्फ़ स्थायी हित होते हैं। इसे कट्टर कारोबारी डोनाल्ड ट्रंप से बेहतर कोई नहीं जानता।

बांग्लादेश के लिए अगला विकल्प पाकिस्तान और चीन के साथ संबंधों को और बेहतर बनाना है। लेकिन पाकिस्तान शायद अंतिम कदम न उठाये क्योंकि मौजूदा पाकिस्तानी सरकार ट्रंप-मोदी के संयुक्त बयान से नाखुश हो सकती है, खास तौर पर आतंकवाद से संबंधित बयान से। हालांकि, पाकिस्तान की मौजूदा सरकार या कोई भी दूसरी सरकार अमेरिका के खिलाफ कोई खुला रुख नहीं अपना सकती, जिसके साथ पाकिस्तान कई क्षेत्रों में जुड़ा हुआ है। चीन भी शायद ऐसी किसी धुरी में शामिल होने में दिलचस्पी न ले, अगर प्रस्तावित हो, क्योंकि चीन की मुख्य प्राथमिकता अब ट्रंप के साथ लेन-देन के आधार पर समझौता करना है। ट्रंप मानते हैं कि सिर्फ चीन और रूस ही उनके साथ बराबरी के स्तर पर बात करने की शक्ति रखते हैं। वे इसके लिए तैयार हैं।

चीन-बांग्लादेश की राजनीति में खुले तौर पर हस्तक्षेप करने के बजाय व्यापार, खास तौर पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में अपना प्रभाव बढ़ाने में खुश है। ऐसी परिस्थितियों में बांग्लादेश के लिए सबसे अच्छा विकल्प यही है कि वह शेख हसीना के भारत से प्रत्यर्पण की मांग को तत्काल मुद्दा न मानकर भारत के साथ संवाद के द्वार खोले। यदि बांग्लादेश मौजूदा सहयोगी परियोजनाओं में तेजी लाने और पिछले वर्षों में प्रस्तावित नये क्षेत्रों पर चर्चा शुरू करने जैसे शेष मुद्दों पर आगे बढ़ता है, तो द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा मिल सकता है, जिससे दोनों देशों के बीच तनाव के अभूतपूर्व स्तर को कम किया जा सकता है। अंतरिम सरकार वर्ष के अंत तक आम चुनाव कराने की अपनी योजना पर आगे बढ़ सकती है, जिसमें सभी राजनीतिक दलों की भागीदारी हो, जिसमें अवामी लीग के सदस्य भी शामिल हैं, जिनके खिलाफ कोई आपराधिक आरोप नहीं हैं।

यूनुस शासन के लिए बांग्लादेश पर ट्रंप-मोदी वार्ता के मद्देनजर भारत को खुश करने की कोई भी नयी पहल मुश्किल हो गयी है, क्योंकि नयी सरकार के समर्थक, खासकर छात्र, भारत से शेख हसीना के प्रत्यर्पण के मुद्दे पर भारत के साथ किसी भी समझौते के लिए तैयार नहीं हैं। भारत फिलहाल इस पर सहमत होने के मूड में नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी ने अमेरिकी राष्ट्रपति को भारतीय दृष्टिकोण का उल्लेख करते हुए कारण बताये होंगे। तो क्या यूनुस सरकार हसीना के प्रत्यर्पण की मांग को दरकिनार करते हुए भारत के साथ बातचीत करने की हिम्मत दिखा सकती है, जो अब हसीना विरोधी गठबंधन के लिए एक भावनात्मक मुद्दा बन गया है? मोदी की ट्रंप के साथ बातचीत के बाद, क्या अमेरिका डॉ. यूनुस पर बिना किसी पूर्व शर्त के प्रत्यर्पण मुद्दे पर भारत के साथ बातचीत के लिए सहमत होने का दबाव बनायेगा? यह एक बड़ा सवाल है।

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार का भविष्य तत्काल यहीं दांव पर लगा है। छात्र संगठन ने पहले ही यूनुस सरकार को नोटिस दे दिया है कि प्रत्यर्पण मुद्दे को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने में बहुत देरी हो चुकी है। यूनुस सरकार आधिकारिक तौर पर इस सप्ताह दिल्ली को चेतावनी के तौर पर एक और रिमाइंडर भेजने वाली है। अंतरिम सरकार के घटकों को आपस में इस नाजुक मुद्दे को सुलझाना होगा और किसी निर्णय पर पहुंचना होगा। इस पर भारत-बांग्लादेश संबंधों का अगला चरण निर्भर करता है।



## ललित सुरजन की कलम से

### असत्य का पारावार-2

*आर्थिक मंदी का दौर शुरू होने पर डेट्रायट की तीनों बड़ी कार कंपनियों ने सरकार से बेल आउट पैकेज मांगा। सीनेट कमेटी के सामने उनकी सुनवाई हुई। तीनों कंपनियों के अध्यक्ष इस गिरी अवस्था में भी अपने-अपने चार्टर विमान लेकर वाशिंगटन गए। इस पर सीनेट के सदस्यों ने उन्हें बेहद खरी-खोटी सुनाई और उम्मीद की कि वे अब शेयर धारकों के धन का बेजा इस्तेमाल करने से बचेंगे। यानी इसी तर्ज पर भारत में भी बड़ी कंपनियों द्वारा सार्वजनिक धन का निजी उपयोग में अपव्यय करने पर पाबंदी लगना चाहिए। इतना याद करना प्रासंगिक व आवश्यक है कि पहले भी हमारे यहां उद्योगपति इसी तरह से कंपनी की जमा पूंजी पर ऐश करते रहे हैं। एक दौर में तमाम कपड़े कारखाने बीमार घोषित कर दिए गए और तब इंदिरा गांधी ने साहसिक कदम उठाते हुए नेशनल टेक्सटाइल्स कंपनी का गठन कर उनका राष्ट्रीयकरण किया। निजी क्षेत्र की अन्य कंपनियों के मामले में भी इसी तरह के कदम उठाए गए। अगर आगे ये ठीक से नहीं चल सके तो वह मिलीभगत के कारण। अगर सरकार सच में चाहे तो सत्यम को इस उपाय से अभी भी बचाया जा सकता है। सत्यम के ऑडिटर प्राइस वॉटरहाऊस कूपर का भी जिक्र करना यहां लाजिमी है। इस फर्म ने सार्वजनिक पत्र जारी किया है कि उसकी ऑडिट रिपोर्ट पर एतबार ना किया जाए। यह विचित्र तर्क है। अगर इसे मान लें तो फर्म अनेकानेक सवालों के घेरे में आ जाती है। हमारी चिंता इस बिन्दु पर है कि ऐसा अनेक फर्मों को विभिन्न केन्द्रीय विभागों और विभिन्न प्रदेश सरकारों ने तगड़ी फीस देकर परामर्शदाता नियुक्त किया हुआ है। हम मांग करना चाहेंगे कि इनके द्वारा दी गई रिपोर्टों पर जो भी काम चल रहा हो उसे तत्काल रोक दिया जाए। कल इनके सुझाए रास्ते पर चलकर कोई गड़बड़ होगी तो ये अपना पल्ला झाड़ लेंगे कि हमारी रिपोर्ट पर विश्वास ना किया जाए। मुझे सबसे ज्यादा चिंता उन नौजवानों के बारे में है जो ऊंची-ऊंची डिग्रियां हासिल करते हैं और फिर सत्यम या प्राइसवॉटर हाऊस कूपर जैसी कंपनियों में आकर्षक पैकेज की नौकरी पाकर अपने जीवन को धन्य मान बैठते हैं, जबकि इस तरह की कंपनियां इन युवाओं को बेईमान बना रही हैं, पैसे का गुलाम बना रही हैं और इनके आत्मिक बल को खोखला कर रही हैं। स्वर्णमृग के पीछे भागने से कितने दुख मिलते हैं- यह नए सिरे से याद करने का अवसर है।*

https://lalitsurjan.blogspot.com/w®vw/®y/w_wv.html

## पावन प्रसंग

### प्रदूषित पर्यावरण का दुष्प्रभाव

भारतीय संस्कृति वन या अरण्य संस्कृति कहलाती है। हमारे पूर्वजों ने पृथ्वी को मातृतुल्य माना है। यही कारण है कि हमारी प्राचीन सभ्यता एवं संस्कृति ने प्रकृति के पर्यावरण एक विशालार्थी शब्द है। संस्कृत के परि धातु से बने पर्यावरण की परिभाषा कुछ इस तरह से है- परिन: आवरणम्- पर्यावरणम्। अर्थात हमारे चारों ओर छाये वातावरण को ही पर्यावरण कहते हैं। इस पर्यावरण का निर्माण इन घटकों से होता है, यथा जैविक पदार्थ. अजैविक पदार्थ व प्राकृतिक आपदाएं। समस्त पशु-पक्षियों, पेड़-पौधे, कीट-पतंगे, कीटाणु, सूक्ष्मजीव, मनुष्य जाति, खेत-खलिहान, वाटिकाएं, पर्वत नदी-नाले, समुद्र। अट्टालिकाएं, झोपड़ियां, मिट्टी, चट्टानें, पानी, हवा, अग्नि, भूकंप, दावानल, बड़वानल, ज्वालामुखी, सूखा उपग्रहों का एक दूसरे के निकट आने पर पृथ्वी पर उसका प्रभाव पड़ना आदि तत्व एवं परिस्थितियों से पर्यावरण क्रमश: निर्मित और प्रभावित होता है। वेदों ने मानव जीवन के समग्र पहलुओं पर प्रकाश डाला है- चाहे वह आध्यात्मिक विषय हो या फिर भौतिक जीवन। जब भौतिक जीवन की बात आती है तो पर्यावरण की ओर ध्यान जाना स्वाभाविक है।

वैदिककाल से ही हमारे पूर्वजों के समस्त क्रियाकलाप पर्यावरण के संरक्षण हेतु ही हुआ करते थे, जैसे यज्ञ का आयोजन, वृक्षारोपण, फूल-पत्ते, पशु-पक्षियों से स्नेहिल व्यवहार, नदियों, पर्वतों आदि का पूजन, नदी, झरने, तालाबों को स्वच्छ रखना। यह सच है कि पंचमहाभूतों-पृथ्वी, आकाश, अग्नि,जल, वायु में निहित गुण ही तो मानव जीवन की संरचना करते हैं उसका पोषण करते हैं और अंत में अपने को आत्मसात भी कर लेते हैं।

यह तो सर्वविदित है कि जो पर्यावरण हमारे जीवन का आलंबन है, आज वह दूषित हो गया है। पाश्चात्य सभ्यता जो अत्यधिक भोग में विश्वास रखती है उसने अधिक से अधिक साधनों के उत्पादन के लोभ में प्रकृति का बहुत अधिक दोहन किया है। परिणामस्वरूप अत्यधिक प्रदूषण वन विनाश, जलसंसाधन विनाश, औद्योगिकीकरण, शहरीकरण, युद्ध एवं विकिरण आदि का हमें सामना करना पड़ रहा है। पर्यावरण चक्र के उपादान हैं-पर्वत,समुद्र, नदियां, वन, पशु-पक्षी, वन्य प्राणी, वृक्षादि। यदि ये ही दूषित हो जाएं तो भला पर्यावरण कैसे शुद्ध रहेगा? कैसे स्वस्थ रहेगा मानव जीवन? हम देखते हैं कि आज शहरों के कचरे नदियों में बहा दिए जाते हैं, गंदे नालों को नदियों में छोड़ा जाता है, कारखानों के विषैले रसायनों से युक्त धोवन को नदियों में फेंका जाता है। शहरों में प्रतिदिन हजारों टन कचरा उत्पन्न होता है, पर इसका निस्तारण एक विकट समस्या बन गई है। अस्पतालों से निकला हुआ कचरा कई प्रकार की बीमारियों से युक्त होता है। जैसे सड़े-गले, कटे अंग, बेकार औषधियां, घाव पर बंधी पट्टियां, रुई, सुइयां ये सभी फेंकी हुई वस्तुएं अपने साथ कितनी भयंकर बीमारियों के कीटाणु लिए होती हैं, जिनके संपर्क में आए पशु-पक्षी उन रोगग्रस्त एवं संक्रमण कीटाणुओंको हम तक पहुंचाने के माध्यम बन जाते हैं और अनेक प्रकार की बीमारियों का कारण बनते हैं।

**अखंड ज्योति**

## आपके पत्र

### नौनिहालों के सपनों पर हावी होते कोचिंग सेंटर

कोचिंग उद्योग कई कारकों के परिणामस्वरूप विकसित हुआ है। कोचिंग की आवश्यकता उच्च-दांव वाली प्रवेश परीक्षाओं, जैसे कि जेईई और एनईईटी पर ज़ोर देने से प्रेरित है। आईआईटी सीटों की सीमित संख्या के कारण, छात्र चयनित होने की अपनी संभावनाओं को बढ़ाने के लिए कोचिंग सेंटरों में दाखिला लेते हैं। माता-पिता और छात्रों के अनुसार, प्रतिष्ठित विश्वविद्यालयों में प्रवेश पाने के लिए कोचिंग सेंटर आवश्यक हैं। क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं में उनके प्रदर्शन में सुधार होगा, इसलिए कई माता-पिता कोचिंग फीस पर बड़ी रक़म ख़र्च करते हैं। औपचारिक शिक्षा में प्रतियोगी परीक्षाओं की उन्नत तैयारी का अभाव अक्सर एक कमी छोड़ देता है जिसे कोचिंग सेंटर भर देते हैं।

राज्य बोर्ड राज्य बोर्ड और एनसीईआरटी की पाठ्यपुस्तकों के ज्ञान पर ज़ोर देते हैं, जबकि कोचिंग सेंटर प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए विशेष तैयारी प्रदान करते हैं। कोचिंग सेंटर में शामिल होने के लिए छात्रों पर साथियों और अभिभावकों के दबाव के परिणामस्वरूप कोचिंग संस्कृति तेजी से बढ़ रही है। पूरा परिवार कोटा और हैदराबाद जैसी जगहों पर कोचिंग के अवसरों के लिए जा रहा है। कोचिंग सेंटर रैंक-केंद्रित विज्ञापनों और सफलता की कहानियों के साथ छात्रों को आकर्षित करते हैं। अपने विज्ञापनों में, कोचिंग सेंटर अपने सर्वश्रेष्ठ छात्रों को प्रदर्शित करते हैं।

भारत में कोचिंग सुविधाओं की संख्या में तेज़ी से वृद्धि देखी जा रही है। ये केंद्र छात्रों को स्कूल स्तर की परीक्षाओं के साथ-साथ जेईई, नीट और यूपीएससी की तैयारी में मदद करते हैं। हालांकि, इस उद्योग की विस्फोटक वृद्धि से कई चिंताएं भी पैदा हो रही हैं। लगभग 58, 000 करोड़ के बाज़ार मूल्य के साथ, भारत का फलता-फूलता कोचिंग क्षेत्र अब पूरे देश से करोड़ों छात्रों को आकर्षित करता है। पारंपरिक शिक्षा में अंतर को पाटने के लिए, ये निजी संस्थान विशेष परीक्षा की तैयारी प्रदान करते हैं। हालांकि, चिंताएं हैं कि उनका बाज़ार-संचालित दृष्टिकोण औपचारिक शिक्षा के मानकों को गंभीर रूप से प्रभावित करता है और शैक्षणिक मांगों को बढ़ाकर छात्रों की पढ़ाई पर भारी बोझ डालता है। कोचिंग सेंटरों के विस्फोटक विकास के कारण भारत में औपचारिक शिक्षा प्रणाली और छात्रों के कल्याण सम्बंधित चिंताएं जताई गई हैं।

**-प्रियंका सौरभ**

# मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज करेंगे 187.43 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण व भूमिपूजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यरमंत्री डॉ. मोहन यादव 19 फरवरी को जबलपुर के अपने प्रस्ताडवित प्रवास के दौरान 187.43 करोड़ की लागत से जिले के 14 लोकोपयोगी कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण करेंगे। जिसमें 4.07 करोड़ की लागत से बने कुंडम के बंजर में आदिवासी सीनियर छात्रावास भवन, 1.16 करोड़ की लागत से सिहोरा में अनुविभागीय राजस्व कार्यालय भवन, 4.72 करोड़ की लागत से पनागर में जल जीवन मिशन के अंतर्गत 8 ग्रामों में नलजल योजना का निर्माण, 1.06 करोड़ की लागत से पाटन के दो ग्रामों में नलजल योजना का निर्माण, 3.09 करोड़ की लागत से बरगी के तीन ग्रामों में नलजल योजना का निर्माण, 3.32 करोड़ की लागत से सिहोरा के 6 ग्रामों में नलजल योजना का निर्माण, 12.87 करोड़ की लागत से मंझौली में जल प्रदाय, 68.09 करोड़ की लागत से सिहोरा में जल प्रदाय, 26.80 करोड़ की लागत से केंट में तीरंदाजी अकादमी का निर्माण, 1.50 करोड़ की लागत से पूर्व विधानसभा क्षेत्र में 6 आयुष्मीन आरोग्यम मंदिर मुख्य मंत्री संजीवनी क्लीनिक का निर्माण का लोकार्पण किया जायेगा।

इसी प्रकार नगर निगम क्षेत्र उमरिया में 10 करोड़ की लागत से गौशाला का निर्माण, 43 करोड़ की लागत से जबलपुर मंडला मार्ग के अंतर्गत जबलपुर में पेंटीनाका चौक पर फ्लाई ओव्हिर का निर्माण कार्य, 6.17 करोड़ की लागत से जबलपुर में 100 सीटर श्रमिक विश्राम गृह का निर्माण कार्य व 1.59 करोड़ की लागत से सुकरी में बालिका छात्रावास निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया जायेगा।

## केंद्रीय बजट पर परिचर्चा विषय पर प्रबुद्धजन सम्मेलन आज

भारतीय जनता पार्टी द्वारा केंद्रीय बजट पर परिचर्चा विषय पर आयोजित प्रबुद्धजन सम्मेलन में प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव शामिल होंगे, प्रबुद्धजन सम्मेलन को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री श्री पंकज चौधरी संबोधित करेंगे। प्रबुद्धजन सम्मेलन बुधवार 19 फरवरी को दोपहर 3.30 बजे शहीद स्मारक प्रेक्षागृह गोलबाजार में आयोजित है। भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने बताया बजट पर परिचर्चा के विषय पर प्रबुद्धजन सम्मेलन को केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी संबोधित करेंगे, साथ ही प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के साथ सभी जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे।


## राँझी में 26.80 करोड़ रुपये से बने खेल परिसर का लोकार्पणं

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने और अंतर्राष्ट्रीय मापदंडों के अनुरूप खेल सुविधाओं के विकास के लिये प्रतिबद्ध मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव बुधवार 19 फरवरी के जबलपुर के अपने प्रस्तावित प्रवास के दौरान संस्कारधानी वासियों को राँझी खेल परिसर के रूप में बड़ी सौगात देने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री राज्य शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत लगभग 26 करो? 80 लाख रुपये की लागत से बनाये गये इस खेल परिसर का लोकार्पण करेंगे।

राँझी में जबलपुर इंजीयनियरिंग कॉलेज की करीब 12.7 एक? क्षेत्र में निर्मित अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त खेल परिसर में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर की ट्रेक एंड फील्ड स्पर्धाएं आयोजित की जा सकेंगी। यहाँ 400 मीटर का आठ लेन सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक बनाया गया है। अकेले इस सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक के निर्माण पर ही 6 करो? 95 लाख रुपये खर्च किये गये हैं। सिंथेटिक एथेलेटिक ट्रेक को चेन लिंक फेंसिंग से कव्हर किया गया है और पाथ वे भी बनाया गया है। राँझी खेल परिसर में फुटबॉल की प्रतियोगिता भी आयोजित की जा सकेंगी।

खेल परिसर में 6 हजार 250 वर्ग मीटर क्षेत्र में आर्चरी एरिना भी बनाया गया है। इसमें 50 और 70 मीटर की तीरंदाजी की स्पर्धाएं हो सकेंगी। राँझी खेल परिसर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की खेल सुविधाओं के साथ-साथ खिलाड़ियों की सुविधाओं का भी विशेष ध्यान दिया गया है। खेल परिसर में 19 करो? 85 लाख रुपये की लागत से तकनीकी भवन, हॉस्टल भवन और मय दर्शक गैलरी के पवेलियन का निर्माण किया गया है।

## लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह के आज के कार्यक्रम



**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह बुधवार 19 फरवरी को शहर में विभिन्न, कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री सिंह बुधवार की दोपहर 3.30 बजे गोल बाजार स्थित शहीद स्मानरक प्रेक्षागृह में आयोजित बजट संगोष्ठीर में शामिल होंगे तथा शाम 5 बजे बिग बाजार के सामने गौरीघाट रोड स्थित गीत बिहार कॉलोनी में श्रीमद् भागवत पुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ में शामिल होंगे।

## मार्च 24 से सरस्वती घाट पुल का काम बंद, 416 वां ज्ञापन सौंपा



**जबलपुर, देशबन्धु।** नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ सुधीर अग्रवाल के अनुसारनर्मदा पंचकोशी परिक्रमा भेड़ाघाट मार्ग में पढ़ने वाले लामेटा घाट सरस्वती घाट पुल को पायलट प्रोजेक्ट की तरह जल्दी बनाया जाए सरस्वती घाट पुल की समय सीमा जून 2024 थी अब मार्च 2025 हो गई लमेटाघाट की समय सीमा भी 2025 मार्च बताते हैं जिसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री पीडी कैबिनेट मंत्री राकेश सिंह एवं क्षेत्र विधायक नीरज सिंह के नाम से दी गई। सन 2023 की कार्तिक पूर्णिमा पर निकाली गई हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा में भक्तों की विशाल भीड़ थी ज्ञात हो दोनों पुल 2017 में मुख्यमंत्री के द्वारा पास कराए गए थे जो अभी तक तैयार नहीं हुए।

समिति द्वारा 416 बार से अधिक ज्ञापन सौंपे जा चुके हैं 7 कलेक्टर 6 एसपी 5 आईजी 5 कमिश्नर को अभी तक ज्ञापन देकर अपनी बात रखी है। इस अवसर पर नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर अग्रवाल अध्यक्ष डॉक्टर शिव शंकर पटेल पंडित मनमोहन दुबे श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान मनोज गुलाबबानी मोहित तिवारी आदि उपस्थित थे।



## कृषि विश्वविद्यालय हमारा गौरवशाली संस्थानः डॉ पांडे

**जबलपुर, देशबन्धु।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के प्रमंडल की 240 वीं बैठक मंगलवार को आयोजित की गई एवं संबंधित विषय सूची पर विस्तृत चर्चा एवं कार्ययोजना बनाई गई जिसमें प्रमुख रूप से कुलगुरू डॉ पी के मिश्रा,मध्यप्रदेश शासन द्वारा नियुक्त प्रबंध मंडल सदस्य विधायक डॉ अभिलाष पांडे, रजिस्ट्रार,बोर्ड के सदस्यगण उपस्थित रहे।

बैठक में प्रमुख रूप से निर्णय लिया गया कि जवाहर लाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर की वर्ष 2022 -23 की समेकित आडिट रिपोर्ट को विधानसभा पटल पर प्रस्तुत किया जाएगा एवं विश्वविद्यालय के द्वारा एक समिति बनाकर कृषि विज्ञान केंद्रों के वैज्ञानिकों एवं तकनीकी संवर्ग को शिक्षण एवं शोध संकाय में स्थानांतरित करने पर अपना पक्ष रखेंगी तथा विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाली संपूर्ण भूमि का अवलोकन और निरीक्षण करके उसमें आय के अधिक से अधिक स्त्रोत कैसे निर्मित हों उस पर भी अपना विचार प्रस्तुत करेगी।

केवीके अर्थात कृषि विकास केंद्र के पदों को योग्यतानुसार विश्वविद्यालय में समायोजन करने हेतु निर्णय लेने के लिए समिति का गठन किया जाएगा जो इससे संबंधित विषय पर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी तथा अमृत योजना 2.0 के अंतर्गत उच्च स्तरीय टंकी के निर्माण के लिए नगर निगम को भूमि आवंटिक करने हेतु भी आगामी कार्ययोजना में निर्णय लिया जाएगा। कृषि विश्वविद्यालय में मध्यप्रदेश शासन द्वारा नियुक्त प्रबंध मंडल सदस्य विधायक डॉ अभिलाष पांडे ने कहा कि विश्वविद्यालय के उन्नयन हेतु एवं आधुनिक समय में तकनीक और शिक्षा को एक साथ जोड़कर किस प्रकार अधिक से अधिक कार्य किया जा सकता है।

# जबलपुर फिल्म सिटी से एक लाख युवाओं को मिलेगा रोजगार

## बियोंड स्टूडियो करेगा प्रदेश सरकार से तीन हजार करोड़ रुपए का अनुबंध



जबलपुर, देशबन्धु। पर्यटन में सफलता की नई उंचाई स्पर्श करने वाला मध्यप्रदेश अब निवेश के क्षेत्र में भी नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। जबलपुर में बन रही फिल्म सिटी 80 हजार से लेकर एक लाख युवाओं को रोजगार प्रदान करेगी। 24 और 25 फरवरी को भोपाल में आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में जबलपुर की बियोंड स्टूडियोज प्रदेश सरकार के साथ 3 हजार करोड़ रुपये का अनुबंध कर रहा है। यह जानकारी आज कलेक्टर कार्यालय स्थित निवेश प्रोत्साहन केंद्र में आयोजित परिचर्चा के दौरान दी गई।

परिचर्चा का आयोजन जबलपुर पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद द्वारा किया गया था। नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ राजेश धीरावाणी, फेडरेशन ऑफ मध्यप्रदेश चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के उपाध्यक्ष हिमांशु खरे, आईटीसी वेलकम होटल के संचालक राजेश जैन पिंकी जबलपुर पुरातत्व, पर्यटन और संस्कृति परिषद के सीईओ हेमंत सिंह एवं पर्यटन निगम के प्रबंधक तरुण मिश्रा मौजूद थे।

परिचर्चा में बताया गया कि एंटरटेनमेंट का नया हब बन रहे प्रदेश में कई स्थल फिल्म निर्माताओं की पसंद बन गए हैं इनमें भोपाल, चंदेरी और जबलपुर में पिछले कुछ वर्षों में कई फिल्में बनी हैं। सिर्फ जबलपुर में दो वर्ष में पचास से अधिक फिल्मों का निर्माण हुआ है। तेलगू सिनेमा जगत के निर्माताओं की जबलपुर की लोकेशंस में दिलचस्पी दिखाई है। जबलपुर पुरातत्व पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के सीईओ हेमंत सिंह ने बताया कि जबलपुर में जो प्राकृतिक आकर्षण है वह प्रदेश में कहीं नहीं दिखता। फिल्म सिटी की परिकल्पना को लेकर कार्य लंबे समय से चल रहा था जिसे बियोंड स्टूडियो ने साकार किया और इसके फाउंडर भारत भूषण ने जबलपुर में एक फिल्म की शूटिंग पूरी की। इसके बाद भारत के साथ फिल्म सिटी के निर्माण का कार्य आरंभ हुआ। उन्होंने बताया कि फिल्म उद्योग को गति देना बड़ी बात है। जिसके लिए शासन पूर्ण सहयोग कर रहा है। फिल्म सिटी बृहद परियोजना है,जिसका कार्य विदेशी निर्माताओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। श्री सिंह ने कहा कि फिल्म सिटी राज्य की आय में वृद्धि करने वाली होगी यह उद्योग स्थापित करने वालों का मार्गदर्शन करेगी। उन्होंने बताया कि फिल्म निर्माताओं का जबलपुर में विश्वास बढ़ रहा है।

परिचर्चा में वरिष्ठ चिकित्सक और जबलपुर हॉस्पिटल के संचालक डॉ राजेश धीरवानी ने कहा कि फिल्म सिटी के निर्माण से जबलपुर की ब्रांडिंग होगी। मनोरंजन के साधनों की कमी के कारण बच्चे बाहर जा रहे हैं। कुछ इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलप हो जाए तो यहां रोजगार मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि फिल्म सिटी के लिए यहां का प्राकृतिक सौंदर्य सहायक होगा और फिल्मों की शूटिंग के बाद जबलपुर का पर्यटन बढ़ेगा। डॉ धीरावाणी ने कहा कि जबलपुर कलाकारों की खान है। नगर की इन सभी प्रतिभाओं को प्लेटफॉर्म मिलेगा।

आईटीसी वेलकम होटल जबलपुर के संचालक राजेश जैन पिंकी ने पर्यटन उद्योग में निवेशकों के लिए सिंगल विंडो क्लीयरेंस सिस्टम लागू करने का सुझाव दिया।फेडरेशन ऑफ मध्य प्रदेश चैंबर्स ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के उपाध्यक्ष हिमांशु खरे ने कहा कि जबलपुर टूरिस्ट इन ट्रांजिट बनकर रह गया था अब पर्यटन विकास और फिल्म सिटी नगर को देश में नई पहचान दिलाएंगे। । नगर निगम अध्यक्ष श्री विज ने कहा कि निगम ने एशिया का सबसे बडा अर्बन फारेस्ट विकसित कर दिया है। इसका उपयोग फिल्म निर्माण में भी किया जा सकता है।

## पावर जनेरटिंग कंपनी में नवनियुक्त कार्यालय सहायकों के प्रशिक्षण का समापन



जबलपुर, देशबन्धु। मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के नवनियुक्त कार्यालय सहायकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन गत दिवस हुआ। इस अवसर मुख्य अतिथी पावर जनरेटिंग कंपनी के मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन दीपक कश्यप, अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसके जैन, अधीक्षण अभियंता प्रशिक्षण डा. अशोक कुमार तिवारी, कार्मिक अधिकारी वर्तिका गुरबानी सहित प्रशिक्षु कार्यालय सहायक उपस्थित थे।

प्रशिक्षण कार्यक्रम सेवाकाल की पूंजी-मुख्य अभियंता मानव संसाधन व प्रशासन दीपक कश्यप ने प्रशिक्षु कार्यालय सहायकों को संबोधित करते हुए कहा कि दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम उनके लिए सेवाकाल की पूंजी है। अतिरिक्त मुख्य अभियंता एसके जैन ने कहा कि दो सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम गागर में सागर की तरह है।

नवनियुक्त कार्यालय सहायकों का कर्त्तव्य बनता है कि वे इस ज्ञान का सदुपयोग करके कंपनी की प्रगति में सहायक बनें। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वासुदेव गुरव, नेहा कंधारी, डा. अशोक कुमार तिवारी, खुशबू शर्मा, वर्तिका गुरबानी, अंकित बाजपेई, गोविन्द सिंह गौर, पीएक्स क्रिसलीन, अधिवक्ता निधि पांडे, लोकेश उपाध्याय, मनीषा झारिया, संतोष सदानी आदि अनुभवी व वरिष्ठ प्रशिक्षकों द्वारा गहन प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

प्रशिक्षण को बनाया गया व्यवहारिक-अधीक्षण अभियंता प्रशिक्षण डा. अशोक कुमार तिवारी ने कहा कि प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, डायरेक्टर द्वय सुबोध निगम व मिलिन्द भान्दक्कर के निर्देशानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम को ज्यादा व्यवहारिक बनाया गया है।

# मुख्य रेल्वे स्टेशन की दीवारें पीकों से रंग दी

## पान, गुटखा की पीकों से इमारत दिख रही भद्दी



इतना गहरा रंग चढ़ा कि छुटाए नहीं छूट रहा

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य रेल्वे के प्रमुख स्टेशन जबलपुर को दिनों दिन अपडेट किया जा रहा है, इसमें रेल विभाग द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किया जा रहा है। किन्तु आने-जाने यात्रियों द्वारा गुटखा और पान की पीकों से इसकी रंगत बिगाड़ी जा रही है। स्टेशन परिसर में फैली इस गंदगी को देखते ही लोगों का मन खट्टा हो जाता है।

बताया जा रहा है कि बीते करीब दो दशकों में जबलपुर मुख्य रेल्वे स्टेशन को अपग्रेड करने के लिए रेलवे द्वारा करोड़ों रुपये खर्च किया जा चुका है। अत्याधुनिक सुविधाओं से स्टेशन और प्लेटफार्मस को सजाया और संवारा गया है। अनेक बार लोग इसकी तारीफ करते हुए थकते नहीं हैं। किन्तु इसी स्टेशन के कुछ प्लेटफार्म की सीढ़ियों और प्रवेश द्वारों के कोनों में पान गुटखा की पीकें इस प्रकार थूकी जा रही हैं कि उनके दाग देखकर लोगों का मन घिन से भर जाता है। देखा जा रहा है कि मालगोदाम की ओर से बने प्लेटफार्म नंबर- 4,5 और 6 की दीवारों पर लोग पान की पीकें इस प्रकार थूक रहे हैं मानो सार्वजनिक मूत्रालय की दीवारें हों।

विशेषकर प्लेटफार्म नंबर-6 के बाहर प्रवेश द्वार के इर्द-गिर्द पीकों से दीवारें बुरी तरह से रंग गई हैं।

पता चला है कि यदा-कदा वहां की सफाई भी की जाती है किन्तु प्लेटफार्म पर आने और जाने वाले लोग पान गुटखा चबाकर उसकी पीक उसी स्थान पर फिर थूक देते हैं जिससे उक्त दीवारें साफ सुथरी नहीं रह पाती है।

## मत्स्य पालकों के लिए शिविर 20 को

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि सह योजना के तहत मत्स्य क्षेत्र के औपचारिकी करण के लिए विकसित किये गए नेशनल फिशरीज डिजिटल प्लेटफार्म पर मत्स्य पालकों एवं मत्स्य पालन से जुड़ी संस्थाओं के पंजीयन के लिए गुरूवार 20 फरवरी को कार्यालय सहायक संचालक मत्स्योद्योग जबलपुर में शिविर का आयोजन किया जा रहा है। सहायक संचालक मत्स्योद्योग तरूणकांत पटेल ने बताया कि कार्यालयीन समयावधि में आयोजित इस शिविर में जिले के मत्स्य पालकों, मत्स्य विक्रेताओं, मछुआ समूहों एवं मछुआ सहकारी समितियों के सदस्यों का निःशुल्क पंजीयन किया जाएगा। पंजीयन के लिए मत्सोद्योग से सम्बंधित व्यापारियों को आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं आधार से लिंक मोबाईल नंबर साथ लाना अनिवार्य होगा। पोर्टल पर पंजीयन के लिए विभागीय अधिकारियों द्वारा क्षेत्र के कॉमन सर्विस सेंटर के सहयोग एवं कार्यालय में निरंतर किया जा रहा है।



## हम फ़ाउण्डेशन ने इन्द्रपुरी गोस्वामी को किया सम्मानित

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय सेवा व सांस्कृतिक संगठन हम फ़ाउण्डेशन भारत की मध्यप्रदेश कौंसिल सभा जबलपुर के गीताधाम ग्वारीघाट में आयोजित की गई जिसमें हम फ़ाउण्डेशन की विभिन्न गतिविधियों में उल्लेखनीय योगदान के फलस्वरूप इन्द्रपुरी गोस्वामी जिला अध्यक्ष जबलपुर महानगर को श्रेष्ठतम कार्यकर्ता के रूप में सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय संरक्षक डॉ विद्याधर मतेले राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. निशिकांत चौधरी , कार्यकारी अध्यक्ष डॉ शालीन ढीगरा प्रदेश अध्यक्ष प्रो. इक़बाल अली, प्रदेश उपाध्यक्ष युनिश ख़ान, प्रमेश शंकर शर्मा जी प्रांताध्यक्ष डॉ मुकुल तिवारी श्रीमती मुनमुन भट्टाचार्य ,सीपी राजपूत, अशोक सकरडे, अयोध्या प्रसाद सतनामी मानसिंह राजपूत, श्रीमति रंजना साहू श्रीमती लीलावती पाल, रॉबर्ट मार्टिन ,नेहा दीघे ,संतोष दुबे ,आशुतोष तिवारी ,राजेन्द्र उपाध्याय राजेंद्र गढ़ेवाल , बी एस ठाकुर कविता ठगेले, अनीता कनोजिया , स्नेहलता सोनी सुमन गौतम तथा देश के विभिन्न प्रांतों के पदाधिकारी व सदस्य गण उपस्थित होकर बधाइयाँ व शुभकामनाएँ प्रेषित की।

## महिला वॉलीबॉल प्रतियोगिता में यांत्रिक विभाग की टीम ने फाइनल मैच जीता



**जबलपुर, देशबन्धु।** खेलकूद अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में जबलपुर रेल मंडल में अंतर विभागीय खेलकूद प्रतियोगिता के महिला वर्ग में वॉलीबॉल की प्रथम पाली में कार्मिक एवम टीआरओ के बीच खेला गया जिसमे टीआरओ की टीम विजय हुई। महिला वर्ग में वॉलीबॉल का फाइनल मैच टीआरओ एवम यांत्रिक के बीच खेला गया जिसमे यांत्रिक की टीम विजय हुई तथा इसके साथ ही बास्केटबॉल पुरुष वर्ग की प्रतियोगिता के अंतर्गत आरपीएफ एवम यांत्रिक के बीच खेला गया जिसमे आरपीएफ की टीम विजय हुई । तथा आज के मैच के अंपायर संजीव ओझा, गुंजन, शिवम कुमावत बास्केटबॉल , अनीश सिंह, प्रकाश राय, अब्दुल हई वॉलीबॉल रहे।

इसके साथ अंतर विभागीय शतरंज प्रतियोगिता महिला वर्ग मे एस एंड टी से सोनम खरे , टीआरओ से शिवांगी शर्मा एवं ऑपरेटिंग से अनुश्री जैन विजय हुई एवं पुरुष वर्ग में वाणिज्य विभाग से दिनेश पाठक , शरद साहू , यांत्रिक विभाग से संदीप कुमार पसेरिया प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय रहे । शतरंज प्रतियोगिता मे श्री अक्षय कुमरावत, वरिष्ठ मंडल अभियंता टीआरओ उपस्थित थे। अंतर विभागीय प्रतियोगिता में वरुण चतुर्वेदी मंडल कार्मिक अधिकारी, सचिपति नंदन एपीओ कल्याण, खेलकूद सचिव सुबोध मुकुन्द गोसावी, रामदयाल सनोडिया एवं अन्य उपस्थित थे।

# दस्तक अभियान : घर-घर जाकर पांच वर्ष तक के बच्चों के स्वास्थ्य का किया जाएगा सर्वे

**जबलपुर, देशबन्धु।** जिले में पांच वर्ष की उम्र तक के बच्चों में बाल्यकालीन बीमारियों की पहचान और उनके निदान के उद्देश्य को लेकर करीब एक माह तक चलाए जाने वाले दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का आज शुभारंभ हुआ। अभियान के तहत स्वास्थ्य, आंगनबाड़ी एवं आशा कार्यकर्त्ताओं द्वारा घर-घर दस्तक देकर अभिभावकों से बच्चों को होने वाली बीमारियों के बारे में जानकारी ली जाएगी तथा गंभीर रोगों, शारीरिक व्याधियों से ग्रसित पाये गये बच्चों के उपचार के त्वरित प्रबंध किये जायेंगे।

जिले में दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का विधिवत शुभारंभ मंगलवार को रानी दुर्गावती चिकित्सालय एल्गिन में आयोजित जिलास्तरीय कार्यक्रम में क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवा डॉ संजय मिश्रा ने बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलाकर किया। इस अवसर पर क्षेत्रीय संचालक स्वास्थ्य सेवाएं डॉ संजय मिश्रा ने बताया कि दस्तक अभियान का द्वितीय चरण 18 फरवरी से 18 मार्च तक आयोजित किया का रहा है। इस अवधि में स्वास्थ्य विभाग एवं महिला बाल विकास विभाग के मैदानी कार्यकर्ताओं द्वारा 9 माह से 5 वर्ष की आयु के बच्चों का विटामिन-ए अनुपूरण, 6 माह से 5 वर्ष तक की आयु के चिन्हांकित एनीमिक बच्चों की डिजिटल हीमोग्लोबिनो मीटर द्वारा फालोअप जांच एवं प्रबंधन किया जाएगा। द्वितीय चरण में दस्तक अभियान के प्रथम चरण में चिन्हित किए गए एनीमिक बच्चों की भी डिजिटल हीमोग्लोबिनो मीटर के माध्यम से एनीमिया की जांच की जाएगी और फॉलोअप लिया जायेगा।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ विनोद गुप्ता ने बताया कि जिले के समस्त उप स्वास्थ्य केन्द्रों एवं शहरी स्वास्थ्य केंद्रों में मंगलवार एवं शुक्रवार को ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस पर बच्चों को विटामिन-ए की खुराक पिलायी जायेगी।

जिले के शहरी एवं ग्रामीण अंचल में घर-घर जाकर दस्तक अभियान को सफल बनाने के लिए स्वास्थ्य एवं महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों द्वारा जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया जा रहा है।

# जैन समाज ने वेदी प्रतिष्ठा की खुशी में कराया नगर भोज




**फुटेरा कला जैन समाज की सराहनीय पहल – पूरे देश ने दी शुभकामनाएं**

**दमोह।** फुटेरा कला में सकल तारण तरण दिगंबर जैन समाज द्वारा आयोजित तीन दिवसीय वेदी प्रतिष्ठा महोत्सव के सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन की पूरे प्रदेश सहित देश की जैन समाज में सराहना हो रही है, जिसका मुख्य कारण फुटेरा जैन समाज सहित सम्पूर्ण नगर वासियों का समर्पण सहित साधर्मी वात्सल्य है जिससे पूरे देश से पधारे हजारों जैन बंधुओं के दिल पर अमित छाप पड़ी और पूरे देश में इस धर्म नगरी फुटेरा कला का गौरव बढ़ा।

महोत्सव के मीडिया प्रमुख दीपक राज जैन ने का कहना है कि यह सफलता मिली टीम वर्क से, जिसकी जितनी सराहना की जावे कम हैं, जहां त्यागी व्रती साधकों में ब्रह्मचारी बसंत महाराज सहित सभी साधकगणकों का सानिध्य प्राप्त होकर सकल समाज ने आध्यात्म की गंगा में स्नान किया वहीं भोपाल से पधारे युवा गायक रुपेश जैन ने भक्ति की गंगा वहा कर सभी का मन जीत लिया और पूरा महोत्सव जिनशासन की मंगल प्रभावना के माध्यम से आनंद उत्सव को समर्पित हुआ जिसमें फुटेरा कला के साथ सम्पूर्ण दमोह जिले सहित पूरे देश की जैन समाज ने सम्मिलित होकर जिनशासन की मंगल प्रभावना की।

इस अवसर पर कुशल मंच संचालक युवा कवि शिक्षक भूपेंद्र जैन की सुंदर जयकारा सहित दान प्रभावना विशेष आकर्षण एवं समर्पण का केंद्र रही जिसकी सभी ने सराहना की, इतना ही नहीं फुटेरा कला महोत्सव अध्यक्ष सेठ निर्मल जैन, संयोजक अमित जैन व्या, युवा शक्ति के समर्पित कार्यकर्ता सेठ निखिल जैन की सुंदर योजनाओं सहित सभी युवाओं का समर्पण भाव ने ही इस आयोजन में चार चांद लगा दिया। महोत्सव में तारण समाज के सभी श्रेष्ठगणों सहित हजारों की संख्या गुरुभक्त फुटेरा कला पधारे और धर्म लाभ लिया।

**नगर भोज में उमड़ा जन समुदाय** – तीन दिवसीय महोत्सव की खुशी में जैन समाज द्वारा नगर भोज का आयोजन किया गया जिसमे फुटेरा कला सहित आस पास के नागरिकों ने बहुत ही श्रद्धा भाव पूर्वक महोत्सव का प्रसाद भोजन के रूप में ग्रहण किया ओर त्यागी व्रतियों के सानिध्य में मिलकर प्रभावना करने का संकल्प लेकर मंगल महोत्सव की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर 251 कन्याओं सहित बालिका आश्रम की बेटियों को विशेष रूप से भोजन कराया गया जिसकी सुंदर व्यवस्था में सकल समाज के सर्वश्री सुरेश जैन, अमित जैन, प्रेमचंद जैन, श्रीपाल जैन, नरेश सेठ, जिनेंद्र, अल्पेश, अभय, शुभ, नमन,अजय, दीपेश, अपूर्व, ऋषि, सुयष, अनुज, अंश, अरिहंत, राहुल , राजेंद्र पायरा, आशीष,यश, सजल, सानू सेठ, शोध भोजनालय से – पं. अखलेश , पं. जितेन्द्र, महेंद्र जैन, अजित, मनीष, कमलेश सेठ एंव समस्त युवा मंडल का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।

सफल आयोजन के लिए महोत्सव समिति के मीडिया प्रमुख दीपक राज जैन ने सम्माननीय मीडिया का आभार व्यक्त किया एवं समिति ने सुंदर व्यवस्था में सहयोग के समस्त जनप्रतिनिधियों के साथ जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन, मध्य प्रदेश विद्युत मंडल, नगर पंचायत के साथ सभी फुटेरा कला वासियों का आभार व्यक्त कर धन्यवाद ज्ञापित किया।

# भाकिसं का 14वां अखिल भारतीय अधिवेशन 21 से गुजरात में

**दो हजार से अधिक किसान प्रतिनिधि होंगे शामिल**

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय किसान संघ का 14वां अखिल भारतीय अधिवेशन गुजरात प्रदेश के पालनपुर में 21, 22 व 23 फरवरी को आयोजित हो रहा है। जिसमें देश भर के 600 से अधिक जिलों के भारतीय किसान संघ के जिला स्तर से लेकर प्रांत व प्रदेश स्तर के कार्यकर्ता शामिल होगें। उक्त आशय की जानकारी देते हुये भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय महामंत्री मोहिनी मोहन मिश्र ने बताया कि गुजरात के पालनपुर में देश भर से लगभग चार हजार किसान प्रतिनिधि आ रहे है। जिनकी उपस्थिति में कृषि, किसान, संगठन के रचनात्मक, संगठनात्मक, आंदोलनात्मक विषयों पर चर्चा होगी। श्री मिश्र ने बताया कि भारतीय किसान संघ के देशव्यापी सदस्यता अभियान के उपरांत ग्राम समिति से प्रांरभ निर्वाचन की प्रक्रिया, तहसील, जिला, प्रांत व प्रदेश में संपन्न हो चुकी है। देश भर से आये किसान संघ के प्रतिनिधि लोकतांत्रिक प्रकिया से अखिल भारतीय कार्यकारिणी का निर्वाचन करेंगें।

**उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि होंगे नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी**– किसान संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख राघवेन्द्र सिंह पटेल ने जानकारी देते हुए बताया कि भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय अधिवेशन के प्रथम दिन 21 फ़रवरी को उद्घाटन सत्र में नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। श्री बेरी एक अनुभवी नीति अर्थशास्त्री व अनुसंधान प्रशासक हैं तथा भारत सरकार में उनकी रैंक कैबिनेट मंत्री के बराबर है।

**महाकौशल प्रांत के 24 जिलों से शामिल होंगे किसान प्रतिनिधि**– किसान संघ के महाकौशल प्रांत के 24 जिलों के जिला स्तर से प्रांत, प्रदेश व केंद्र स्तर तक के पदाधिकारी अखिल भारतीय अधिवेशन में शामिल होंगे। जिलाध्यक्ष रामदास पटेल ने बताया कि प्रांत से अपेक्षित किसान प्रतिनिधि आज बुधवार को राजकोट एक्सप्रेस से अहमदाबाद रवाना होंगे।

**किसान संघ का निर्वाचन कार्यक्रम घोषित**– देश के सबसे बड़े किसान संगठन भारतीय किसान संघ के अखिल भारतीय अध्यक्ष, महामंत्री व कार्यकारिणी के निर्वाचन का कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। जिसके अनुसार 5 फरवरी को साधारण सभा/प्रतिनिधि सभा की अंतिम सूची का प्रकाशन किया जा चुका है। 20 फरवरी को सुबह 10 बजे से 2 बजे तक अखिल भारतीय अध्यक्ष व महामंत्री के लिये नामांकन होगा। उसी दिन 2:30 बजे से 5 बजे तक नामांकन पत्रों का निरीक्षण होगा। 21 फरवरी को 12 बजे तक नाम वापिसी तथा आवश्यकता प?ने पर 22 फरवरी को सुबह 8 बजे से 2 बजे तक मतदान होगा। उसी दिन 3 बजे निर्वाचन के परिणाम की घोषणा की जायेगी। 23 फरवरी को दोपहर 2 बजे अखिवेशन स्थल पर निर्वाचन परिणाम का अनुमोदन व प्रबंधकार्यकारिणी की घोषणा की जायेगी।

# खमरिया में शीघ्र हो डेयरी की शिफ्टिंग

**महापौर, नेता प्रतिपक्ष तथा स्वामी अखिलेश्वरानंद को दिया ज्ञापन**

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदूषण नियंत्रण मंडल की हालिया रिपोर्ट से जबलपुर तथा मध्यप्रदेश की जीवनी दायिनी नर्मदा नदी के जल में प्रदूषण बढ़ने का साफ संकेत मिला है। इसके पूर्व में 9 फरवरी को नगर निगम के जनप्रतिनिधियों ने भी गौर नदी के गोबर मिले पेयजल की सप्लाई से दूषित पानी पीकर लोग बीमार हो रहे हैं, यह शिकायत की थी। गौर, परियट तथा नर्मदा के किनारे स्थापित डेयरियों ने ऐसी गंभीर स्थिति पैदा कर दी है। अत: डेयरी स्टेट खम्हरिया में डेयरियों की शिफ्टिंग करने की बहुत ही जरूरत है। इससे जबलपुर शहर में स्थापित डेयरियों से भी नागरिकों को राहत मिलेगी तथा प्रदूषण एवं पर्यावरण की गंभीर समस्या से मुक्ति मिलेगी। यह ज्ञापन आज नगर निगम महापौर, नेता प्रतिपक्ष तथा गौसवंर्धन बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष स्वामी अखिलेश्वरानंद जी से चर्चा कर उन्हें सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि डेयरी स्टेट प्रोजेक्ट ग्राम खम्हरिया का उदघाटन होने को अब तीन वर्ष पूरे हो चुके हैं, फिर भी वहां पर डेयरियों की शिफ्टिंग नहीं की गई है। शासन ने डेयरी स्टेट परियोजना में 35 पंजीकृत भूखण्डधारियों को केवल नोटिस जारी किया है परियट क्षेत्र के डेयरी वालों को तो नोटिस तक नही भेजा गया।

### आंदोलन करेंगे

जनसंगठनों ने घोषणा की थी कि नर्मदा का प्रदूषण रोकने डेयरी स्टेट खम्हरिया में डेयरियों की शिफ्टिंग की कार्यवाही नहीं की गई तो सड़क आंदोलन किया जायेगा। बैठक में डॉ. पी.जी.नाजपांडे, रजत भार्गव, एड. वेदप्रकाश अधौलिया, टी.के. रायघटक, डी.के. सिंह, सुभाष चन्द्रा, सुशीला कनौजिया, संतोष श्रीवास्तव, हरजीवन विश्वकर्मा, एड. जी.एस. सोनकर, के.सी. सोनी, अशोक नामदेव, माया कुशवाहा, उमा दाहिया, डी.आर. लखेरा, राममिलन शर्मा आदि उपस्थित थे।

# पूर्व विधानसभा में 6 दिवसीय मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**6 दिनी शिविर का आयोजन 20 फरवरी से**

**जबलपुर ।** यह जानकारी देते हुए हर्ष हो रहा है, कि पूर्व कॅबिनेट मंत्री, विधायक लखन घनघोरिया के जन्मोत्सव पर इस वर्ष भी स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। उल्लेखनीय है, कि यह शिविर विगत 14 वर्षों से जनहित में समर्पित हैं। शिविर का आयोजन मानव सेवा के लिए पूर्व विधानसभा के क्षेत्रीय निवासियों हेतु कांग्रेस पार्टी के द्वारा किया जा रहा हैं।

विगत 14 वर्षो से इस शिविर का आयोजन हो रहा हैं। अभी तक लगभग डेढ़ लाख लोग इन शिविरों के माध्यम से स्वास्थ्य लाम ले चुके हैं। पिछले वर्ष अनुसार इस वर्ष भी 6 दिवसीय स्वास्थ्य शिविर क्रमश: निम्नलिखित हैं, दिनांक 20 फरवरी से 25 फरवरी तक शुब्बाशाह मैदान, गाजीबाग बारात घर गोहलपुर, भानतलैया स्कूल खेरमाई, बीमा हॉस्पिटल काँचघर, सिंधी धर्मशाला गोपाल होटल, पुत्रीशाला स्कूल बेलबाग, अलग-अलग दिनों एवं अलग-अलग स्थानों पर शिविर लगाने का आशय यह है, कि शिविर का लाभ अधिक से अधिक हितग्राहियों को प्राप्त हो सके, वृद्धजनों, बच्चों को शिविर तक पहुंचने में किसी भी प्रकार की परेशानियों न हो, इन शिविरों में दंत परीक्षण, स्त्री रोग, मेडिसन विभाग, रक्त संबंधी जांच, नाक कान गला रोग की जांच, ई.सी.जी. एवं दवा वितरण नेत्र परीक्षण के बाद नि:शुल्क नेत्र आपरेशन चश्मों की व्यवस्था पूर्वानुसार रहेगी, इस वर्ष भी 1 मार्च को मानव सेवा को समर्पित भावनाओं से सहायता हेतु लोकप्रिय नेता विधायक लखन घनघोरिया के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर सामुदायिक भवन रामलीला मैदान बाई का बगीचा में सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक मेगा स्वास्थ्य शिविर एवं भोज का आयोजन किया जावेगा, एवं शिविर में परीक्षण किये गये हितग्राहियों को चश्मे वितरित किये जावेंगे, पूर्व विधानसभा क्षेत्र के समस्त नागरिकों से निवेदन है, कि वे स्वास्थ्य शिविर में जाकर आपने स्वास्थ्य संबंधी जांच कराकर स्वास्थ्य शिविर का लाभ ले। पत्रकार वार्ता में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता कादिर सोनी, नगर अध्यक्ष सौरभ नॉटी शर्मा, डॉक्टर रामाकांत रावत, यतीश अग्रवाल, नगर निगम नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा, कल्लन गुप्ता, गुलाम हुसैन, शाफिक हीरा, जतिन राज, संजय साहू, आजम खान, प्रिंस सलूजा, जय घनघोरिया, विष्णु विनोदिया, यश घनघोरिया इत्यादि कांग्रेस जन पत्रकार वार्ता में मौजूद रहे ।

## दैनिक राशिफल

बुधवार 19 फरवरी 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की सप्तमी, नक्षत्र- स्वाति।

**मेष**
आर्थिक और व्यावसायिक दृष्टि से आज का दिन लाभदायक रहेगा। लंबे समय का आर्थिक आयोजन पूरा कर सकेंगे।

**वृषभ**
परिश्रम की अपेक्षा कम परिणाम मिलने पर भी आप निष्ठापूर्वक काम को आगे बढ़ाएंगे। आपके क्षेत्र की विशालता और वाणी की मधुरता अन्य लोगों को प्रभावित करेगी।

**मिथुन**
महत्वपूर्ण निर्णय लेने में कठिनाई महसूस करेंगे। घर में माता और स्त्री वर्ग के लिए आप अधिक भावनाशील बन जाएंगे। तनाव महसूस कर सकते हैं। `क-

**कर्क**
आज का दिन नए काम की शुरुआत या सफलता के लिए अच्छा रहेगा। मित्रों और स्वजनों से मिलकर आप खुशी अनुभव करेंगे। किसी यात्रा की संभावना है।

**सिंह**
परिवार के सदस्यों के साथ सुख-शांति में दिन व्यतीत होगा। उनका सहयोग मिलेगा। महिला मित्रों की विशेष मदद मिलेगी। अपनी प्रभावकारी वाणी से अन्य लोगों का ध्यान केंद्रित कर सकेंगे।

**कन्या**
अपने समृद्ध विचार और बोली से आज आपको लाभ होगा। किसी के साथ नए संबंध में जुड़ सकते हैं। आज का दिन व्यापार की दृष्टि से लाभदायक रहने की संभावना है।

**तुला**
आज के दिन ज़रा सा भी असंयमित और अनैतिक व्यवहार आपको तकलीफ में डाल सकते हैं। दुर्घटना से बचें।

**वृश्चिक**
घर परिवार के साथ आपको आनंद और संतोष की अनुभूति होगी। पत्नी और पुत्र की तरफ से अच्छे समाचार मिलेंगे। शुभ कार्य में भाग ले सकेंगे।

**धनु**
काम में सफलता का दिन है। नए काम की शुरुआत कर सकेंगे। व्यापारी अपने बिजनेस का आयोजन और विस्तार अच्छी तरह कर सकेंगे। नौकरी में उच्च पदाधिकारी आपकी पदोन्नति के लिए विचार करेंगे।

**मकर**
आप अपने व्यापार के लिए नई शैली से काम करेंगे। लेखन और साहित्य संबंधी काम को आगे बढ़ा सकते हैं। शारीरिक थकावट और भय की अनुभूति होगी।

**कुंभ**
आपके मन में नकारात्मक विचार उत्पन्न हो सकते हैं। आपके मन में क्रोध और दु:ख की भावना हो सकती है।

**मीन**
भाग्य का साथ होने के आज का दिन अच्छी तरह व्यतीत होगा। बिजनेस में भागीदारी करनी हो तो समय अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ निकटता का अनभव होगा।
म.

# छत्रपति शिवाजी जी महाराज के जन्मोत्सव पर आज विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** छत्रपति शिवाजी जी महाराज की 396 वी जन्मोत्सव के अवसर पर 19 फरवरी 2025 को क्षत्रिय मराठा समाज जबलपुर के तत्वावधान में छत्रपति शिवाजी जी महाराज प्रतिमा स्थल मदनमहल थाने के बाजू में प्रात: 9बजे से अभिषेक, पूजन आरती, माल्यार्पण, के पश्चात महाआरती कर मिष्ठान्न वितरण किया जायेगा।

छत्रपति शिवाजी महाराज उद्यान विजय नगर आर बी माल के पीछे जबलपुर दोपहर 4 बजे से में सांस्कृतिक कार्यक्रम दीपोत्सव पुष्पाजंलि के पश्चात महाप्रसाद के साथ संपन्न होगी।

सभी से सपरिवार उपस्थिति का आग्रह श्रीमती प्रतिभा भापकर पार्षद, प्रवीण सालुंके, तरूण सोनोने,शिवाजी ढवले, शोभा ताई पवार, अनिल शिंदे अभय सवडतकर, संतोष सोनोने, प्रतिभा जाधव, पिंकी, माया ताई सहित क्षत्रिय मराठा समाज जबलपुर ने किया है।

### सेवाओं के लिए किया डॉक्टर्स का सम्मान

**जबलपुर, देशबन्धु।** अखिल भारतवर्षीय दिगम्बर जैन महिला परिषद पारस समिति शाखा के तत्वावधान में पूर्णायु आयुर्वेदिक संस्थान तिलवारा में सम्मान समारोह सम्पन्न करवाया गया। कार्यक्रम में सदस्यों ने संस्थान के 14 डॉक्टर्स का सम्मान किया। इसके साथ ही उन्हें उपहार स्वरूप तुलसी के पौधे भी भेंट किए गए। इस मौके पर अध्यक्ष सीमा जैन, सचिव रीना जैन, अक्षय जैन, नम्रता जैन, मनीषा जैन, छाया मोदी, सुषमा जैन, संगीता जैन, जयश्री जैन, दीप्ति जैन, शिखा जैन, साधना, समीक्षा, श्रुति मौजूद रहीं।

# मुनमुन भट्टाचार्य को राष्ट्रीय सम्मान



**जबलपुर,देशबन्धु।** हम फाउण्डेशन भारत मध्यप्रदेश काउंसिल सभा का आयोजन जबलपुर संस्कारधानी में सम्पन्न हुआ। संगठन में श्रेष्ठतम सेवा कार्य प्रबंधन हेतु केन्द्रीय कार्यालय प्रतिनिधि श्रीमति मुनमुन भट्टाचार्य को राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया गया। संगठन के राष्ट्रीय संरक्षक डॉ. विधाधर मातेले, राष्ट्रीय अध्यक्ष एड. निशिकांत चौधरी, प्रदेश अध्यक्ष प्रो. इकबाल अली ने शाल, पगड़ी, माला एवं संगठन पट्टिका तथा सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान पत्र सत्र 2024-25 के लिए दिया गया। श्रीमति मुनमुन को मिले इस पुरस्कार से प्रदेश सहित जबलपुर जिला पदाधिकारियों सहित नगर के समस्त शाखा पदाधिकारियों ने शुभकामनाऐं प्रेषित की हैं।

# किसान मेले में 1 हजार किसान और 3 सौ छात्र - छात्राओं ने लिया भाग

**जबलपुर, देशबन्धु।** भा.कृ.अनु.प- खरपतवार अनुसंधान निदेशालय, महाराजपुर, जबलपुर द्वारा दिनांक 18 फरवरी 2025 को किसान मेला सह प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस मेले में जबलपुर संभाग के लगभग 1000 किसान भाईयों, बहनों एवं 300 छात्र छात्राओं ने भाग लिया। मेले का शुभारंभ मुख्य अतिथियों द्वारा द्वीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर डॉ. जे.एस. मिश्र, निदेशक, खरपतवार अनुसंधान निदेशालय ने अपने स्वागत संबोधन में किसान भाइयों का ध्यान खरपतवार संबंधी ज्वलंत समस्याओं की ओर आकृष्ट करते हुए बताया कि सघन कृषि, श्रमिकों की कमी खरपतवार की समस्या बढ़ रही है। खरपतवार से 10 मुख्य फसलों में लगभग 70 हजार करोड़ रूपये का वार्षिक नुकसान होता है खरपतवार प्रबंधन की तकनीक के प्रचार-प्रसार में इस मेले का महत्वपूर्ण योगदान है। खरपतवार प्रबंधन के लिए विभिन्न विधियों का एकीकृत प्रयोग आवश्यक है। जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर, जबलपुर ने बढ़ती हुई आबादी को ध्यान में रखते हुए सीमित जमीन पर ज्यादा पैदावार के लिए कृषि में नई तकनीकियों पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी है। मुख्य अतिथि श्रीमती सुमित्रा वाल्मिक, सांसद राज्यसभा, ने मेले का भ्रमण किया और प्रशंसा की उन्होंने प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाली हानियां पर चिंता जताई डॉ. ए.के. विश्वकर्मा, परियोजना समन्वयक, तिल एवं रामतिल, जे.कृ.वि.वि जबलपुर ने तिल एवं रामतिल पर अधिक पैदावार के लिए चर्चा की डॉ आर.सी. मिश्रा कुलपति महाकौशल विश्वविद्यालय जबलपुर विशिष्ट अतिथि ने कृषि के साथ-साथ व्यापारिक कौशल बढ़ाने पर जोर दिया। डॉ. के.आर. एस. संबाशिवा राव, कुलपति मंगलायतन, विश्वविद्यालय जबलपुर विशिष्ट अतिथि ने बताया कि नवीन तकनीकों का उपयोग करके खादय उत्पादन को बढ़ा सकते हैं। डॉ. अरूण कुमार जोशी, प्रबंध निदेशक, बीसा, विशिष्ट अतिथि ने बताया कि कृषि में विविधता जरूरी है डॉ. आर.के सिंह निदेशक अटारी, जबलपुर ने मृदा स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए प्राकृतिक और जैविक खेती में विविधता एवं वर्टिकल फार्मिंग पर जोर दिया। उदघाटन समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ. पी.के. सिंह ने किया।

# संगीतमय प्रस्तुति में पंचम वेद का बखान

**जबलपुर, देशबन्धु।** सुर-ताल और आलाप लगाकर कलाकारों ने पंचम वेद का बखान किया। त्रिलोक संस्था के तत्वावधान में जानकीरमण कॉलेज में पंचम वेद की संगीतमयी प्रस्तुति दी गई। यह प्रस्तुति डॉ. शिप्रा सुल्लेरे के निर्देशन में एनएसडी के आयोजित भारत रंग महोत्सव में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय नई दिल्ली द्वारा आयोजित भारत रंग महोत्सव में दी गई। कलाकारों ने विश्व जन रंग के माध्यम से पंचम वेद नाट्यशास्त्र के तत्वों से अवगत करवाया। प्रस्तुति डॉ. शिप्रा सुल्लेरे, सितार पर मुस्कान सोनी, हारमोनियम पर राजवर्धन पटेल, तबले पर मानसी सोनी मौजूद थे।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

**श्री राम नरेश उरमलिया**– आनंद कुंज गढ़ा निवासी श्री राम नरेश उरमलिया (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नितिन कोरी**– छुई मोहल्ला बेलबाग निवासी श्री कैलाश कोरी के पुत्र श्री नितिन कोरी (37) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर में किया गया।

**श्रीमती लक्ष्मी देवी रावत**– सैनिक सोसायटी शक्तिनगर निवासी श्री जीएस रावत की धर्मपत्नी श्रीमती लक्ष्मी देवी रावत (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजकुमार**– रिछाई मड़ई निवासी श्री राजकुमार (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती हीरा बाई यादव**– बागड़ी मोहल्ला सदर निवासी श्री रामचंद्र यादव की धर्मपत्नी श्रीमती हीरा बाई यादव (86) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री रेवा पटेल**– लक्ष्मी गार्डन के पास अधारताल निवासी श्री रेवा पटेल (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अन्नी लाल चौधरी**– आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री अन्नी लाल चौधरी (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्री शिव नारायण प्रजापति**– संजय नगर अधारताल निवासी श्री शिव नारायण प्रजापति (64) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**कु. दीक्षा पासी**– संजय नगर सदर निवासी श्री किशन लाल पासी की पुत्री कु. दीक्षा पासी (27) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती मेनकी पिल्ले**– मोतीराम कम्पाउंड सदर निवासी श्री दशरथ पिल्ले की धर्मपत्नी श्रीमती मेनकी पिल्ले (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री कल्लू बेन**– गली नं. 19, सदर निवासी श्री कुंदन बेन के पुत्र श्री कल्लू बेन (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती कीर्ति ठाकुर**– जूड़ी तलैया गलगला निवासी श्री सचिन ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती कीर्ति ठाकुर (34) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# ठेकेदार की हत्या के आरोप में नाबालिग सहित दो गिरफ्तार

## बिना कारण विवाद करते हुए किया था चाकू से हमला

**जबलपुर,देशबन्धु।** केंट थानान्तर्गत के सेलिब्रेशन के समीप ठेकेदारी का काम करने वाले व्यक्ति की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी थी। पुलिस ने हत्या के आरोप में एक नाबालिग सहित दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर दिया है। एक आरोपी फरार है,जिसकी सरगर्मी से तलाश है। आरोपियों ने बिना कारण विवाद करते हुए ठेकेदार पर चाकू से हमला कर दिया था। जिसके कारण उसकी मौत हो गयी थी।

केंट थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार हन्नू पटैल उम्र 45 वर्ष निवासी सगड़ा झपनी मोटर सायकल से भतीजा नंदलाल उर्फ पप्पू लोधी उम्र 35 वर्ष सदर सामान लेने आया था। हम दोनों सदर पेट्रोल पम्प के सामने



फुटपाथ के पास खड़े थे। हन्नू फोन पर बात कर रहा था और कुछ दूरी पर उसका भतीजा खड़ा था। तभी सामने शराब दुकान तरफ से तीन लड़के आ रहे थे जो नंदलाल उर्फ पप्पू से बहस करने लगे। इसके बाद चाकू निकालकर उस पर हमला कर दिया। घायल को उपचार के लिए विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया। हालत गंभीर होने के कारण उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल में रिफर किया गया था। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाकर हत्या का प्रकरण दर्ज कर अज्ञात आरोपियों के संबंध में पतासाजी प्रारंभ कर दी है। क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों से आरोपियों की पहचान हो गयी थी। पुलिस ने सरगर्मी से तलाश करते हुए आरोपी नाबालिग सहित दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। फरार एक आरोपी की तलाश में उसके संभावित ठिकानों में दबिश जारी है।

# ट्रेन की टक्कर से युवक की मौत

**जबलुपर,देशबन्धु।** सतपुला रेलवे क्रासिंग के समीप रेल पटरी में एक युवक का क्षत-विक्षत लाष मिली। ट्रेन से कटने की कारण युवक की मौत हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

घमापुर थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार सतीश झारिया उम्र 35 वर्ष निवासी पुराना कंचनपुर ने सूचना सतपुला क्रासिंग के समीप ट्रेन से कटने के कारण एक युवक की मौत हो गयी। युवक का क्षत-विक्षत शव रेल लाइन में पड़ा हुआ है। पुलिस ने सूचना मिलने पर शव को पोस्टमार्टम के लिए



भिजवा दिया। मृतक युवक की उम्र लगभग 45 साल होगी तथा अभी तक उसकी शिनाख्त नहीं हो पाई है। मृतक युवक की शिनाख्त के प्रयास जारी है। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है। मृतक युवक हादसे का शिकार हुआ या आत्महत्या की, यह उसकी शिनाख्त होने पर हुई स्पस्ष्ट हो पायेगा।

# मप्र हाईकोर्ट बार से मिले संस्कार न्यायपालिका में बनेंगे दिशा-दर्शक

## अभिनंदन समारोह में जस्टिस आशीष श्रोती ने कहा

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के नव नियुक्त जस्टिस आशीष श्रोती ने कहा कि मप्र हाईकोर्ट बार से मिले संस्कार न्यायपालिका में दिशा-दर्शक बनेंगे। वे अपने सम्मान में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जबलपुर के सिल्वर जुबली आदर्श सभागार में आयोजित अभिनंदन समारोह में कृतज्ञता ज्ञापित कर रहे थे।

इस दौरान चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत, प्रशासनिक न्यायाधीश संजीव सचदेवा, एमपी स्टेट बार काउंसिल के वाइस चेयरमैन आरके सिंह सैनी, डिप्टी सालिसिटर जनरल पुष्पेंद्र यादव, हाईकोर्ट बार अध्यक्ष धन्य कुमार जैन, सचिव परितोष त्रिवेदी, हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार अध्यक्ष वरिष्ठ अधिवक्ता संजय अग्रवाल, जिला बार अध्यक्ष मनीष मिश्रा व एडिशनल एडवोकेट जनरल हरप्रीत सिंह रूपराह मंचासीन थे। कार्यक्रम का संचालन हाईकोर्ट बार के सचिव परितोष त्रिवेदी ने किया। जबकि आभार प्रदर्शन संयुक्त सचिव योगेश सोनी ने किया।

### अधिवक्ता हितों का रखें पूरा ध्यानः सीजे

चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत ने हाईकोर्ट बार के एक सदस्य के न्यायमूर्ति की आसंदी तक पहुंचने पर बार को बधाई दी। साथ ही भरोसा दिलाया कि अधिवक्ताओं की सुविधाओं व हितों का पूरा ध्यान रखा जाएगा। पार्किंग व्यवस्था का निरीक्षण करके आया हूं। कमियां शीघ्र दूर करूंगा। नवीन हाईकोर्ट कैंपस में बार सभागार सहित बैठक व्यवस्था आदि को लेकर सभी अपेक्षित अनुमतियां प्राप्त कर ली गई हैं।

# सड़क दुर्घटना में घायल युवक की मत्यु

## अज्ञात वाहन ने मारी थी टक्कर




**जबलपुर,देशबन्धु।** पनागर थानान्तर्गत अज्ञात वाहन ने युवक को टक्कर मार थी। जिसके कारण युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। उपचार के दौरान युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने पंचनामा कार्यवाही के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया।

पनागर थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अमित उर्फ अम्मू कुमार बर्मन उम्र 35 वर्ष निवासी कुम्ही थाना मझगवां को 15 फरवरी के शाम अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। सडक दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल युवक को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती किया गया था। तीन दिन के संघर्ष के बाद युवक ने दम तोड दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरण को विवेचना में लिया है।

# चोरी की मुरम ले जाते हाईवा चालक पकड़ाया

**जबलपुर,देशबन्धु।** तिलवारा पुलिस ने ऐंठाखेड़ा से चोरी की मुरम ले जाते हुए हाईवा चालक को ग्राम घुंसौर के पास धर दबोचा। पुलिस ने हाईवा क्रमांक एमपी 20 एचबी 4540 से चोरी की मुरम बरामद की। पुलिस ने आरोपी चालक दशरथ ठाकुर उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम जोधपुर टोला तिलवारा को हिरासत में लिया है, जिसके पास से मुरम की रायल्टी नहीं पायी गई। जिस पर पुलिस ने हाईवा व मुरम जप्त करते हुए आरोपी के खिलाफ खान खनिज अधिनियम के तहत कार्यवाही की।

# कार ने बाईक सवार को कुचला

**जबलपुर,देशबन्धु।** पाटन रोड में एक तेज रफ्तार कार चालक ने बाईक सवार युवक को कुचल दिया, जिसे गंभीरावस्था में शासकीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उपचार दौरान युवक ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

पुलिस ने बताया कि ग्राम कोनीकला निवासी 51 वर्षीय चन्नू लाल चौधरी अपने बेटे व भतीजे राजा के साथ पड़रिया नुनसर में चल रहे यज्ञ पर लोहे का सामान बेचने की दुकान लगाया हुआ है।



पाटन रोड में हादसा

शाम को चन्नू लाल अपने बेटे शारदा चौधरी के साथ व दूसरी बाईक पर उसका भतीजा राजा उर्फ अजय चौधरी गांव कोनी कला जा रहे थे। शाम करीब सा? सात बजे के करीब जैसे ही वे गुरु पिपरिया और पाटन रोड के बीच पहुंचे, उसी समय सफेद रंग की कार क्रमांक एमपी 20 सीजी 8104 के चालक ने तेज गति व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए राजा उर्फ अजय की गाड़ी में टक्कर मार दी। जिसे गंभीर हालत में एम्बूलेंस से पाटन के शासकीय अस्पातल ले जाया गया, जहां एक घंटे बाद उपचार दौरान राजा उम्र 29 वर्ष ने दम तोड़ दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आवश्यक कार्यवाही करते हुए मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है।

# ई-रिक्शा की बैटरी व अन्य सामग्री गयी चोरी

**जबलपुर,देशबन्धु।** माढ़ोताल थाने में अमखेरा कुदवारी निवासी 36 वर्षीय धर्मेन्द्र गोस्वामी ने शिकायत दर्ज करायी। जिसमें उसने बताया कि वह ई-रिक्शा क्रमांक एमपी 20 जेडएल 7587 को किराये पर लेकर चलाता है। विगत 8 फरवरी को कटंगी वायपास से पाटन वायपास आते समय रिक्शा खराब हो गया, जिसे रोड किनारे खड़ा करके वह मिस्त्री को लेने गया था। करीब दो घंटे बाद वापस आया तो उसके ई-रिक्शा में लगी चार बैटरी, कंट्रोलर, हेडलाईट, मीटर एवं स्टपनी नहीं थे। कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# ट्रक चुराने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जबलपुर,देशबन्धु।** पेट्रोल पंप में खडे ट्रक की चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने ट्रक को मझौली के जंगल से बरामद किया है। तिलवारा थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार निवासी पाण्डू नगर जिला शहडोल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसने वर्ष 2017 में टाटा कम्पनी का 12 चक्का ट्रक खरीदा था। ड्रायवर ने माल खाली करने के बाद ट्रक को जोधपुर पड़ाव स्थित एवन एचपी पेट्रोल पम्प के पास खड़ा करके अपने गांव सेमरा चला गया था। सुबह जब डायवर आया तो देखा की ट्रक गायब है। क्राईम ब्रांच एवं तिलवारा पुलिस ने सी.सी.टी.व्ही. फुटेज खंगाले ट्रक को मझौली के जंगल से बरामद करते हुए संदेही आरोपी निवासी पाटन अस्पताल के पास थाना पाटन हाल निवासी आईटीआई के पास चुंगी नाका माढ़ोताल को अभिरक्षा मे लेकर सघन पूछताछ करने पर शिवा तिवारी ने ट्रक चुराना स्वीकार किया।

# होटल में आयोजित शादी समारोह से जेवर पार

## ओमती क्षेत्रांतर्गत दत्त रेजीडेंसी में वारदात

**जबलपुर,देशबन्धु।** उप्र से जबलपुर अपनी बहन की शादी में शामिल होने आई एक महिला के कीमती जेवर होटल के रूम से चोरी हो गये। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को जांच में लिया है। पुलिस को पीड़िता ने सीसीटीव्ही फुटेज की भी जानकारी दी है, जिसमें उसकी बहन का ड्राईवर व साथी अंतिम समय रूम की ओर जाते दिख रहे है, बरहाल पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रहीं है।



पुलिस ने बताया कि योगिता सिंह गहलोत उम्र 45 वर्ष निवासी बॉम्बे बेकरी के सामने खुशीपुरा नवाबाद झांसी उत्तर प्रदेश में रहती है। जिनका मायका धनपुरी शहडोल में है। विगत 7 फरवरी 2025 को वह अपनी बहन की शादी में जबलपुर आई थी। जहां दत्त रेसीडेंसी में शादी का कार्यक्रम था, वह दत्त रेसीडेंसी के रूम नंबर 410 में रुकी थी। उसी रूम में उसके भाई राजेश कश्यप एवं अभिषेक राजपूत भी रुके थे। रूम का दरवाजा खुला था। उसके ट्राली बैग में उसके कप? एवं गहने रखे थे, हल्दी का कार्यक्रम होटल के चौथे मंजिल के हाल में हो रहा था। वह सुबह लगभग 10 बजे हल्दी की रस्म में शामिल होने गयी थी। हल्दी की रस्म में शामिल होकर लगभग 2 घण्टे बाद वह अपने रूम में वापस आयी उसने अपना सूटकेस से नहाने जाने के लिये कपड़े निकाले तो उसके सोने चांदी के जेवरात हार, पायल, कान का झाला नही थे। उसने अपने पति एवं भाई को बताया। होटल के सीसीटीवी चेक करने पर उसकी बहन का ड्रायवर सोनू एवं अली उसके कमरे की तरफ आते हुए दिखे, उसे दोनों पर शक है। शिकायत पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

# मोबाइल दुकान में धावा बोलकर चोरों ने आधा दर्जन मोबाइल किये पार

**जबलपुर,देशबन्धु।** सिहोरा थाना क्षेत्र में बेखौफ चोरों ने एक दुकान की शटर उखड़कर आधा दर्जन मोबाइल चोरी कर लिए।



पुलिस ने बताया कि सत्यम चौरसिया 22 वर्ष निवासी दर्शनी सिहोरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह ग्राम दर्शनी मे हनुमान जी मंदिर के बाजू से मेन रोड़ पर स्वाती मोबाइल एण्ड कम्प्यूटर रिपेयरिंग की दुकान चलाता है उसकी दुकान मे नये मोबाइल भी रखता है बीती रात लगभग 10 बजे वह अपनी मोबाइल दुकान बंद करके घर आ गया था सुबह लगभग 6 बजे दुकान आया तो उसकी दुकान का शटर उखड़ा हुआ था अंदर जाकर देखा सामान अस्त व्यस्त था, चौक किया तो उसकी दुकान में रखे पोक्को, रेडमी नोट, सेमसंग, रियलमी कम्पनी के 6 नग मोबाइल गायब थे।कोई अज्ञात चोर रात्रि में उसकी मोबाइल दुकान का शटर उखाडक़र दुकान से 6 मोबाइल चोरी कर ले गया है।

# यूनियन कार्बाइड के जहरीले कचरे के विनष्टीकरण का ट्रायल तीन चरणों में

## सरकार की तरफ से पेश की योजना पर हाईकोर्ट ने प्रदान की सहमति

**जबलपुर,देशबन्धु।** सरकार की तरफ से हाईकोर्ट को बताया गया कि पीथमपुर स्थित सुविधा केंद्र में पहुंच गया भोपाल स्थित यूनियन कार्बाइड के कचरे को ट्रायल के तौर पर तीन चरणों में जलाया जायेगा। जिसकी रिपोर्ट केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड को को भेजी जायेगी। केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड रिपोर्ट के आधार निर्णय लेगा कि कितना और कितने अंतरात में जहरीले कचरे का विनष्टीकरण किया जाये। युगलपीठ ने ट्रायल की अनुमत्ति प्रदान करते हुए अगली सुनवाई के दौरान रिपोर्ट पेष करने के आदेष जारी किये है।

गौरतलब है कि आलोक प्रभाव सिंह द्वारा साल 2004 में दायर की गयी याचिका में कहा गया था कि भोपाल गैस त्रासदी के दौरान यूनियन कार्बाइड कंपनी से हुए जहरीले गैस रिसाव में लगभग 4 हजार से अधिक लोगों की मौत हो गयी थी। भोपाल गैस त्रासदी के बाद यूनियन कार्बाइड फैक्टरी में करीब 350 मीट्रिक टन जहरीले कचरा प?ा है। याचिका में जहरीले कचरे के विनिष्टीकरण की मांग की गयी थी। याचिकाकर्ता की मृत्यु के बाद हाईकोर्ट मामले की सुनवाई स्वतः संज्ञान लेकर कर रहा है.

पिछली सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से पेश की गयी स्टेटस रिपोर्ट में कहा गया कि 337 मीट्रिक टन जहरीले कचरे को विनष्टीकरण के लिए पीथमपुर सुविधा केंद्र में पहुंचा दिया गया है। मीडिया द्वारा भ्रामक जानकारी फैलाई जा रही है कि जहरीले कचरे को अनलोड तथा उसका विनष्टीकरण किये जाने से औद्योगिक आपदा घटित होगी। जिससे लोगों में आक्रोश व्याप्त है और वह विरोध प्रदर्शन कर रहें है। लोगों को विश्वास में लेने के लिए सरकार की तरफ से समय प्रदान करने का आग्रह किया गया था। इसके अलावा एल्युमिनी एसोसिएशन महात्मा गांधी मेमोरियल हॉस्पिटल इंदौर की तरफ से जहरीले कचरे के विनष्टीकरण पर रोक लगाने की मांग करते हुए याचिका दायर की गयी थी। विभिन्न समाजसेवी संगठनों ने इंटर विनर आवेदन भी पेश की गई था। जिसमें कहा गया था कि जहरीले कचरे को जलाने का टेस्ट साल 2015 में किया गया था। आठ साल पूर्व हुए टेस्ट रिपोर्ट के आधार पर जहरीली कचरे का विनष्टीकरण किया जा रहा है। पीथमपुर स्थित केंद्र में पहुंचे कचरे का टेस्ट कराया जाना चाहिये। उसकी रिपोर्ट को सार्वजनिक करते हुए जन समुदाय को विश्वास में लेना चाहिये।

युगलपीठ ने याचिका व इंटर विनर द्वारा उठाये गये बिन्दुओं पर सरकार को विचार करने के निर्देश देते हुए अपने आदेश में कहा था कि मीडिया भ्रामक नहीं बल्कि तथ्यात्मक खबर प्रकाशित करें। युगलपीठ ने सरकार के आग्रह को स्वीकार करते हुए दिशा-निर्देश के साथ 6 सप्ताह का समय प्रदान किया था। युगलपीठ ने अपने आदेष में कहा था कि लोगों को विश्वास में लेकर जहरीले कचरे का विनष्टीकरण किया जायेगा। याचिका पर मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान सरकार की तरफ से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने युगलपीठ को बताया कि नुक्कड सभा,नाटक सहित अन्य माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार कर लोगों को जागरूक किया गया है। उन्होने बताया कि तीनों चरण में दस-दस मीट्रिक टन कचरा जलाया जायेगा। ट्रायल के तौर पर कचरे को 27 फरवरी ,4 मार्च तथा 10 मार्च को जलाया जायेगा। पहले चरण में 135 किलो कचरा प्रति घंटे जलाया जायेगा। दूसरे चरण में 180 किलो कचरा प्रति घंटा जलाया जायेगा। तीसरे चरण में 270 किलो कचरा प्रति घंटा जलाया जायेगा। जिसकी रिपोर्ट केंद्रीय प्रदूषण बोर्ड को भेजी जायेगी। जिसके बाद बोर्ड निर्णय लेगा की कितना कचरा जलाया जाये और कितने समय अंतराल में ।युगलपीठ ने सुनवाई के बाद सरकार को ट्रायल की अनुमति प्रदान करते हुए अगली सुनवाई 27 मार्च को निर्धारित की है। याचिकाकर्ता की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ, खालिद फखरुद्दीन ,अभिनव धानोरकर तथा सरकार महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने पैरवी की।




# असिस्टेंट प्रोफेसर के पद पर नियमितिकरण की मांग पर सुनवाई 20 को

## लंबे समय से कार्यरत अतिथि विद्वानों से जुड़ा मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत की अध्यक्षता वाली युगलपीठ ने लंबे समय से कार्यरत अतिथि विद्वानों के असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में नियमितिकरण की मांग पर सुनवाई 20 फरवरी को नियत कर दी है।

अतिथि विद्वानों की ओर से अधिवक्ता रविंद्र कुमार गुप्ता पक्ष रखेंगे। उन्होंने अवगत कराया कि याचिकाकर्ता अतिथि विद्वानों के पास असिस्टेंट प्रोफेसर पद के अनुरूप आवश्यक योग्यताएं व्यापक अनुभव व शिक्षण कौशल है। वे पीएचडी डिग्री धारक भी हैं। 29 वर्ष से गेस्ट फैकल्टी बतौर निरंतर सेवा देते चले आ रहे हैं। जिस वजह से वे मप्र के शासकीय महाविद्यालयों में असिस्टेंट प्रोफेसर के रूप में नियमितिकरण के हकदार हैं। उनकी मांग को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। अधिवक्ता गुप्ता ने अवगत कराया कि 1992 से 2017 तक एमपी-पीएससी द्वारा असिस्टेंट प्रोफेसर सामान्य वर्ग के लिए कोई रिक्ति घोषित नहीं की गई थी। 2017 में हाई कोर्ट के हस्तक्षेप से पीएससी परीक्षा में शामिल होने की अनुमति मिली थी। 2017 के बाद 2023 तक एमपी-पीएससी द्वारा कोई रिक्ति घोषित नहीं की गई। बहरहाल, गेस्ट फैकल्टी लंबे अध्यापन अनुभव के आधार पर नियमितिकरण का सम्मान चाहते हैं,उन्हें समान वेतन की दरकार है। वे चाहते हैं कि असिस्टेंट प्रोफेसर पद के लिए अलग से आवेदन न करना पड़े। वे अपनी वर्तमान सेवा 65 वर्ष की आयु तक जारी रख सकें। इसी मंशा से हाईकोर्ट की शरण ली गई है। सुनवाई पश्चात् न्यायालय ने उक्त निर्देश दिये।

# स्टेट बार काउंसिल में दायर याचिका की सुनवाई पर रोक

## शहडोल जिला बार एसोसिएशन के चुनाव का मामला

**जबलपुर,देशबन्धु।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने जिला बार एसोसिएशन शहडोल के चुनाव के विरुद्ध स्टेट बार काउंसिल में दायर याचिका की सुनवाई पर रोक लगा दी है। इसी के साथ स्टेट बार काउंसिल के सचिव, चुनाव अधिकरण अपीलीय अधिकरण के अलावा अधिवक्ता चंद्र प्रताप पांडे को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया गया है।

याचिकाकर्ता शहडोल बार एसोसिएशन के निर्वाचित अध्यक्ष राकेश सिंह बघेल व अन्य पदाधिकारियों की ओर से अधिवक्ता संजय वर्मा ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि नौ जनवरी को बार एसोसिएशन के चुनाव हुए थे और 10 जनवरी को परिणाम आया था। अधिवक्ता चंद्र प्रताप पांडे ने उक्त निर्वाचन को चुनौती देते हुए स्टेट बार काउंसिल के चुनाव अधिकरण अपीलीय अधिकरण में याचिका दायर की। इसमें चुनाव में अनियमितता का आरोप लगाया गया। इस पर स्टेट बार ने नव निर्वाचित कार्यकारिणी को नोटिस जारी किया था। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता संजय वर्मा ने दलील दी कि अधिवक्ता अधिनियम 1961 के प्रविधानों के तहत स्टेट बार काउंसिल को चुनाव याचिका को सुनने का अधिकार नहीं है। हाईकोर्ट ने तर्क से सहमत होकर उक्त अंतरिम आदेश दिये।

# अतिथि शिक्षक भर्ती नियम की धारा-10-4 के क्रियान्वयन पर भी रोक

## अपने आदेश में कहा पुरानी भर्तियों पर नए नियम लागू नहीं हो सकते

**जबलपुर,देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सुरेश कुमार कैत व जस्टिस विवेक जैन की युगलपीठ ने अपने एक अहम अंतरिम आदेश के जरिए अतिथि शिक्षकों के लिए पीएचडी की अनिवार्यता पर रोक लगा दी है। यही नहीं अतिथि शिक्षक भर्ती नियम की धारा-10.4 के क्रियान्वयन पर भी रोक लगा दी है। युगलपीठ ने स्पष्ट किया है कि पुरानी भर्तियों पर नए नियम लागू नहीं हो सकते। हाईकोर्ट के इस अंतरिम आदेश से मध्यप्रदेश के महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों में कार्यरत सैकड़ों अतिथि विद्वानों को बड़ी राहत मिली है।

दरअसल, राज्य शासन ने असिस्टेंट प्रोफेसर के लिए जारी नियम अतिथि विद्वानों पर भी लागू कर दिये थे। इस रवैये को याचिका के जरिये हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। याचिकाकर्ता अतिथि विद्वान प्रियंका उपाध्याय व पुष्पा चतुर्वेदी सहित 13 की ओर से अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि मध्य प्रदेश शासन द्वारा 23 अक्टूबर 2023 को अतिथि विद्वानों की नियुक्ति के संबंध में नये दिशा-निर्देश की कंडिका के अंतर्गत जारी कर दिये थे। इसी को आधार बनाते हुए याचिकाकर्ताओं ने हाई कोर्ट में चुनौती दी है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि एक ओर तो जो अतिथि विद्वान पूर्व से कार्यरत हैं, उन्हें यथावत रखा जाएगा, किंतु फालन आउट अतिथि विद्वानों को बगैर पीएचडी के निरंतर नहीं किया जाएगा। इसीलिये वर्ष 2023 के दिशा-निर्देश की कंडिका 10.4 अवैध और भेदभावपूर्ण है, क्योंकि आवेदकों की नियुक्ति यूजीसी द्वारा सहायक अध्यापकों के पद पर नियुक्ति हेतु पीएचडी की अनिवार्यता के पहले की है इसलिए बगैर पीएचडी वाले अतिथि विद्वानों को रेगुलर न रखना न केवल उनके संवैधानिक अधिकारों के प्रति भेदभावपूर्ण है, बल्कि सर्वथा अनुचित भी है। अधिवक्ता उपाध्याय ने दलील दी कि राज्य शासन ने कंडिका 10.4 के अंतर्गत यह निर्देश दिये थे कि कोई भी अतिथि विद्वान जो कि पीएचडी डिग्री धारक नहीं है, उसे नियुक्ति नहीं दी जायेगी और जो पहले से कार्यरत है, उन्हें सिर्फ वेतन या भत्ता का पात्रता रहेगी, अन्य लाभ जैसे कि सीनियरटी, अनुभव प्रमाण पत्र, आयु सीमा में छूट नहीं दी जाएगी। राज्य शासन ने पालन आउट अतिथि विद्वानों को भी लाभ देने से मना कर दिया था। जिसका सीधा आशय यह है कि जो बीते 10 वर्षों से अतिथि विद्वान के रूप में कार्य कर रहा है, यदि उसके पास पीएचडी की उपाधि नहीं है तो आगे वह कार्य नहीं कर सकता है। इसके बाद दूसरे अतिथि विद्वान जो कि पीएचडी डिग्री वाले हैं, उन्हें नियुक्ति दी जायेगी। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि राज्य शासन का यह आदेश असंवैधानिक है, क्योंकि कोई भी नियम इस तरह एकदम से लागू नहीं किया जा सकता। जब आवेदकों की नियुक्ति हुई थी, उस समय पीएचडी की अनिवार्यता नहीं थी। नये नियमों में य पीएचडी की अनिवार्यता को लाया गया है, तो जो अतिथि विद्वान पहले से कार्य कर रहा है उस पर ये लागू नहीं होता है। इसके बावजूद राज्य शासन अधिसूचना के जरिए परेशान कर रही है। एक और जो अतिथि विद्वान अनवरत सेवा में हैए और पीएचडी होल्डर नहीं है, उनको तो यथावत रखा जा रहा है और दूसरा ओर वे जो कि सेवा से बाहर हो गये हैं नए सत्र में उन्हें अवसर न देते हुए सेवा वंचित किया जा रहा है। यह अनुभव की अवहेलना है। बहरहाल, हाई कोर्ट तर्क से सहमत होते हुए संशोधित नियम 10.4 के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी।




# नई तकनीक व उन्नत किस्म से रूबरू हो रहे किसान

## खरपतवार अनुसंधान निर्देशालय द्वारा किया गया प्रदर्शनी व मेले का आयोजन

**जबलपुर,देशबन्धु।** मंगलवार को महाराजपुर स्थित खरपतवार अनुसंधान निदेशालय में किसान मेले एवं प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जहां बड़ी संख्या में किसानों ने नई तकनीक और उन्नत किस्म की फसलों और बीजों के बारे में जानकारी ली। खरपतवार अनुसंधान निदेशालय द्वारा मेले में विभिन्न फसलों के साथ-साथ कृषि की आधुनिक तकनीक को लेकर स्टाल लगाए गए थे। जिम विभिन्न कृषि विज्ञान केंद्रों के स्टाल भी लगाए गए थे। जहां पर किसानों को नई तकनीक की जानकारी दी गई। इस दौरान किसानों के साथ-साथ छात्र-छात्राएं भी बड़ी संख्या में मेले में पहुंचे, जिन्होंने कृषि से जुड़ी जानकारियां एकत्रित की। मेले का उद्घाटन सांसद सुमित्रा बाल्मीकि और महापौर जगत बहादुर सिंह अनु के द्वारा किया गया। इस दौरान विभाग से जुड़े वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

# रेलिंग विहीन पुल पर बढ़ रही हैं दुर्घटनाएं



**बरेला, देशबन्धु।** शारदा मंदिर से मनेरी मार्ग का चौड़ीकरण हो जाने के पश्चात मनेरी, मेडी निवासियों को उम्मीद थी कि औद्योगिक क्षेत्र मनेरी के समीप झामल नदी पर स्थित पुल का भी काया पलट हो जाएगा किंतु पुल का नवीनीकरण नहीं हुआ अपितू यहां पर लंबे समय से इस पुल पर रेलिंग भी नहीं लगाई गई है इसके कारण इस रेलिंग विहीन पुल पर हर वर्ष दुर्घटनाएं होती हैं किंतु इसके बावजूद भी पी डब्लू, डी विभाग द्वारा इस पुल पर वर्षों से इस पुलपर रेलिंग लगाने की और कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

बताया जाता है कि औद्योगिक क्षेत्र के समीप मेड़ी ग्राम के पास झामल नदी पर अनेक वर्षों में इस पुल पर कई दुर्घटनाएं भी हो चुकी हैं,तथा लोगों को अपनी जान से भी हाथ धोना पड़ा है।विगत वर्ष इस पुल पर कार सवार और दोपहिया वाहन चालक भी दुर्घटना का शिकार हो चुके हैं। बारिश, ठंड के दिनों में इस पुल पर दुर्घटना होने की आशंका और भी बढ़ जाती है। रात्रि के समय इस पुल पर अंधेरा होने के कारण वाहन चालकों को यह पुल दिखाई नहीं देता है,इसके कारण दुर्घटनाएं होती रहती हैं। यहां के स्थानीय लोगों ने अनेकों बार विभाग को इस पुल पर रेलिंग लगाने के लिए आवेदन दिया है किंतु इसके बावजूद भी अभी तक इस पुल पर रेलिंग लगाने का कार्य नहीं किया जा रहा है। जिससे ऐसा प्रतीत होता है कि के विभाग को इस पुल पर रेलिंग लगाने में कोई रुचि नहीं है ।

विगत एक एक दो वर्ष पूर्व जब इस रोड का निर्माण हो रहा था तो लोगों को उम्मीद थी कि इस पुल का भी काम हो जाएगा तथा पुलिया पर रेलिंग भी लग जावेगी किंतु रोड के चौड़ीकरण होने के पश्चात उनकी यह उम्मीद भी धूमिल हो गई।झामाल नदी पर बना हुआ यह पुलदो जिलों को भी जोड़ता है यह निवास और जबलपुर के मध्य सेतु का काम करता है बारिश के दिनों में थोड़ी सी बरसात में यह पुल ऊफान मारने लगता है इसके कारण यहां परआवागमन भी अवरद्द हो जाता हैतथा ठंड के दिनों में कोहरा छाया रहता है स्थानीय ग्रामीणों रघुनंदन सेन राजेश झरिया ने इस पुल पर अविलंब रेलिंग लगाने की मांग की है ताकि कोई भी दुर्घटना ना घटे।तथा अपने गंतव्य तक सुरक्षित पहुंच सके। इस संदर्भ में पीडब्ल्यूडी के कार्यपालन यंत्री शिवेंद्र सिंह का कहना है कि इस पुल पर शीघ्र रेलिंग लगाई जाएगी।

# टायर फटने से बोलेरो व एक अन्य गाड़ी पलटी

**रीवा, देशबन्धु।** सोहागी से जहां तेज रफ्तार बोलेरो वाहन का टायर फटने से भीषण सड़क हादसा होते होते टल गया है। यहां टायर फटने से अनियंत्रित बोलेरो रॉन्ग साइड में जा घुसी, जिस दौरान बोलेरो की टक्कर लगने से दूसरा वाहन भी अनियंत्रित होकर पलट गया तो वही स्कूटी सवार भी दुर्घटना ग्रस्त वाहन की चपेट में आ गया। अचानक हुए इस हादसे में बोलेरो सहित दूसरे वाहन में सवार लोगों के साथ साथ स्कूटी सवार को चोटें आई है। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची सोहागी थाना पुलिस ने राहत बचाव कार्य करते हुए घायलों को जहां उपचार के लिए अस्पताल भेजा है तो वही दुर्घटना ग्रस्त वाहनों को क्रेन की मदद से हटाया गया। दरअसल यह हादसा रीवा प्रयागराज मार्ग स्थित सोहागी के समीप हुआ है। सुहागी थाना प्रभारी पवन शुक्ला ने बताया कि एक तेज रफ्तार बोलोरो वाहन टायर फटने से अनियंत्रित होकर रॉन्ग साइड में



जाकर दूसरी कार से जा टकराई, और इस दौरान एक स्कूटी सवार भी बोलेरो की चपेट आ गया। मौके पहुंचकर घायल हुए लोगों को फिलहाल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।



## मझगवां के बंदरूचुई में तेंदुए की मौत

**सतना, देशबन्धु।** वन्य प्रार्णियों के लिए अनुकूल और प्राकृतिक सफारी के नाम से पहचान रखने वाली मझगवां वन परिक्षेत्र में एक वयस्क तेंदुए के मौत का मामला सामने आया है। वन विभाग की टीम मृत तेंदुए का शव लेकर झुकेही के लिए रवाना हो गई है। बांधवगढ़ से आ रही डॉक्टरों की टीम द्वारा तेंदुए का पीएम किया जाएगा।

**इन सवालों का कौन दे जवाब:** बंदरचुई के टपटपा हार में संदिग्ध हालत में मिला तेंदुए का शव कई सवालों को खड़ा कर रहा है। जिनका जवाब शायद किसी के पास नहीं। अगर विभागीय सूत्रों की माने तो बदरचुई के टपटपा हार में प्रथम दृष्टया टाइगर और तेंदुए के बीच आपसी संघर्ष में तेंदुए की मौत होना होना बताया जा रहा है, साथ ही यह बात सामने आ रही है कि यह शव दो दिन पुराना भी हो सकता है। तेंदुआ का इस तरह से पुराना शव मिलना फिर आनन-फानन में पीएम के लिए झुकेही ले जाना कई तरह से सवाल को खड़ा कर रहा है।

## सार-समाचार



### आचार्यश्री विद्यासागर के प्रथम समाधि दिवस पर निकाला जुलूस

**शहपुरा भिटोनी,देशबन्धु।** नगर में यु गप्रवर्तक श्री आचार्य विद्यासागर जी महाराज के प्रथम समाधि दिवस पर जैन समाज द्वारा सुबह से पंचायती जेन मंदिर सेभिटोनी तक आचार्य श्री की पादुका पूजन जलुस निकाला गया और पंचायती मंदिर में दर्शन कर यहाँ विराजमान कर रहे है साथ ही समाजिक स्तर पर पूणयि पोषक आहार का पोषण के पेकिटो का वचचो नागरिकों को वितरित किया गया जलुस में नर नारियों वचचे शामिल हुए मंदिर जी मैं पादुका पूजन किया गया।

### शीतलपुर में चल रहे भागवत पुराण में भगवान ने कंस का वध किया

**शहपुरा भिटोनी,देशबन्धु।** निकटवर्ती ग्राम शीतल पुर में चल रहे भागवत पुराण व्यास राजेश कृष्ण जी महाराज के सानिध्य में कथा का मै वर्णन किया गया जाता है जो विशेष सारगर्भित हैशीतलपुर आश्रम कॉलोनी में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण में की कथा में किस प्रकार भगवान ने कंस का वध किया किस प्रकार बृजवासियों की रक्षा की किस प्रकार भगवान सदाशिव गोपी के रूप में भगवान के दर्शनों को आए सभी ग्रामवासी एवं नगरवासी और सभी आए हुए अतिथि बड़े दूर-दूर से सभी ने बड़े हर्ष और हुलास के साथ उत्सव मनाया जिसमें हर्षित तिवारी गुड्डा बर्मन राजाराम बर्मन आचार्य जी महेंद्र पधारे सभी अतिथि।



### माँ विंध्यवासिनी मंदिर पहुंची हनुमान जी की मूर्ति



**पनागर,देशबन्धु।** इन्द्रा चौक माँ विंध्यवासिनी मंदिर में दिनांक 16 फरवरी 2025 को रविवार के दिन हनुमानजी महाराज सर्व काल मेरेव महाराज की मूर्ति का आगवन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की मात्रा में भक्तों ने दोल नगाड़े के साथ खागत एवं पूजन किया गया। मूर्ति की स्थापना माँ विंध्यवासिनी मंदिर में नौ रात्रि में होगी। मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि यह आयोजन बहुत ही श्रद्धा और भक्ति के साथ आयोजित किया गया है। हमें उम्मीद है कि यह आयोजन भक्तों के लिए एक अद्भुत अनुभव होगा।

# गृहस्थ जीवन की सफलता का प्रमाण है सही संतान

**पनागर, देशबन्धु।** प्रताप वार्ड में चल रही शिव महापुराण कथा की चौथे दिन पंडित शुभम मिश्रा जी ने कहा कि ग्रहस्थ के जीवन का यदि कोई सफलता का प्रमाण है, तो वह है उसकी संतान। क्योंकि माता-पिता के जैसे संस्कार होंगे।

वैसे ही उनके यहां संतान जन्म लेगी। क्योंकि बच्चा सबसे ज्यादा अपने माता और पिता से ग्रहस्थ रहता है। शिव पार्वती विवाह की कथा के माध्यम से मिश्रा जी ने बताया कि सबसे अच्छे गृहस्थ यदि कोई हैं, तो भगवान शंकर।

इसीलिए उनके सारे परिवार की पूजा की जाती है। महादेव बाबा खुद तो पूजे जाते हैं, साथ ही साथ में पार्वती को भी लोग पूजते हैं। उनके पुत्र भगवान कार्तिक एवं भगवान गणेश की भी पूजा की जाती है। यहां तक कि उनके वहां नदी तक की पूजा की जाती है। नागराज की भी पूजा की जाती है।



**शिव महापुराण कथा में हुआ शिव पार्वती विवाह**

**महादेव है साद ग्रस्त**-पंडित जी ने बताया कि भक्तों महादेव बाबा साद ग्रस्त हैं। इस दौरान शिव पार्वती विवाह में अद्भुत झांकिया का दर्शन हुआ। भगवान शंकर एवं मां पार्वती का आशीर्वाद सभी भक्तों ने प्राप्त किया।

**-यह सभी रहे उपस्थित-** कथा में पेंशनर महासभा के अध्यक्ष कृष्ण कुमार गौतम, विष्णु सहाय खासकलाम, केशव कांछी, शम्मू दयाल सैनी, प्रदीप गौतम, संतोष सैनी, दिनेश उपाध्याय,नितिन गौतम,शैलेश तिवारी,उर्मिला व्यास, प्रतिभा, बबली उपाध्याय, रूबी सैनी, महिमा सैनी, लक्ष्मी रानी सोनी, अनीता, सुनीता, रेखा पटेल समेत अनेक भक्त सम्मिलित हुए। कथा 21 फरवरी तक चलेगी।



## भीटा गाँव में राम कथा

**शहपुरा भिटोनी, देश बन्धु।** भीटा गाँव में चल रहे राम कथा का पवचन श्री पंडित अनुप शास्त्री जी द्वारा किया जा रहा जहां क्षेत्र की जनता धर्म लाभ हेतु समर्पित है जहां गण मान्य नागरिकों का सहयोग प्राप्त है वहीं संत

श्री सीता राम नाम जपयज्ञ श्री राम कथा भीटा में श्री पंडित अनुप शास्त्री जी महाराज कामाद गिरी पीठ चित्रकूट धाम वाले के मुखारविंद से राम कथा सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ जिसमें पिछड़ा वर्ग जिलाध्यक्ष नेकराम पटेल पावला,, शिवचरण पटेल,, लखन पटेल,, पप्पू पटेल,, उमाशंकर विश्वकर्मा,, पुलंदर सिंह,, बलराम सिंह लोधी,, पंचम सिंह एडवोकेट,, ठाकुर विनय सिंह,, हरि सिंह,, गजराज सिंह,, तेजभान सिंह,, संतोष सिंह,, आदि लोग कथा में सम्मिलित हुए।

# प्रेमिका निकली बदमाश, अब न्याय के लिये भटक रहा प्रेमी

**रीवा देशबन्धु।** एक युवती ने इंस्टाग्राम की दोस्ती के बाद अपने ही प्रेमी को ठगी का शिकार बना डाला। इस फरेबी हसीना ने ना सिर्फ प्रेमी को प्रेम जाल में फंसा कर उससे कई बार पैसे ठगे बल्कि नकली वर्दी पहनकर बड़ी रकम वसूलने की फिराक में असली पुलिस के हत्थे चढ़ गई।



पुलिस के वर्दी में पकड़ी गई हसीना से जब पुलिस ने पूछताछ की तो उसने अपने प्रेमी का नाम भी बता दिया, लेकिन जब हकीकत सामने आई तो प्रेमी खुद ठगी का शिकार हो चुका था। दरअसल यह पूरी घटना सिविल लाइन थाना क्षेत्र में बीते 27 दिसंबर को देखने को मिली, जब सिविल लाइन पुलिस ने लाडली लक्ष्मीपथ से दो नकली महिला पुलिस को गिरफ्तार किया। पुलिस हिरासत में पकड़ी गई हसीना ने इस घटना में अपने प्रेमी को भी आरोपी बना दिया। इस घटना को लेकर प्रेमी रवि गुप्ता ने गुढ़ थाना सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय में शिकायत की है।

फरियादी के द्वारा बेवफा प्रेमिका को ट्रांसफर किए गए पैसों की डिटेल सहित कुछ फोटो एवं वीडियो भी उपलब्ध कराया है, जिससे यह पता चलता है कि प्रेमी खुद ठगी का शिकार हुआ है। जब लाडली लक्ष्मी पथ में पुलिस ने कार्यवाही की तो पुलिस की वर्दी नकली निकली। फिलहाल प्रेमिका के पकड़े जाने के बाद प्रेमी युवक खुद को बेगुनाह साबित करने के लिए पुलिस अधिकारियों के चक्कर लगा रहा है।

### महाकुंभ से रीवा लौट रहा परिवार सड़क हादसे का शिकार, महिला की मौत, तीन घायल

**रीवा देशबन्धु।** प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ से रीवा लौट रहा एक परिवार आज सड़क हादसे का शिकार हो गया है। बताया जा रहा है सड़क हादसे का शिकार हुआ यह परिवार रीवा का ही रहने वाला है, जो प्रयागराज महाकुंभ से स्नान कर रीवा लौट रहा था। फिलहाल घायलों को संजय गांधी अस्पताल लाया गया है तो वही महिला के शव का पीएम कराया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक रीवा शहर में जनता कॉलेज के समीप रहने वाला परिवार महाकुंभ में स्नान करने गया था। आज सुबह प्रयागराज से वापस लौटते समय चाकघाट के समीप उनकी कार की ट्रक से टक्कर हो गई और कार सवार एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई वहीं तीन लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

# विनय बिश्नोई की स्मृति में खेला गया फाइनल, जुनवानी को मिली विजय

**मझौली देशबन्धु।** फाइनल मुकाबला जुनवानी और भीटा खुर्द के बीच खेला गया। जनपद अध्यक्ष कप मझौली स्वर्गीय विनय बिश्नोई की स्मृति में खेला गया फाइनल मुकाबला रामबाग स्टेडियम सगोड़ी में

जिसमें जुनवानी रही विजेता विजेता टीम को 40000 और मेटल 11 किलो का कप और उप विजेता टीम को 20000 और 7 किलो मेटल का कप प्रदान किया गया। टूर्नामेंट के बीच में नारी शक्ति के द्वारा रास्ता काशी का आयोजन एकल अभियान की दीदियों द्वारा मनमोहक रहा सभी नारी शक्ति को सिहोरा ह्यस्त्रश्श्च पारुल शर्मा द्वारा सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे मझौली जनपद के अध्यक्ष



विद्या दिनेश चौरसिया पूर्व विधायक दिलीप दुबे पुष्पराज बघेल डिप्टी कलेक्टर सागर जैन मंडल अध्यक्ष बृजेश पटेल सिहोरा एसडीओपी श्रीमती पारुल शर्मा दिलीप नायक जेलर साहब सिहोरा वर्षा शिव पटेल कमलेश पटेल अनिल तिवारी अनिल यादव आकृति मैडम उदय पटेल अवधेश पटेल नीलू बाजपेई संजू शुक्ला अजय पटेल शुभम पटेल अरविंद पटेल सरपंच आशीष तिवारी राजेंद्र पटेल प्रिंस दुबे विकास परोहा हर्षित सत्यम इंद्र कुमार बर्मन श्रीलाल धर्मेंद्र इमरान धर्मेंद्र पटेल कलारी बड़े चौरसिया रितेश चौरसिया रोहित पटेल साहिल पटेल शारदा पटेल विजय पटेल और समस्त क्षेत्रवासी उपस्थित हुए सरपंच सगोड़ी दीपक साहू जी के द्वारा सभी का आभार प्रकट किया गया टूर्नामेंट को सफल बनाने के लिए सभी क्षेत्रवासियों का धन्यवाद दिया।

# कुत्तों के हमले से चीतल की मौत

**अनूपपुर, देशबन्धु।** जिले के राजेंद्रग्राम वन परिक्षेत्र के जंगल में मंगलवार की दोपहर आवारा कुत्तों के द्वारा 3 वर्ष उम्र के नर चीतल पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिससे मृत्यु हो गई।



जानकारी अनुसार राजेंद्रग्राम वन परिक्षेत्र अंतर्गत पटना बीट के जंगल में मंगलवार की दोपहर आवारा कुत्तों के द्वारा 3 वर्ष उम्र के नर चीतल पर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिससे घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

घटना की जानकारी पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम वन्यप्राणी नर चीतल के शव को अपनी अभिरक्षा में ले वन परिक्षेत्र कार्यालय परिसर राजेंद्रग्राम में पशु चिकित्सकों ने जांच की और मृत घोषित कर दिया।

इस पर परिक्षेत्र सहायक वन्यजीव संरक्षण अनूपपुर शशिधर अग्रवाल सहित वनधिकारी की उपस्थिति एवं वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर मृत चीतल के शव का पंचनामा कर शव परीक्षण कराने बाद पूरे सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। आवारा कुत्तों द्वारा बीट पटना के जंगल में यह चीतल विचरण कर रहा था के दौरान घर कर हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

# युग प्रवर्तक आचार्यश्री विद्यासागर महाराज को अश्रुपूर्ण श्रद्धांजलि


**शहपुरा, देशबन्धु।** जिनके जीवन का हर क्षण तपस्या, त्याग और साधना का प्रतीक था, जिनकी वाणी में शास्त्रों की गूंज थी, जिनकी दृष्टि में करूणा और ज्ञान का प्रकाश था, ऐसे महान तपस्वी, युगद्रष्टा आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का महाप्रयाण समस्त विश्व के लिए एक अपूर्णनीय क्षति है।17 फरवरी की वह रात, जब समस्त संसार गहरी निद्रा में था, तब जैन धर्म का एक महान दीपक अपने अंतिम प्रकाश के साथ समाधि में विलीन हो रहा था। यह वह क्षण था जब संपूर्ण जैन समाज ने एक अमूल्य रत्न खो दिया।

**संन्यास और सेवा की परम साधना**

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का जीवन त्याग, तपस्या और ज्ञान का अद्वितीय संगम था। उन्होंने अपनी साधना से न केवल स्वयं को तपाया, बल्कि लाखों श्रद्धालुओं को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। उनकी साधना, वैराग्य और आत्मशुद्धि की पराकाष्ठा का प्रमाण उनके जीवन का प्रत्येक पल था।रात्रि के 8ः30 बजे, जब पूज्य निरामयसागर जी महाराज ने अशोक भैया सांगली जी को आचार्य श्री की वैय्यावृत्त्य करने का सौभाग्य प्रदान किया, तो मन में श्रद्धा और भावनाओं का ज्वार उमड़ पड़ा। यह केवल सेवा नहीं थी, यह एक महान संत की अंतिम यात्रा में सहभागी होने का सौभाग्य था।रात्रि के 10 बजे, जब आचार्य श्री जी के कक्ष के बाहर पूज्य योगसागर जी महाराज, विनय भैया जी,ब्र अशोक भैयाजी सांगली ब्र. विपुल भैया जी, मधुर, राजा भैया (सूरत) भी उपस्थित थे, तब वातावरण अत्यंत गंभीर, भावनात्मक और दिव्य ऊर्जा से परिपूर्ण था। हर कोई मौन था, लेकिन उस मौन में भी अपार श्रद्धा और समर्पण के भाव समाहित थे।

**एक दिव्य क्षण - समाधि की ओर अग्रसर**

रात्रि के बढ़ते घंटों के साथ वातावरण में एक अद्भुत शांति थी। इसी



बीच, जब पूज्य योगसागर जी महाराज आचार्य श्री की वैय्यावृत्त्य करने के लिए उनके समीप पहुंचे, तो एक अद्भुत दृश्य देखा गया। आचार्य श्री जी ने अपनी करवट स्वयं बदली, बिना किसी सहारे के, बिना किसी बाहरी सहायता के। यह केवल शारीरिक क्रिया नहीं थी, यह उनकी आत्मशक्ति, उनके साधनाकालीन आत्मसंयम का प्रतीक था।रात्रि के 12 बजे, जब सभी मुनिराज और शिष्यों ने उनके चरणों में क्षमा याचना की, तो उन्होंने भी अपनी करुणामयी मुद्रा में हाथ जोड़कर सभी को क्षमा कर दिया। यह दृश्य भावनाओं से ओतप्रोत था। ऐसा लग रहा था जैसे उन्होंने संपूर्ण सृष्टि को क्षमा कर दिया हो और अब वे स्वयं एक नई यात्रा के लिए तत्पर थे।

**मोक्षमार्ग की अंतिम यात्रा**

रात्रि के 2ः45 बजे, जब उन्होंने अपनी अंतिम सांस ली, तब भी उनका मुखमंडल शांत, तेजस्वी और दिव्यता से परिपूर्ण था। प्रायः जब कोई व्यक्ति अंतिम समय में होता है, तो उसकी सांसें उल्टी हो जाती हैं, मुख से भारी श्वास चलती है, लेकिन आचार्य श्री जी की सांसें सहज, शांत और स्थिर रहीं। वे अपने अंतिम क्षणों तक भी णमोकार मंत्र का जाप अपनी उंगलियों से करते रहे। यह इस बात का प्रतीक था कि उनका चित्त अंत तक शुद्ध और आत्मा मोक्ष की ओर अग्रसर थी।

**युगपुरुष का अवसान - युगधर्म की प्रेरणा**

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज केवल एक संत नहीं थे, वे युगप्रवर्तक, युगदृष्टा और धर्मसंस्कृति के संवाहक थे। उनका जीवन त्याग, अहिंसा, संयम और साधना का प्रतीक था। उन्होंने लाखों लोगों को धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी और अपनी वाणी से असंख्य आत्माओं को जागृत किया।

उनकी शिक्षाएँ, उनकी साधना और उनकी विनम्रता सदैव हमारे लिए मार्गदर्शक बनी रहेंगी। उनके जाने से भले ही यह धरती एक महान संत के चरणों से वंचित हो गई हो, लेकिन उनकी स्मृतियाँ, उनके विचार और उनके सिद्धांत युगों-युगों तक अमर रहेंगे।आज, जब हम उनके विछोह में अश्रुपूर्ण नेत्रों से श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं, तो मन में केवल एक ही विचार आता है— ऐसे महान संत को हमारी विनम्र श्रद्धांजलि, उनके चरणों में बारंबार नमन।शब्द समाप्त हो सकते हैं, लेकिन उनकी स्मृतियाँ और उनकी शिक्षाएँ कभी समाप्त नहीं होंगी।

## मुझे तो छह अलग-अलग बार...एलन मस्क की 13वीं संतान पर क्या बोली उनकी बेटी

**वॉशिंगटन।** एलन मस्क की 13वीं संतान को लेकर सोशल मीडिया पर दावे के बीच उनकी बेटी का बयान भी आया है। विवियन जेना विल्सन ने कहा है कि वह इस बात से बिल्कुल भी हैरान नहीं है। छह अलग-अलग बार उन्हें अपने भाई-बहनों के बारे में पता चला है। बता दें कि इंफ्लुएंसर एश्ले सेंट क्लेयर ने दावा किया है कि वह एलन मस्क की 13वीं संतान की मां हैं। हालांकि एलन मस्क ने इसको लेकर अभी तक कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया है। वहीं, सोशल मीडिया पर इसको लेकर तरह-तरह की प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। एलन मस्क की 21 साल की बेटी जेना विल्सन ट्रांसजेंडर हैं। वह अपने पिता से अलग रहती हैं। जेना ने कहाकि उसने छह अलग-अलग घटनाओं में अपने सौतेले भाई-बहनों के बारे में जानकारी पाई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रिया जाहिर की है। जेना ने थ्रेड पर लिखा कि यह अजीब है, लेकिन यह छह अलग-अलग बार हो चुका है। एश्ले सेंट क्लेयर ने 15 फरवरी को सोशल मीडिया पर दावा किया कि उसने पांच महीने पहले एलोन मस्क के बच्चे को जन्म दिया।

### यूक्रेन को लेकर 'प्लान बी' बना रहे हैं ट्रंप?

# सऊदी अरब में रूस और अमेरिका बातचीत के क्या हैं मायने

**वाशिंगटन।** यूक्रेन में शांति स्थापित करने के लिए सऊदी अरब में रूस और अमेरिका वार्ता कर रहे हैं। हालांकि इसमें यूक्रेन की हिस्सेदारी ही नहीं है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की भी सऊदी अरब की यात्रा पर बुधवार को पहुंच रहे हैं। इसके बाद भी चर्चा की टेबल पर यूक्रेन के लिए कुर्सी नहीं लगाई गई है। इस वार्ता में यूरोप की क्या भूमिका होगी, अभी यह भी स्पष्ट नहीं हो पाया है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने यूक्रेन के मुद्दे पर पेरिस में होने वाली यूरोपीय आपातकालीन बैठक से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ फोन पर बातचीत की। राष्ट्रपति मैक्रों के कार्यालय ने इस बातचीत के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी।



मैक्रों ने यूरोपीय संघ के प्रमुख देशों और ब्रिटेन के नेताओं को 'एलिसी पैलेस' में सोमवार को बुलाया था, जिससे इस बारे में चर्चा की जा सके कि यूक्रेन पर अमेरिकी कूटनीतिक हमले पर कैसे प्रतिक्रिया दी जाए। रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को तीन साल का वक्त होने जा रहा है। पहली बार है जब कोई दो देश यूक्रेन में शांति को लेकर इस स्तर पर वार्ता कर रहे हैं। इसमें रूस भी शामिल है। इस बैठक में अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो और रूस के विदेश मंत्री सरजेई लावरोव भी शामिल हो रहे हैं।

राष्ट्रपति बनने के बाद डोनाल्ड ट्रंप ने भी इस मुद्दे पर रूस के राष्ट्रपति से फोन पर बात की थी। बताया जा रहा है कि यह बैठक डोनाल्ड ट्रंप और व्लादिमीर की मुलाकात को लेकर भूमिका बनाने के लिए है। क्रेमलिन के प्रवक्ता ने कहा कि पहले तो अमेरिका और रूस के बीच संबंधों को लेकर यह चर्चा होने जा रही है। वहीं इसमें यूक्रेन के मामले में भी दोनों राष्ट्रपतियों के मुलाकात को लेकर बात हो सकती है। वहीं जेलेंस्की का कहना है कि डोनाल्ड ट्रंप यह सब केवल पुतिन को खुश करने के लिए कर रहे हैं।

रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने सोमवार को कहा कि लगभग तीन साल पहले लड़ाई शुरू होने के बाद से अपनी केंद्रीय भूमिका का हवाला देते हुए अमेरिका यूक्रेनी संघर्ष को सुलझाने में मदद कर सकता है। क्रेमलिन ने कहा कि दोनों पक्षों द्वारा संघर्ष को समाप्त करने के लिए बातचीत करने की उम्मीद है, जो अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच बैठक का मार्ग प्रशस्त करेगी। लावरोव ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं है कि यूरोपीय लोगों को बातचीत का प्लैटफॉर्म मिलेगा, उन्होंने उन पर यूक्रेन को संघर्ष जारी रखने में सक्षम बनाने के लिए संभावित युद्धविराम का उपयोग करने की कोशिश करने का आरोप लगाया।

**डोनाल्ड ट्रंप बना रहे हैं प्लान बी**

एक तरफ जेलेंस्की का बातचीत से किनारा करना और दूसरी तरफ अमेरिका और रूस के बीच यह गर्मजोशी किसी प्लान बी की ओर इशारा कर रही है। जानकारों का कहना है कि रूस और अमेरिकी की मिलीभगत से यूक्रेन को बड़ा नुकसान हो सकता है।

डोनाल्ड ट्रंप पहले ही साफ कर चुके हैं कि वह फोकट में यूक्रेन की मदद नहीं करने वाले हैं। इसके बदले में वह यूक्रेन के खनिज भंडार पर कब्जा करना चाहते हैं। ऐसे में सऊदी अरब में होने वाली वार्ता किसी नए प्लान को लेकर भी हो सकती है।

# इजरायल की लेबनान में एयर स्ट्राइक, हमास के सैन्य अधिकारी की मौत

**यरुशलम, (आईएएनएस)।** लेबनान में इजरायली हवाई हमले में हमास के एक सैन्य अधिकारी की मौत हो गई। इजरायली सुरक्षा अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। इजरायली सेना और शिन बेट घरेलू सुरक्षा एजेंसी ने एक संयुक्त बयान में कहा कि युद्धक विमानों ने दक्षिणी लेबनान के तटीय शहर सिडोन में मोहम्मद शाहीन को निशाना बनाया और उसे खत्म कर दिया।

बयान में शाहीन को लेबनान में हमास के संचालन विभाग का प्रमुख बताया गया। बयान के मुताबिक शाहीन ने ईरान के निर्देश और फंडिंग के जरिए लेबनान से इजरायली नागरिकों के खिलाफ हमलों की योजना बनाने का आरोप लगाया। इसमें उसको लेबनान से रॉकेट हमलों के पीछे ज्ञान का महत्वपूर्ण स्रोत बताया। लेबनान स्थित हिजबुल्लाह समर्थक ब्रॉडकास्टर अल मायादीन ने बताया कि इजरायली ड्रोन हमले में सिडोन के एंट्री गेट पर एक कार को निशाना बनाया गया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो फुटेज में हाईवे पर एक वाहन में आग लगी हुई दिखाई दी, जिससे धुएं का काला बादल उठ रहा था। यह हमला इजरायल द्वारा लेबनान से अपने सैनिकों की पूर्ण वापसी की तय समय सीमा से एक दिन पहले हुआ।

इजरायल को 18 फरवरी तक अपनी सेनाओं की वापसी करनी है। युद्ध विराम समझौते के तहत इजरायल और हिजबुल्लाह के बीच 14 महीने से चल रही लड़ाई समाप्त हो गई है। 18 फरवरी की समयसीमा तब तय की गई थी जब इजरायल और लेबनान ने जनवरी के आखिर में तय की गई मूल समयसीमा को स्थगित करने पर सहमति जताई थी। हालांकि, इजरायल नई समयसीमा के बाद भी दक्षिणी लेबनान में पांच स्थानों पर सैनिकों को बनाए रखने पर जोर दे रहा है।

## आज का इतिहास

1630 – शिवाजी का जन्म जुन्नेर में हुआ।
1674 – ब्रिटिश फ़ौजें डच युद्ध से हट गईं।
1719 – मुग़ल शासक फर्रुख सियर की हत्या।
1807 – तुर्की के साथ युद्ध में रूस को मदद देने ब्रिटिश सैनिक पहुँचे।
1891 – अमृत बाज़ार पत्रिका का प्रकाशन दैनिक के रूप में हुआ।
1895 – हिन्दी के जाने माने प्रकाशक मुंशी नवलकिशोर का निधन हुआ।
1915 – गोपाल कृष्ण गोखले का निधन।
1942 – द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान उत्तरी ऑस्ट्रेलियाई शहर डार्विन पर जापानी लड़ाकू विमानों के हमले में 243 लोग मारे गए।
1959 – साइप्रस की स्वतंत्रता के बारे में यूनान, तुर्की और ब्रिटेन के बीच एक समझौता हुआ।
1963 – सोवियत संघ क्यूबा से अपने काफ़ी सैनिक हटाने के बारे में सहमत हुआ।
1978 – प्रसिद्ध गायक पंकज मलिक का निधन हुआ।
1986 – देश में पहली बार कम्प्यूटरी कृत रेलवे आरक्षण टिकट की शुरुआत हुई।

## सुडोकू 6830

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 1 | | 7 | 9 | 5 | | |
| | 9 | | | | 8 | | 3 | |
| 5 | 4 | 8 | 6 | | | | | 1 |
| | 8 | | 3 | | | | 1 | 2 |
| | 5 | 4 | 1 | | 7 | 3 | 8 | |
| 1 | 6 | | | | 4 | | 9 | |
| 8 | | | | | 5 | 1 | 4 | 7 |
| | 1 | | 7 | | | | 2 | |
| | | 2 | 9 | 4 | | 8 | | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

# यूनुस सरकार ने बांग्लादेश को बना दिया आतंकवाद का गढ़ : शेख हसीना

**नई दिल्ली, (आईएएनएस)।** बांग्लादेश की अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना ने मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार पर देश को आतंकवाद और अराजकता का केंद्र बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने पीड़ित परिवारों की मदद करने और उन्हें इंसाफ दिलाने का आश्वासन देते हुए घर लौटने की कसम खाई। पूर्व पीएम के मुताबिक नोबेल पुरस्कार विजेता ने खुदा कहते हैं कि उन्हें देश चलाने का कोई अनुभव नहीं तो फिर उन्हें ऐसा करने से बचना चाहिए। हसीना ने यूनुस पर आरोप लगाया कि पिछले वर्ष उनके कोटा सुधारों के खिलाफ छात्रों के नेतृत्व में हुए हिंसक आंदोलन के दौरान दर्जनों पुलिस अधिकारियों की हत्या हुई लेकिन यूनुस चुप रहे और अराजकता को पनपने दिया। पूर्व पीएम ने कहा, यूनुस ने सभी जांच समितियों को भंग कर दिया और लोगों की हत्या करने के लिए आतंकवादियों को छोड़ दिया। वे बांग्लादेश को खत्म कर रहे हैं। हम आतंकवादियों की इस सरकार को उखाड़ फेंकेंगे। हसीना पिछले कुछ समय से अपनी पार्टी आवामी लीग के कार्यकर्ताओं को संबोधित और उनसे संपर्क स्थापित कर रही हैं। वहीं अंतरिम सरकार और प्रदर्शनकारी संगठन इससे खासे परेशान हैं। वे हसीना और उनके समर्थकों के बीच कोई संपर्क नहीं चाहते हैं। इसे रोकने के लिए वे हिंसक तरीकों का भी इस्तेमाल कर रहे हैं। हाल ही में राजधानी ढाका के धानमंडी 32 स्थित शेख मुजीबुर रहमान के तीन मंजिला मकान में तोड़फोड़ और आगजनी की गई और उस पर बुलडोजर चलवा दिया गया। छात्रों का गुस्सा अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की इस घोषणा से फूटा कि वह छात्र लीग संगठन के सदस्यों के साथ एक वर्चुअल सत्र में शामिल होंगी। छात्र लीग हसीना की आवामी लीग पार्टी की स्टूडेंट विंग है जिस पर 23 अक्टूबर 2024 को प्रतिबंध लगा दिया गया।

# लेबनान के राष्ट्रपति ने इजरायल की पूर्ण वापसी पर व्यक्त की चिंता

**बेरूत,(आईएएनएस)।** लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ औन ने सोमवार को इस बात पर चिंता व्यक्त की कि क्या इजरायल मंगलवार को दक्षिणी लेबनान से पूरी तरह से हट जाएगा। उन्होंने कहा, हमें डर है कि मंगलवार को पूरी तरह वापसी संभव नहीं हो पाएगी और लेबनान की प्रतिक्रिया एक एकीकृत राष्ट्रीय रुख के माध्यम से आएगी। लेबनान के राष्ट्रपति द्वारा जारी एक बयान में औन ने पुष्टि की कि युद्ध एक व्यवहार्य विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि कूटनीतिक चैनलों को प्राथमिकता दी जाएगी क्योंकि लेबनान एक और संघर्ष को बर्दाश्त नहीं कर सकता। उन्होंने यह भी पुष्टि की कि लेबनानी सेना इजरायली सेना द्वारा खाली किए गए गांवों और कस्बों में तैनात करने के लिए तैयार है। समिति ने लेबनान से जल्द से जल्द इजरायली वापसी को अंतिम रूप देने के लिए अपने चल रहे कूटनीतिक प्रयासों की पुष्टि की।

# चमगादड़ की तरह लटके थे, लैंडिंग के वक्त कैसे पलटा प्लेन, यात्रियों ने सुनाई खौफनाक दास्तान

कनाडा के टोरंटो पियरसन एयरपोर्ट पर हुए एक भीषण विमान हादसे में एक महिला यात्री ने अपने डरावने अनुभव को सोशल मीडिया पर साझा किया। हादसा उस वक्त हुआ जब डेल्टा एयरलाइंस की फ्लाइट 4819 मिनियापोलिस से आ रही थी, सोमवार दोपहर बर्फीली रनवे पर लैंडिंग के दौरान पलट गई। इस खौफनाक हादसे के बाद सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक महिला यात्री सीट बेल्ट के सहारे उल्टी लटकी नजर आ रही है। उसने वीडियो के साथ लिखा, मेरा प्लेन क्रैश हो गया है, मैं उलटी लटकी हूं!

हादसे के दौरान कुल 76 यात्री और 4 क्रू मेंबर सवार थे, जिनमें से 17 लोग घायल हुए हैं। इनमें तीन लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिनमें एक बच्चा भी शामिल है। ओंटारियो की एयर एम्बुलेंस सेवा ओरेंज एयर एम्बुलेंस के मुताबिक, गंभीर रूप से घायल एक बच्चे को हॉस्पिटल फॉर सिक चिल्ड्रेन में भर्ती कराया गया, जबकि एक 60 वर्षीय व्यक्ति और 40 वर्षीय महिला को अन्य अस्पतालों में ले जाया गया। यात्रियों ने बताया कि हादसे के बाद विमान में अफरातफरी मच गई और लोग खुद को बचाने के लिए संघर्ष करते दिखे।

घटना के बाद एक अन्य यात्री पीट कूकोव ने हादसे का डरावना विवरण साझा करते हुए कहा, हम पहले एक तरफ झुके, फिर पूरी तरह उलट गए और चमगादड़ की तरह लटके हुए थे। उन्होंने राहत की सांस लेते हुए बताया कि जब वह सुरक्षित बाहर निकले, तो अपने अजनबी सहयात्री को गले लगाकर शुक्रिया अदा किया और अपने दोस्तों से मिलकर सुकून पाया। टोरंटो पियरसन एयरपोर्ट पर



इस हादसे के चलते कुछ समय के लिए सभी उड़ानें रोक दी गई थीं, लेकिन बाद में संचालन दोबारा शुरू कर दिया गया।

इस हादसे पर कनाडा की ट्रांसपोर्ट मंत्री अनीता आनंद ने इसे गंभीर घटना करार दिया और जांच के लिए परिवहन सुरक्षा बोर्ड के अधिकारियों को भेजा गया। वहीं, टोरंटो की मेयर ओलिविया चाउ ने सभी यात्रियों के सुरक्षित बचने पर राहत जताई और आपातकालीन सेवाओं की त्वरित प्रतिक्रिया की सराहना की। एयरलाइन ने यात्रियों की देखभाल सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया है, लेकिन इस खतरनाक हादसे का वीडियो देखकर लोग अब भी स्तब्ध हैं।

# अमेरिका में खूनी खेल, फिलिस्तीनी समझ दो इजरायली पर चलाई गोलियां, मच गया हड़कंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के फ्लोरिडा में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां के एक शख्स ने दो लोगों को सिर्फ इसलिए गोली मार दी क्योंकि उसे लगा कि वे फिलिस्तीनी हैं। इस मामले के सामने आने के बाद हर कोई दंग रह गया। पुलिस के मुताबिक, जिन्हें गोली मारी गई, वे असल में फिलिस्तीनी नहीं बल्कि इजरायली सैलानी थे।

**क्यों बरसाई गोलियां-** इस सनसनीखेज मामले में पुलिस ने 27 साल के मर्देचाई ब्राफमैन नाम के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उस पर हत्या की कोशिश का आरोप लगाया गया है। मियामी बीच पुलिस के मुताबिक, ब्राफमैन ने खुद कबूल किया है कि उसने इन लोगों को फिलिस्तीनी समझकर गोली मारी थी।

**कैसे हुआ हमला?-** पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक, ब्राफमैन मियामी बीच से ट्रक चला रहा था, तभी उसने सड़क किनारे दो लोगों को देखा। बिना किसी ठोस वजह के सिर्फ शक के आधार पर उसने ट्रक रोका, नीचे उतरा और उन पर गोलियां बरसा दीं। एक व्यक्ति को गोली कंधे में लगी वहीं दूसरे को हाथ में गोली लगी। गनीमत रही कि दोनों की जान बच गई। लेकिन जब बाद में पता चला कि ये दोनों इजरायली पर्यटक थे, तो मामला और भी चौंकाने वाला हो गया। इस हमले ने अमेरिका में बढ़ते धार्मिक और नस्लीय हमलों को एक बार फिर उजागर कर दिया है। मानवाधिकार संगठनों का कहना है कि गाजा युद्ध शुरू होने के बाद से अमेरिका में मुस्लिम, फिलिस्तीनी और यहूदी विरोधी हिंसा में तेजी आई है। हाल ही में टेक्सास में तीन साल की फिलिस्तीनी-अमेरिकन बच्ची को पानी में डुबोने की कोशिश हुई। इलिनॉय में छह साल के फिलिस्तीनी-अमेरिकन बच्चे को चाकू मार दिया गया।

## वर्ग पहेली 6830

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ■ | ■ | ३ | | ४ | |
| | ■ | | ■ | ५ | | | ■ | | ■ |
| ६ | | | | | ■ | ७ | | | ८ |
| | ■ | | ■ | ९ | | | ■ | ■ | |
| ■ | १० | | ११ | | ■ | ■ | १२ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १३ | | | ■ | |
| १४ | | १५ | | ■ | | ■ | १६ | १७ | ■ |
| | ■ | | ■ | १८ | | १९ | ■ | | ■ |
| २० | | | ■ | | ■ | २१ | | | २२ |
| | ■ | २३ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:-**

१.एक मणि जिसके विषय में प्रसिद्ध है कि वह चंद्रमा के किरणों से वसीज जाता है, कुमुद, चंद्रकात
३. अंधेरा
५. निंदित, नीच
६. निर्दयी, पाषाण हृदय (उर्दू)
७. उत्तराधिकार से प्राप्त धन पर लगने वाला कर
९. निधन, मृत्यु
१०. लिहाजा, इसलिए
१२. उदासीन, तटस्थ, मुखरहित
१३. वैसा होने पर भी, तो भी
१४. सुरक्षित, सकुशल (उर्दू)
१६. फायदा, लाभ (उर्दू)
१८. फूल, पुष्प
२०. नगाड़ा(उर्दू)
२१. बातचीत
२३. आलोकित होना, प्रकाशवान होना

**ऊपर से नीचे:-**

१. सौ पैरों वाला, कनखजूरा
२. दीप्तिहीन, आभाहीन
३. परिवर्तित किया हुआ, अंतरण किया हुआ
४. करने वाला
५. कुल की पूजा, कुल विशेष जो पहले से होती आ रही हो
९. मुर्गा
१०. आगे का, आने वाला
११. अकेला
१२. जंगल, वन
१३. उसके समान
१४. विनय पूर्वक, विनम्र
१५. ब्राह्मणों के लिए एक सम्मानसूचक संबोधन
१७. दूरी, अंतर (उर्दू)
१८. जहां जाना आसान हो, आसान
१९. झुकाना
२२. किंतु, में, लेकिन

## वर्ग पहेली-6829

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ स | र्व | २ मं | ग | ३ ला | ■ | ४ म | नो | ५ ब | ल |
| ह | ■ | ग | ■ | ६ क्षा | री | य | ■ | ढ़ि | ■ |
| ७ पा | ग | ल | ■ | भ | ■ | ८ खा | मि | या | ९ जा |
| ठी | ■ | का | ■ | १० व | र | ना | ■ | ■ | फ |
| ■ | ११ चि | ल | १२ म | न | ■ | ■ | १३ अं | त | रा |
| ■ | रां | ■ | दि | ■ | १४ बे | हू | दा | ■ | न |
| १५ अ | ध | १६ म | रा | ■ | व | ■ | १७ ज | १८ रा | ■ |
| नि | ■ | क | ■ | १९ र | क्त | २० प | ■ | जि | ■ |
| २१ वा | जि | ब | ■ | ह | ■ | २२ ह | र | का | २३ रा |
| र्य | ■ | २४ रा | ज | म | ह | ल | ■ | ■ | ज |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

**निर्णय** *कश्मीर पर बदलते मौसम का कहर*

# अपर्याप्त बर्फबारी के कारण गुलमर्ग में खेलो इंडिया विंटर गेम्स स्थगित

■ सुरेश एस डुग्गर

**जम्मू, (देशबन्धु)।** बदलते मौसम का कहर कश्मीर पर बरपना रुका नहीं है। ताजा घटनाक्रम में अपार्यप्त बर्फबारी के कारण गुलमर्ग में खेलो इंडिया विंटर गेम्स कोस्थगित कर दिया गया है। अधिकारियों ने सोमवार को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि 22 से 25 फरवरी तक गुलमर्ग में होने वाले बहुप्रतीक्षित खेलो इंडिया विंटर गेम्स (केआईडब्ल्यूजी) के पांचवें संस्करण को अपर्याप्त बर्फबारी के कारण स्थगित कर दिया गया है।

एक प्रमुख शीतकालीन खेल स्थल होने के बावजूद, गुलमर्ग में इस मौसम में असामान्य रूप से शुष्क सर्दी देखी गई है, जिससे अफ़रवत और बाउल सहित प्रमुख स्की ढलानों पर प्रतिस्पर्धी आयोजनों के लिए आवश्यक बर्फ नहीं जमी है। जम्मू और कश्मीर के शीतकालीन खेल संघ (डब्ल्यूजीएजेके) के अध्यक्ष रऊफ ट्रंबू ने बताया कि खेलों की मेजबानी के लिए आवश्यक मात्रा में बर्फबारी नहीं हुई है, जिससे योजना के अनुसार आगे बढ़ना



असंभव हो गया है। उन्होंने कहा कि बर्फ की स्थिति में सुधार होने के बाद एक नया आकलन किया जाएगा और तदनुसार एक संशोधित कार्यक्रम की घोषणा की जाएगी। अधिकारियों ने 19 फरवरी के बाद स्थिति की समीक्षा करने का फैसला किया है, क्योंकि मौसम विभाग ने गुलमर्ग में फिर से बर्फबारी की संभावना के साथ गीले मौसम की स्थिति की भविष्यवाणी की है।

■ 700 प्रतिभागियों के प्रतियोगिता में भाग लेने की थी उम्मीद
■ 22 से 25 फरवरी तक पांचवें संस्करण का होना था आयोजन

होटल बुकिंग, बुनियादी ढांचे की तैयारी और इवेंट मैनेजमेंट सहित इवेंट के लिए सावधानीपूर्वक तैयारियों के बावजूद स्थगन हुआ है। 650 तकनीकी कर्मचारियों, प्रतिनिधियों और स्थानीय एथलीटों सहित लगभग 700 प्रतिभागियों के प्रतियोगिता में भाग लेने की उम्मीद थी। गुलमर्ग में पर्याप्त बर्फबारी की कमी ने न केवल खेल आयोजनों को प्रभावित किया है, बल्कि शीतकालीन पर्यटन हितधारकों के बीच भी चिंता पैदा कर दी है, जो स्की सीजन पर बहुत अधिक निर्भर हैं।

कई होटल व्यवसायी और टूर ऑपरेटर आने वाले दिनों में ताजा बर्फबारी की उम्मीद कर रहे हैं ताकि गुलमर्ग की वैश्विक प्रतिष्ठा को परिभाषित करने वाली शीतकालीन खेल गतिविधियों को फिर से शुरू किया जा सके।

# खेल जगत

## काउंटी चैम्पियनशिप में एसेक्स की टीम से खेलेंगे शार्दुल ठाकुर

**मुंबई।** भारतीय ऑलराउंडर शार्दुल ठाकुर ने काउंटी चैम्पियनशिप के शुरुआती चरण में एसेक्स की तरफ से खेलने के लिए करार किया है। 33 वर्षीय ठाकुर अप्रैल और मई के दौरान सात मैचों के लिए उपलब्ध रहेंगे। यह ठाकुर के लिए काउंटी क्रिकेट में पहला अनुभव होगा। उन्होंने भारत के लिए तीनों प्रारूपों में 100 से अधिक विकेट लिए हैं और आखिरी बार 2023-24 के दक्षिण अफ्रीका दौरे पर खेले थे। घरेलू क्रिकेट में उन्होंने शानदार प्रदर्शन किया है। मौजूदा रणजी ट्रॉफी में मुंबई को सेमीफाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाते हुए, उन्होंने 21.67 की औसत से 34 विकेट लेने के साथ-साथ 400 से अधिक रन बनाए हैं। एसेक्स की टीम के साथ हुए इस करार पर ठाकुर ने कहा मैं इस गर्मी में एसेक्स से जुड़ने को लेकर उत्साहित हूं।



# गेंदबाजों ने डीसी को 150 से कम स्कोर पर रोकने में शानदार काम किया : मंधाना

**वडोदरा,** 18 फरवरी (एजेंसियां) गत चैंपियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 अंक तालिका में शीर्ष पर पहुंचने के लिए दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से रौंदने के बाद, कप्तान स्मृति मंधाना ने अपने विरोधियों को 150 से कम स्कोर पर रोकने में शानदार काम करने के लिए गेंदबाजों की सराहना की। कोटांबी स्टेडियम में, तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर और लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहम ने आरसीबी की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट चटकाए और डीसी को 141 रन पर आउट कर दिया। दोनों को किम गार्थ और एकता बिष्ट का अच्छा साथ मिला, जिन्होंने दो-दो विकेट लिए। जवाब में, स्मृति के 81 रनों की शानदार पारी की बदौलत, जो कि उनका सर्वोच्च डब्ल्यूपीएल स्कोर था, आरसीबी ने 22 गेंदें शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया। मैच खत्म होने के बाद स्मृति ने कहा कि बहुत प्रसन्न हूं। गेंदबाजों ने डीसी को 150 से कम पर रोककर शानदार काम किया। फील्डिंग में हमने 15-20 रन बचाए। और फिर डैनी ने शानदार प्रदर्शन किया। रणनीति परिस्थितियों के हिसाब से अधिक गति से गेंदबाजी करने की थी। बड़ौदा दो बार एक जैसा नहीं खेलता। रेणुका और जोशीता शानदार रहीं। एक टीम के तौर पर हमें गर्व है। एकता भी शानदार रहीं। डैनी और मैं एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं। गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। हम आगे बढ़ते रहे और रन बनते रहे। रेणुका, जिन्होंने 3-23 के स्पैल से पर्पल कैप भी जीती, ने अपने अच्छे प्रदर्शन के पीछे अपनी फिटनेस के स्तर को बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत को श्रेय दिया। इस मैदान पर बहुत अच्छी यादें हैं।

■ आरसीबी ने 22 गेंदें शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया





## स्टेसी-एन ने स्मृति मंधाना की शानदार पारी को सराहा

**वडोदरा।** वेस्टइंडीज की पूर्व क्रिकेटर स्टेसी-एन किंग ने डब्ल्यूपीएल 2025 के मैच में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की कप्तान स्मृति मंधाना के शानदार प्रदर्शन की प्रशंसा की और कहा कि बाएं हाथ की इस खिलाड़ी ने एक सच्चे कप्तान की तरह आगे बढ़कर नेतृत्व किया। स्मृति ने 47 गेंदों पर 81 रनों की पारी खेली, जो डब्ल्यूपीएल में उनका सर्वोच्च स्कोर है, जिसकी बदौलत रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हराकर मौजूदा सत्र में अपना अजेय क्रम जारी रखा। स्मृति ने बेहतरीन स्ट्रोकप्ले का प्रदर्शन किया, जिसमें उन्होंने शानदार टाइमिंग के साथ-साथ शॉट्स को बेहतरीन तरीके से लगाया और 172.34 की स्ट्राइक रेट से अपनी पारी में दस चौके और तीन छक्के लगाए। स्टेसी-एन जियोहॉटस्टार ने कहा कि आज रात वह बेहतरीन थी। जिस तरह से उसने अपने शॉट्स को संभाला और निष्पादित किया वह असाधारण था। हमने लेग साइड पर कई शॉट देखे, लेकिन ऑफ साइड में उसका शानदार प्रदर्शन वाकई उल्लेखनीय था। उसने सटीकता के साथ फील्ड में जगह बनाई, जब जरूरत पड़ी तो ऊपर और ऊपर गई। पिछले मैच में चूकने के बाद, उसने आज अपनी गलती सुधारी और एक सच्चे कप्तान की तरह आगे बढ़कर नेतृत्व किया। तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर और लेग स्पिनर जॉर्जिया वेयरहम ने आरसीबी की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन-तीन विकेट चटकाए और डीसी को 141 रन पर आउट कर दिया, उसके बाद स्मृति और डैनी व्हाइट-हॉज ने पहले विकेट के लिए 107 रन की साझेदारी की। भारत की पूर्व कप्तान मिताली राज ने आरसीबी के शानदार प्रदर्शन पर अपने विचार साझा किए और कहा कि जब रेणुका सिंह ने शेफाली वर्मा को आउट किया, तब से ही आरसीबी ने खेल पर नियंत्रण कर लिया।



# भारत को बुमराह की कमी 'बहुत खलेगी' : शिखर धवन

**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का मानना है कि रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की कमी 'बहुत खलेगी'। बुमराह पीठ के निचले हिस्से में चोट के कारण आठ टीमों के इस टूर्नामेंट से बाहर हो गए थे। उनकी जगह हर्षित राणा को भारतीय टीम में शामिल किया गया। आईसीसी ने धवन के हवाले से कहा कि आईसीसी पुरुष चैंपियंस ट्रॉफी की वापसी होना बहुत अच्छा अहसास है। मुझे याद है कि जब मैंने 2013 में पहली बार इसमें खेला था, तो मुझे यह बहुत पसंद आया था और इस टूर्नामेंट को लेकर पहले से ही काफी चर्चा है।बहुत सारी अटकलें और बहुत सारी भविष्यवाणियां हैं, जो मज़ेदार है, और मैं भारत से आगे नहीं देख सकता। मुझे उन पर पूरा भरोसा है, उनके पास एक ठोस टीम है और उन्होंने हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ़ वनडे सीरीज़ में बहुत अच्छा खेला। उन्होंने कहा कि मेरी चिंता यह है कि उन्हें जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी, इसमें कोई संदेह नहीं है कि उनकी कमी खलेगी और मुझे लगता है कि वे इसे बहुत दृढ़ता से महसूस करेंगे। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने कहा कि बुमराह अपने अनूठी गेंदबाजी एक्शन और सटीकता के कारण प्रमुख आईसीसी आयोजनों में किसी भी टीम के लिए एक महत्वपूर्ण संपत्ति हैं। मेरे लिए, वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ हैं, और उनकी सटीकता को दोहराना मुश्किल है। वह बहुत शांत स्वभाव का है और इस तरह के बड़े आईसीसी इवेंट में यह बहुत महत्वपूर्ण है। हालांकि, धवन ने हाल ही में समाप्त हुई सीरीज में इंग्लैंड के खिलाफ व्हाइट-बॉल डेब्यू करने के बाद दुबई में हर्षित के शानदार प्रदर्शन पर भरोसा जताया। उन्होंने तीन वनडे सहित चार मैचों में नौ विकेट लिए। धवांने कहा कि उसी समय, हर्षित राणा टीम में आ गया है और मुझे लगता है कि यह वास्तव में रोमांचक है - उस पर नज़र रखें, मुझे लगता है कि वह शानदार प्रदर्शन कर सकता है। मुझे उसका रवैया पसंद है, वह एक मेहनती खिलाड़ी है और उसे किसी भी चीज़ से डर नहीं लगता। वह चुनौतियों को स्वीकार करता है और हमने इंग्लैंड सीरीज में देखा है कि वह फॉर्म में है। मुझे यकीन है कि वह इस अवसर का लाभ उठाने की कोशिश करेगा और अगर वह ऐसा करता है, तो वह भारत के लिए एक वास्तविक एक्स-फैक्टर प्रदान कर सकता है। 39 वर्षीय खिलाड़ी कप्तान रोहित, विराट कोहली और शुभमन गिल सहित भारतीय बल्लेबाजों के फॉर्म से खुश हैं।

मेरे लिए, वह दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ हैं, और उनकी सटीकता को दोहराना मुश्किल है : शिखर धवन



# चैम्पियंस ट्रॉफी का खिताब फिर से जीतने की कोशिश में होगा ऑस्ट्रेलिया

**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। दो बार की विजेता ऑस्ट्रेलिया 15 साल के अंतराल के बाद चैंपियंस ट्रॉफी का खिताब फिर से जीतने की कोशिश में होगी। उन्होंने 2006 और 2009 में लगातार खिताब जीते थे, लेकिन 2013 और 2017 के संस्करणों में फाइनल में पहुंचने में असफल रहे, जिसके बाद यह आयोजन बंद कर दिया गया। 2025 के संस्करण के लिए, मौजूदा 50 ओवर के विश्व कप विजेता को चार टीमों के ग्रुप बी में रखा गया है, जिसमें इंग्लैंड, दक्षिण अफ्रीका और अफगानिस्तान भी शामिल हैं। ऑस्ट्रेलिया अपने अभियान की शुरुआत 22 फरवरी को लाहौर के गद्दाफी स्टेडियम में चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड से भिड़ने के साथ करेगा। चोटों से त्रस्त ऑस्ट्रेलिया लीग चरण से बिना किसी नुकसान के बाहर आने और एक भी मैच हारे बिना सेमीफाइनल में जाने की उम्मीद करेगा। लेकिन टीम के लिए यह कहना आसान नहीं है कि टीम में पांच मुख्य खिलाड़ी नहीं हैं, जैसा कि उन्हें गाले में दो टेस्ट मैचों में श्रीलंका को क्लीन स्वीप करने के बाद वनडे सीरीज में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा। चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी को मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मैच से होगी, ऐसे में ऑस्ट्रेलिया हाल के दिनों में मिली कई असफलताओं से उबरकर खिताब जीतने की कोशिश करेगा। यहां इस मेगा इवेंट में ऑस्ट्रेलिया के अभियान के बारे में आईएएनएस का स्वॉट (ताकत,कमजोरी, अवसर और खतरे) विश्लेषण दिया गया है।

**ताकत:** ट्रैविस हेड, मार्नस लाबुशेन और ग्लेन मैक्सवेल जैसे सफेद गेंद के विशेषज्ञों की मौजूदगी में ऑस्ट्रेलिया की बल्लेबाजी मजबूत है। चोट से उबर रहे नियमित कप्तान पैट कमिंस की जगह स्टीव स्मिथ कप्तान के तौर पर वापसी कर रहे हैं। उन्होंने कुछ युवा खिलाड़ियों को टीम में शामिल किया है, जो खुद को साबित करने के लिए बेताब होंगे। एडम जम्पा के रूप में उनके पास एक ऐसा स्पिनर है जो पाकिस्तान की परिस्थितियों का फायदा उठा सकता है। लेग स्पिनर तनवीर संघा और कुछ युवा तेज गेंदबाजों के साथ, स्टीव स्मिथ की ऑस्ट्रेलिया टीम हर मैच में कड़ी टक्कर देने की उम्मीद करेगी।

**कमजोरियां:** कमिंस, जोश हेज़लवुड, मिशेल स्टार्क और हाल ही में क्रिकेट से संन्यास लेने वाले तेज गेंदबाज़ी ऑलराउंडर मिशेल मार्श और मार्कस स्टोइनिस की अनुपस्थिति में अनुभवहीन गेंदबाजी आक्रमण उनकी कमज़ोरी साबित हो सकता है।




■ चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत 19 फरवरी को मेजबान पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के बीच मैच से होगी

# सिंधु 15वें स्थान पर खिसकीं, लक्ष्य शीर्ष-10 में बरकरार

**कुआलालंपुर,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) द्वारा मंगलवार को जारी नवीनतम अपडेट के अनुसार, शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु महिला एकल विश्व रैंकिंग में दो स्थान नीचे खिसक गई हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिंधु, जिन्होंने 2025 में सिर्फ दो टूर्नामेंट खेले हैं, एक छोटी सी चोट के कारण बैडमिंटन एशिया मिश्रित टीम चैंपियनशिप से हटने के बाद विश्व की 13वीं रैंकिंग से 15वीं रैंकिंग पर खिसक गई हैं। वह इंडिया ओपन सुपर 750 में क्वार्टर फाइनल में पहुंची और इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 के पहले दौर में हार गई। वह महिला एकल सूची में 57,190 अंकों के साथ 15वें स्थान पर हैं, जबकि उनकी कोरियाई प्रतिद्वंद्वी एन से यंग 111,867 अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। दूसरी ओर, मालवोका बंसोड़ ने तीन पायदान की छलांग लगाकर शीर्ष 30 में प्रवेश किया, जो 44,752 अंकों के साथ 28वें स्थान पर हैं। पुरुष एकल चार्ट में, लक्ष्य सेन 63,668 अंकों के साथ दुनिया के 10वें नंबर पर भारत के शीर्ष शटलर बने हुए हैं। एचएस प्रणय 31वें (44,662 अंक) पर हैं। चीन के शि यू की, जिन्होंने सीजन ओपनर मलेशिया ओपन जीता और इंडोनेशिया मास्टर्स में तीसरा स्थान हासिल किया, 100,415 अंकों के साथ चार्ट में शीर्ष पर हैं। मलेशिया ओपन और इंडिया ओपन में लगातार सेमीफाइनल में पहुंचने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल भारतीय जोड़ी 73,430 अंकों के साथ दुनिया में सातवें नंबर पर बनी हुई है।

■ चीन के शि यू की, जिन्होंने सीजन ओपनर मलेशिया ओपन जीता



## सार संक्षेप

### फर्ग्यूसन चोट के कारण टूर्नामेंट से हुए बाहर

**कराची।** न्यूजीलैंड को आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 अभियान से पहले एक और चोट का झटका लगा है, क्योंकि तेज गेंदबाज लॉकी फर्ग्यूसन पैर की चोट के कारण टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। कराची में अफगानिस्तान के खिलाफ अनौपचारिक अभ्यास मैच में गेंदबाजी करने के बाद फर्ग्यूसन को अपने दाहिने पैर में कुछ दर्द महसूस हुआ और प्रारंभिक चिकित्सा मूल्यांकन से संकेत मिलता है कि वह पूरे टूर्नामेंट में भाग लेने के लिए पर्याप्त रूप से फिट नहीं होंगे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि चैंपियंस ट्रॉफी की शुरुआत के करीब होने और टूर्नामेंट के छोटे होने को देखते हुए, फर्ग्यूसन को पुनर्वास शुरू करने के लिए घर भेजने का फैसला किया गया। इसमें कहा गया है कि तेज गेंदबाज काइल जैमीसन टीम में फर्ग्यूसन की जगह लेंगे और आज शाम पाकिस्तान के लिए रवाना होंगे। आईसीसी पुरुष चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 की इवेंट तकनीकी समिति ने न्यूजीलैंड टीम में फर्ग्यूसन के प्रतिस्थापन के रूप में जैमीसन को मंजूरी दे दी है।

### छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने राजस्थान किंग्स को हराया

**रायपुर (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ वॉरियर्स ने शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में राजस्थान किंग्स पर आखिरी गेंद पर रोमांचक जीत के बाद पहली लीजेंड 90 लीग के चैम्पियन का खिताब जीता। अपने घरेलू दर्शकों के सामने वॉरियर्स ने 160 रनों का लक्ष्य सफलतापूर्वक हासिल किया और नाटकीय अंदाज में ट्रॉफी अपने नाम की। पहले गेंदबाजी करने का फैसला करते हुए वॉरियर्स ने राजस्थान किंग्स को बल्लेबाजी के लिए उतारा। असद पठान (38) और फिल मस्टर्ड (34) ने किंग्स को मजबूत शुरुआत दी और 76 रनों की साझेदारी की। हालांकि, वॉरियर्स ने बीच के ओवरों में खेल पर अपनी पकड़ मजबूत कर ली और रन रेट को धीमा कर दिया। रजत सिंह ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए 17 गेंदों पर नाबाद 27 रन बनाकर आखिरी गेंद तक शानदार प्रदर्शन किया।

# चामरी अथापथु यूपी वॉरियर्स के लिए डब्ल्यूपीएल 2025 के अंतिम चरण से बाहर रहेंगी

**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। चामरी अथापथु यूपी वारियर्स (यूपीडब्ल्यू) के लिए चल रही महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) 2025 के अंतिम चरण से बाहर रहेंगी, क्योंकि वह 4 मार्च से नेपियर में शुरू होने वाले न्यूजीलैंड के व्हाइट-बॉल दौरे के लिए श्रीलंकाई टीम में शामिल होने के लिए तैयार हैं। उनका जाना यूपीडब्ल्यू के लिए दूसरा बड़ा झटका होगा, जो चोट के कारण पहले से ही अपनी नियमित कप्तान एलिसा हीली के बिना खेल रही है।

ईएसपीएन क्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, अथापथु 26 फरवरी तक यूपीडब्ल्यू के लिए उपलब्ध रहेंगी, जिसमें राष्ट्रीय कर्तव्यों के लिए रवाना होने से पहले चार और मैच शामिल हैं। बेंगलुरु में मुंबई इंडियंस के खिलाफ 26 फरवरी के मैच के बाद, यूपीडब्ल्यू टूर्नामेंट के अंतिम लीग चरण के लिए लखनऊ की यात्रा करेगी, जहां वे तीन घरेलू मैच खेलेंगे। टीम ने अब तक केवल एक ही मैच खेला है, जिसमें उन्होंने अथापथु को प्लेइंग इलेवन से बाहर रखा, जिसके परिणामस्वरूप गुजरात जायंट्स से हार का सामना करना पड़ा। अथापथु को श्रीलंका की 16 सदस्यीय टीम का कप्तान बनाया गया।



■ यूपीडब्ल्यू पहले से ही अपनी नियमित कप्तान एलिसा हीली के बिना खेल रही है

# भारतीय रोलर स्केटिंग बास्केटबॉल टीम का गर्मजोशी से स्वागत

**चेन्नई,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। श्रीलंका के कोलंबो में 14 से 16 फरवरी तक आयोजित अंतरराष्ट्रीय रोलर स्केटिंग बास्केटबॉल टूर्नामेंट में भारतीय टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए ओवरऑल चैंपियनशिप का खिताब जीता। इस टूर्नामेंट में भारत और श्रीलंका के बीच मैच खेले गए। भारत की ओर से तमिलनाडु, हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक, केरल जैसे कई राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया। भारतीय टीम में तमिलनाडु के चेंगलपट्टू जिले के खिलाड़ियों ने भी हिस्सा लिया और टीम ने श्रीलंका को 20 अंक से हराकर चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया। श्रीलंकाई टीम को 12 अंक मिले। यह टूर्नामेंट हर श्रेणी के लिए तीन मैचों का आयोजन किया गया, जिनमें से दो मैचों के विजेताओं को चैंपियन घोषित किया गया। इस प्रतियोगिता में भारत के 40 से अधिक खिलाड़ी हिस्सा ले रहे थे, जो तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, केरल, हरियाणा और गुजरात जैसे राज्यों से आए थे। भारतीय टीम की जीत ने देश का मान बढ़ाया और सभी खिलाड़ियों ने अपनी कड़ी मेहनत से यह सफलता हासिल की। टूर्नामेंट जीतने के बाद भारतीय टीम श्रीलंका से विमान द्वारा चेन्नई एयरपोर्ट पहुंची। चेन्नई एयरपोर्ट पर भारतीय टीम का भव्य स्वागत किया गया। चेंगलपट्टू जिले के खिलाड़ियों का विशेष रूप से स्वागत किया गया। उनके रिश्तेदारों ने उन्हें मिठाई खिलाई और फूलों से उनका स्वागत किया। एयरपोर्ट पर माहौल काफी खुशहाल और उत्साही था। इसके बाद कोच ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि तमिलनाडु सरकार से अनुरोध किया गया है कि रोलर स्केटिंग बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए राज्य के हर जिले में स्टेडियम बनाए जाएं। उनका मानना है कि इससे युवाओं को इस खेल के प्रति रुचि बढ़ेगी और भविष्य में भारत को और अधिक सफलता मिलेगी।



■ भारत की ओर से तमिलनाडु, हरियाणा, गुजरात, कर्नाटक, केरल जैसे कई राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया

# सिनर पर लगा 3 महीने का प्रतिबंध, डोपिंग मामले में कार्रवाई

**नई दिल्ली,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। सर्बियाई टेनिस के महान खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने दावा किया है कि दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जानिक सिनर के तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध के मामले में पूरी प्रक्रिया को संभालने के तरीके से अधिकांश खिलाड़ी खुश नहीं हैं। सिनर ने विश्व डोपिंग निरोधक एजेंसी (वाडा) के साथ समझौता कर लिया है, जिसके तहत इतालवी खिलाड़ी पर तीन महीने का प्रतिबंध लगेगा। वाडा ने स्वीकार किया है कि सिनर का धोखा देने का कोई इरादा नहीं था, और क्लोस्टेबोल के संपर्क में आने से उसका प्रदर्शन-बढ़ाने वाला कोई लाभ नहीं हुआ और यह उसके साथियों की लापरवाही के परिणामस्वरूप उसकी जानकारी के बिना हुआ।

जोकोविच ने दावा किया कि अधिकांश खिलाड़ियों का मानना है कि सिनर के साथ तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध में 'पक्षपात' किया गया। द गार्जियन ने जोकोविच के हवाले से कहा कि मैंने लॉकर रूम में जिन खिलाड़ियों से बात की है, उनमें से ज़्यादातर खिलाड़ी इस पूरी प्रक्रिया से खुश नहीं हैं, न सिर्फ़ पिछले कुछ दिनों में बल्कि पिछले कुछ महीनों में भी। ज़्यादातर खिलाड़ियों को यह उचित नहीं लगता। ज़्यादातर खिलाड़ियों को लगता है कि पक्षपात हो रहा है। ऐसा लगता है कि अगर आप एक शीर्ष खिलाड़ी हैं और अगर आपके पास शीर्ष वकील तक पहुंच है, तो आप परिणाम को लगभग प्रभावित कर सकते हैं।

सिनर से जुड़ा मामला टेनिस में दो प्रमुख घटनाओं में से पहला था जो तेज़ी से एक के बाद एक हुईं। नवंबर में, महिला टेनिस में दुनिया की नंबर 2 खिलाड़ी इगा स्वीयाटेक को एनजाइना के लिए निर्धारित दवा ट्राइमेटाज़िडीन के लिए सकारात्मक परीक्षण के बाद एक महीने का निलंबन मिला। इंटरनेशनल टेनिस इंटीग्रिटी एजेंसी ने स्वीकार किया कि सकारात्मक परिणाम स्वीयाटेक द्वारा जेट लैग को कम करने के लिए इस्तेमाल की जा रही दवा के संदूषण के कारण था। इसके विपरीत, पूर्व विश्व नंबर 1 सिमोना हालेप को सकारात्मक परीक्षण के बाद 2022 में आईटीआईए से चार साल का प्रतिबंध मिला, हालांकि बाद में इस दंड को घटाकर नौ महीने कर दिया गया। जोकोविच ने एंटी-डोपिंग सिस्टम में 'असंगतताओं' को उजागर किया और इसे 'अनुचित' कहा। जोकोविच ने कहा कि सिमोना हालेप और तारा मूर और कुछ अन्य खिलाड़ी जो शायद कम जाने जाते हैं, वे अपने मामलों को सुलझाने के लिए सालों से संघर्ष कर रहे हैं, या उन पर सालों से प्रतिबंध लगा हुआ है।

■ अधिकांश खिलाड़ियों का मानना है कि सिनर के साथ तीन महीने के डोपिंग प्रतिबंध में 'पक्षपात' किया गया : जोकोविच



# मिंत्रा ने पहला इन-हाउस कॉर्पोरेट पिकलबॉल कोर्ट लॉन्च किया

**बेंगलुरु,** 18 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के प्रमुख फैशन और लाइफस्टाइल प्लेटफॉर्म में से एक मिंत्रा ने मंगलवार को अपने कॉर्पोरेट ऑफिस में एक पिकलबॉल कोर्ट लॉन्च किया है। मिंत्रा की इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों को एक स्वस्थ कार्य वातावरण प्रदान करना है, जहां वे अपने सहकर्मियों के साथ जुड़ सकें, तनाव कम कर सकें और एक सक्रिय जीवनशैली अपना सकें। यह कोर्ट मिंत्रा के कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए एक अनोखा अवसर प्रदान करता है, जहां वे मनोरंजन और सामाजिक संबंधों का आनंद ले सकते हैं। इस कोर्ट का उद्घाटन मशहूर बैडमिंटन आइकन और राष्ट्रमंडल खेलों की चैंपियन अश्विनी पोनप्पा की मौजूदगी में किया गया, जिनकी उपस्थिति ने इस अवसर को प्रेरणा और उत्साह से भर दिया। यह पहल मिंत्रा के दृष्टिकोण को दर्शाती है, जो खेल को कार्यस्थल संस्कृति के साथ एक करने की है, ताकि कर्मचारियों और उनके परिवारों को मनोरंजन के लिए एक अनोखा अवसर प्रदान किया जा सके। हाल ही में जारी किए गए श्वेतपत्र में बताया गया कि पिकलबॉल दुनियाभर में सबसे तेजी से बढ़ते खेलों में से एक है, जिसकी लोकप्रियता में 2019 से 2022 तक बढ़ोत्तरी देखी गई है।



■ मिंत्रा की इस पहल का उद्देश्य कर्मचारियों को एक स्वस्थ कार्य वातावरण प्रदान करना है

# अर्थ जगत

**भारत, अमेरिका छह से आठ माह में मजबूत समझौते से व्यापार को 500 अरब डॉलर करने को प्रतिबद्ध - गोयल**

**नयी दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारत और अमेरिका द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाकर 500 अरब डॉलर करने तथा अगले छह से आठ माह में एक 'मजबूत' व्यापार समझौते पर बातचीत करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया अमेरिका यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका ने 2030 तक द्विपक्षीय वाणिज्य को दोगुने से अधिक करते हुए 500 अरब डॉलर करने तथा 2025 तक पारस्परिक रूप से लाभकारी, बहु-क्षेत्रीय द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) की पहली किस्त पर बातचीत करने की घोषणा की।



## महाकुंभ:100 से ज्यादा विमान, फिर भी किराया छू रहा आसमान

*नई दिल्ली। महाकुंभ के मौके पर प्रयागराज एयरपोर्ट पर यात्रियों और विमानों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। इस माह अब तक कई बार विमानों और यात्रियों के आवागमन के रिकॉर्ड टूट चुके हैं। दिल्ली के लिए एक दिन में औसतन 10 विमान उड़ रहे हैं लेकिन इसके बावजूद किराए में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।*

महाकुंभ के दौरान प्रयागराज से दिल्ली जाने वाले विमानों का किराया 13 हजार रुपये से कम नहीं मिल रहा है। कुछ तिथियों में यह किराया 20 हजार रुपये से भी अधिक पहुंच गया है। पिछले दो दिनों में प्रयागराज एयरपोर्ट से उड़ने वाले विमानों की संख्या 100 से भी अधिक हो चुकी है। हालांकि अधिक किराए के बावजूद अधिकांश शहरों के लिए सीधी उड़ानों में सीट्स उपलब्ध नहीं हो रही हैं।

बंगलूरू का किराया सबसे ज्यादा प्रयागराज से बंगलूरू जाने वाले विमानों का किराया सबसे ज्यादा देखा जा रहा है। 18 फरवरी के लिए एक निजी विमान कंपनी का बंगलूरू का किराया 39,146 रुपये प्रति व्यक्ति था। महाकुंभ के दौरान बंगलूरू का किराया किसी भी दिन 22 हजार रुपये से कम नहीं है। यही हाल मुंबई का भी है। 18 फरवरी को प्रयागराज से मुंबई के लिए सात सीधी उड़ानें हैं जिनमें से न्यूनतम किराया 21,974 रुपये था। पुणे और अन्य शहरों के लिए भी बढ़े किराए पुणे के लिए एक मात्र सीधी उड़ान का किराया भी 20 हजार रुपये से कम नहीं है। इसके अलावा हैदराबाद, कोलकाता, भुवनेश्वर और अन्य शहरों के लिए भी फ्लाइट्स का किराया बढ़ा हुआ है। विमानन कंपनियां इन शहरों के लिए मनचाहा किराया ले रही हैं। स्पाइस जेट, एयर इंडिया और अन्य विमानन कंपनियों ने अपनी अधिकांश फ्लाइट्स का शेड्यूल 28 फरवरी तक ही जारी किया है।





इसके बाद इन कंपनियों के विमान प्रयागराज से उड़ान नहीं भरेंगे। नई सीधी उड़ानें हालांकि इस बीच कुछ नई उड़ानें भी शुरू की गई हैं। विमानन कंपनी इंडिगो ने प्रयागराज से पुणे के लिए सीधी फ्लाइट शुरू कर दी है। यह फ्लाइट सुबह 11.10 बजे प्रयागराज से उड़ती है और दोपहर 1.10 बजे पुणे पहुंचती है। पुणे से इसकी रवानगी दोपहर 2 बजे होती है जो शाम 4.10 बजे प्रयागराज पहुंचती है। इसके अलावा एक-दो दिनों में प्रयागराज से रांची के लिए भी सीधी उड़ान शुरू हो सकती है।

## सरकार ने सोना और चांदी का बेस आयात मूल्य बढ़ाया

*नई दिल्ली। भारत सरकार ने गोल्ड के बेस इंपोर्ट प्राइस में 41 डॉलर प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी की है। सेंट्रल बोर्ड ऑफ इनडायरेक्ट टैक्सेज एंड कस्टम्स की तरफ से जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक, गोल्ड का बेस इंपोर्ट प्राइस अब बढ़कर 938 डॉलर प्रति 10 ग्राम हो गया है। इसके अलावा, सिल्वर का बेस प्राइस बढ़ाकर 42 डॉलर प्रति किलोग्राम कर दिया गया है।*



यह बदलाव ग्लोबल प्राइस ट्रेंड को ध्यान में रखते हुए किया गया है। अमेरिका और चीन के बीच ट्रेड संबंधी तनाव बढ़ने की वजह से गोल्ड को निवेश का सुरक्षित ठिकाना माना जा रहा है और इस वजह से गोल्ड की मांग में भी काफी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। ग्लोबल स्तर पर आर्थिक अनिश्चितता और भूराजनीतिक जोखिम बढ़ने की वजह से गोल्ड की कीमतों में ग्लोबल स्तर पर बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। बेस प्राइस ज्यादा रहने का मतलब यह है कि इंपोर्ट ड्यूटी मार्केट ट्रेंड के हिसाब से रहे। इंपोर्ट ड्यूटी, बेस प्राइस को ध्यान में रखकर तय की जाती है।

सिल्वर की कीमतों में बढ़ोतरी हुई है, जिस वजह से इंपोर्ट प्राइस में भी बदलाव करना पड़ा। भारत में 17 फरवरी को गोल्ड की कीमत में बढ़ोतरी देखने को मिली। इंपोर्ट प्राइस में हालिया बढ़ोतरी से डोमेस्टिक गोल्ड की कीमतों पर भी असर होगा। दरअसल, ट्रेडर्स नई बेस कॉस्ट के हिसाब से कीमतों में बदलाव करते हैं।

### ट्रंप के डर से सोने की कीमतों में उछाल

मंगलवार, 18 फरवरी को एक बार फिर सोने की कीमतों में तेजी आई है। यह बढ़त अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी को लेकर बढ़ती चिंताओं के कारण है। निवेशकों ने ग्लोबल ट्रेड वॉर के डर से सुरक्षित संपत्तियों की ओर रुख किया है, और गोल्ड इसका प्रमुख लाभ उठा रहा है। स्पॉट गोल्ड की कीमत 0.2 फीसदी बढ़कर 2,903.56 डॉलर प्रति औंस हो गई है, जबकि यूएस गोल्ड फ्यूचर्स 0.6 फीसदी बढ़कर 2,916.80 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया है। भारत में, 24k गोल्ड की कीमत अब मुंबई और अन्य बड़े शहरों में 10 ग्राम के लिए 86,630 रुपये हो गई है, जो कि यूएस डॉलर इंडेक्स के 106.6 के आसपास बने रहने के बावजूद वृद्धि दर्ज कर रही है। सेंट्रल बैंक्स की खरीदारी और यूरोप में संभावित कमी के कारण गोल्ड की डिमांड बढ़ी है। लोग टैरिफ से बचने के लिए गोल्ड को यूएस ले जाने की होड़ में हैं, जिससे गोल्ड के लिए बुलिश ट्रेंड बना हुआ है, और इसकी कीमतें आगे और बढ़ सकती हैं। ग्लोबल ट्रेड पॉलिसीज के चलते अनिश्चितता का असर भारत की जेम्स और ज्वैलरी मार्केट पर भी पड़ा है। जनवरी 2025 में भारत के जेम्स और ज्वैलरी एक्सपोर्ट में 7.01 फीसदी की गिरावट आई, जबकि इम्पोर्ट्स में 37.83 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई है।

## सरकार, आरबीआई महंगाई को काबू में लाने मिलकर कर रहे काम - सीतारमण

*मुंबई। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक महंगाई को काबू में लाने और आर्थिक वृद्धि को गति देने के लिए मिलकर काम कर रहे हैं।*



सीतारमण ने यहां संवाददाताओं से बातचीत में कहा कि मुद्रास्फीति कम होकर लगभग चार प्रतिशत के पास आ गई है। इसके परिणामस्वरूप रिजर्व बैंक लगभग पांच साल में पहली बार नीतिगत दर रेपो में 0.25 प्रतिशत की कटौती कर सका। उन्होंने कहा कि मुद्रास्फीति प्रबंधन में आयातित मुद्रास्फीति से संबंधित पहलुओं पर काम भी शामिल है। इस बीच, सीतारमण ने मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर) में चुनिंदा परियोजनाओं के घर खरीदारों को चाबियां सौंपी। लंबे समय से अटकी इन आवासीय परियोजनाओं को 'किफायती और मध्यम आय वाले आवास के लिए विशेष व्यवस्था (स्वामी एक)निवेश कोष' के तहत पूरा किया गया है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, यह 50,000 घरों के पूरा होने का प्रतीक है। अवंत हिलवेज, विजन हाइट्स और शुभम ट्राइडेंट सहित अन्य परियोजनाओं के घर खरीदारों को कार्यक्रम में अपने-अपने घरों की चाबियां प्राप्त हुईं।

## एसआईपी बाजार में क्यों आया है भूचाल? गोली की रफ्तार से भाग रहे हैं निवेशक

*नई दिल्ली। म्यूचुअल फंड ने रिटर्न देने में थोड़ी कमी क्या कर दी कि निवेशकों में घबराहट का आलम पैदा हो गया है. यहां तक कि एसआईपी को निवेश की पहली सीढ़ी मानने वाले निवेशकों में पैसा डूबने का डर पैदा हो गया है. इस कारण एसआईपी यानी सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान के खाते धड़ाधड़ बंद हो रहे हैं।*

एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया यानी एंफी के डाटा के मुताबिक, केवल जनवरी महीने में 61 लाख 33 हजार लोगों ने अपने एसआईपी खाते बंद करा लिए. वहीं केवल 56 लाख 19 हजार लोगों ने अपने नए एसआईपी खाते खोले. इस तरह एसआईपी में निवेश करने वालों की संख्या की तुलना में एसआईपी में निवेश बंद करने वालों की संख्या में लगातार बढ़ोतरी हो रही है. अगर इसी तरह से एसआईपी खाते बंद होने की तादाद लगातार बढ़ती रही तो भारत में पूरी म्यूचुअल फंड इंडस्ट्रीज के लिए संकट पैदा हो सकता है. **एसआईपी खाते बंद होने के लगातार बन रहे नए रिकॉर्ड-** भारत में एसआईपी खाते बंद होने के लगातार नए रिकॉर्ड बन रहे हैं. जनवरी में 61 लाख 33 हजार खाते बंद होने का रिकॉर्ड अब तक सबसे हाई है. दिसबंर महीने में भी एसआईपी खाते बंद कराने के पिछले सारे रिकॉर्ड टूट गए. दिसंबर महीने में 45 लाख एसआईपी खाते टर्मिनेट किए गए, जो उस समय में एक महीने में ऑल टाइम हाई था. इससे पहले मई 2024 में 44 लाख एसआईपी खाते बंद हुए थे. एसआईपी निवेशकों के रुख से चिंता में बाजारएसआईपी खाते बंद कराने के निवेशकों के रुख ने बाजार के दिग्गजों को चिंता में डाल दिया है. शेयर बाजार के दिग्गजों की चिंता इस बात को लेकर है कि पहले एसआईपी निवेशक बाजार की तात्कालिक उठापटक से प्रभावित नहीं होते थे और लॉन्ग टर्म निवेश के जरिए अच्छा रिटर्न हासिल करते थे. लेकिन एसआईपी निवेशकों में लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट से वेल्थ पैदा करने का यह रुख खत्म हो रहा है. एसआईपी इन्वेस्टर अपने इन्वेस्टमेंट को रुपये के मूल्य के आधार पर लॉन्ग टर्म कंपाउंडिंग में रिटर्न को देखते हैं।





**मुद्रा बाजार**

**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 86. 95 |
| एक यूरो | 90. 57 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 110 . 06 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 54. 77 |
| एक जापानी येन | 0. 57 |

**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085
जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 88 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 108 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-120 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -52 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**सराफा बाजार**

**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव- 87550 चांदी -97800

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-87550 चांदी -97800

**दाल- चावल भाव**

**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8000-9000, मीडियम बोल्ड 11000-12000, फाइन 130000-13500, एकस्ट्रा बोल्ड 13500-14000, चना दाल एवरेज 7600-7800 चना दाल मार्का 7800-8000, मसूर दाल एवरेज 7500-7700, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9500, उड़द धुली 10000-11000, फाइन 11000-12000, मूंग दाल छिलका 9000-9500, मूंग दाल फाइन 9500-10000, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3400-3600, बेस्ट 3600-3800, बीपीटी चालू 4200-4500,फाइन 4500-4800,एचएमटी-5200-5500 फाइन-5800-6000 दुबराज भाटापारा 5200-5300, जेजेएल चालू 5600-5800, फाइन 6000-6300, बासमती कनकी चालू 3200-3600, बासमती कनकी मीडियम 4000-4200, बेस्ट 4400-4500, मोगरा- 4300-5200, दुबार- 5200-5800, तिबार- 6500-6800, बासमती 8500-1000, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4400-4500, फाइन 5400-5500, मुरमुरा- 5500-6000, फाइन- 7000-8000 रु.।

**लोहा भाव**

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 6400, 8 एम एम 5980, 10 एम एम 5860,12 एम एम, 5800 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।


## टैरिफ के नाम पर अमेरिका की तबाही का सामान ला रहे डोनाल्ड ट्रंप!

*नई दिल्ली। कहते हैं कि जिसने इतिहास से सबक नहीं सीखा, उसे तबाह होने से कोई नहीं रोक सकता. अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को शायद ये जुमला नहीं पता है. यही वजह है कि उन्होंने जब से यूएस की सत्ता संभाली है।*

उनकी जुबान से टैरिफ शब्द हट ही नहीं रहा है. हर रोज उनकी तरफ से टैरिफ को लेकर धमकी आती रहती है. उनकी टैरिफ धमकियों की वजह से पूरी दुनिया में ट्रेड वॉर की स्थिति पैदा हो गई है. दरअसल, ट्रंप को लगता है कि विदेशी सामानों पर मोटा टैरिफ लगाकर वह अमेरिका को फिर से महान बना लेंगे. लेकिन, वह भूल रहे हैं कि साल 1930 में ऐसी ही गलती अमेरिकी कांग्रेस ने की थी और उसका अंजाम ये हुआ था कि पूरी दुनिया में महा मंदी आई और अमेरिका की स्थिति ऐसी हो गई थी कि उसकी अर्थव्यवस्था रसातल में चली गई थी।

**95 साल पहले की गलती दोहरा रहे हैं ट्रंप-** ये साल था 1930. अमेरिका के राष्ट्रपति हर्बर्ट हूवर थे. इनकी भी सोच थी कि वह विदेशी सामानों पर मोटा टैरिफ लगाकर अमेरिका को महान बानएंगे और अमेरिकी कंपनियों की स्थिति मजबूत करेंगे. इसी वजह से उनकी सरकार ने हॉले-स्मूट टैरिफ एक्ट 1930 पास किया.इस एक्ट का मकसद विदेशी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाकर अमेरिकी उद्योगों और किसानों को सुरक्षा प्रदान करना था. इस कानून के तहत उस समय 20,000 से ज्यादा आयातित वस्तुओं पर टैरिफ लगाया गया, जिससे उनकी कीमतें बढ़ गईं और वे अमेरिकी बाजार में कम प्रतिस्पर्धी हो गईं.



**95 साल पहले भी यूएस भुगत चुका अंजाम**

**अमेरिका के लिए तबाही लाया था फैसला-** हालांकि, इस कानून का असर उल्टा हुआ. टैरिफ बढ़ने के कारण अन्य देशों ने भी अमेरिकी निर्यात पर जवाबी टैरिफ लगा दिए. खासतौर से यूरोप और अन्य क्षेत्रों के देशों ने अमेरिकी उत्पादों पर भारी टैरिफ लगाया. इससे अंतरराष्ट्रीय व्यापार में भारी गिरावट आई और वैश्विक अर्थव्यवस्था प्रभावित हो गई।

## केबीसी ग्लोबल लिमिटेड ने बोनस इक्विटी शेयर जारी करने की मंजूरी दी

*नासिक। नासिक स्थित, केबीसी ग्लोबल लिमिटेड, के बोर्ड ऑफ डीरेक्टर्स ने 15 फरवरी को आयोजित बैठक में 1:1 के अनुपात में बोनस जारी करने को मंजूरी दे दी है (प्रत्येक 1 रुपये के पूर्ण भुगतान किए गए इक्विटी शेयर के बदले एक बोनस इक्विटी शेयर जारी किया जाएगा)।*

यह निर्णय कंपनी के शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। कंपनी का लक्ष्य निकट भविष्य में विस्तार योजनाओं को गति देना और ऋण कटौती में तेजी लाकर व्यवसाय संचालन में बदलाव लाने का है। बोर्ड ऑफडीरेक्टर्स ने अधिकृत पूंजी बढ़ाने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी और केबीसी ग्लोबल लिमिटेड का नाम बदलकर धरन इंफ्रा-ईपीसी लिमिटेड या आरओसी द्वारा अनुमोदित किसी अन्य नाम का प्रस्ताव रखा। कंपनी ने केबीसी इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड, यूके स्थित पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के अध्यक्ष के रूप में नरेश करदा की नियुक्ति को भी मंजूरी दी। कंपनी की ऑर्डर बुक रु.260 करोड़ से अधिक है और मार्केट कैपिटलाइजेशन रु.300 करोड़ है। बोनस इक्विटी शेयर कंपनी के फ्री रिजर्व, सिक्योरिटीज प्रीमियम अकाउंट और कैपिटल रिडेम्पशन से जारी किए जाएंगे। बोनस इश्यू के लिए कुल रु. 261.43 करोड़ का उपयोग किया जाएगा, जिसमें बोर्ड की मंजूरी के 60 दिनों के भीतर शेयर क्रेडिट किए जाएंगे।

## टेस्ला की भारत में जल्द होगी एंट्री!

*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अमेरिकी दौरे के बाद अरबपति ईलॉन मस्क की कंपनी टेस्ला इंक. ने भारत में हायरिंग शुरू कर दी है। जो इस बात का संकेत है कि टेस्ला जल्द ही भारत में कदम रखने की तैयारी कर रही है। बता दें कि पीएम मोदी के अमेरिकी दौरे के दौरान टेस्ला के सीईओ मस्क ने उनसे मुलाकात की थी।*

17 फरवरी को लिंकडइन पर टेस्ला ने 13 पदों के लिए भर्तियों का ऐलान किया, जिसमें ग्राहक सेवा और बैकएंड ऑपरेशंस से जुड़े पद शामिल हैं।

**मुंबई और दिल्ली में इन पोस्ट पर होगी हायरिंग-** कंपनी ने सर्विस टेक्नीशियन और एडवाइजरी रोल्स जैसी पांच नौकरियों के लिए मुंबई और दिल्ली दोनों जगह आवेदन मांगे हैं। वहीं, कस्टमर एंगेजमेंट मैनेजर और डिलीवरी ऑपरेशंस स्पेशलिस्ट जैसी भूमिकाएं सिर्फ मुंबई के लिए उपलब्ध हैं।

**भारत में टेस्ला और सरकार के बीच लंबे समय से बातचीत जारी-** टेस्ला और भारत सरकार के बीच लंबे समय से बातचीत हो रही है, लेकिन अब तक कंपनी ने भारत में ज्यादा निवेश से बचाव किया था। इसकी सबसे बड़ी वजह



**प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात के बाद एलन मस्क ने शुरू की हायरिंग**

भारत में उच्च आयात शुल्क रही है। हालांकि, सरकार ने अब 40,000 से अधिक कीमत वाली कारों पर बेसिक कस्टम ड्यूटी 110 प्रतिशत से घटाकर 70 प्रतिशत कर दी है, जिससे टेस्ला के लिए भारत में एंट्री आसान हो गई है।

**भारत का इलेक्ट्रिक व्हीकल मार्केट और टेस्ला के लिए अवसर-** हालांकि, भारत का इलेक्ट्रिक व्हीकल बाजार चीन की तुलना में अभी काफी छोटा है, लेकिन यह टेस्ला के लिए एक नया अवसर हो सकता है। टेस्ला को हाल ही में एक दशक में पहली बार वार्षिक इलेक्ट्रिक व्हीकल बिक्री में गिरावट का सामना करना पड़ा। भारत में 2023 में लगभग 1 लाख इलेक्ट्रिक कारों की बिक्री हुई थी, जबकि चीन में यह आंकड़ा 1.1 करोड़ (11 मिलियन) था।

**मोदी-मस्क मुलाकात और ट्रम्प फैक्टर-** टेस्ला की भारत में संभावनाएं ईलॉन मस्क और पीएम मोदी की अमेरिका में हुई मुलाकात के बाद और मजबूत हुई हैं। इस दौरान पीएम मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से भी मुलाकात की। ट्रम्प ने कहा कि भारत और अमेरिका व्यापार घाटे को कम करने और अमेरिकी सैन्य उपकरणों की खरीद बढ़ाने के लिए बातचीत करेंगे। इसमें एफ-35 फाइटर जेट्स की सप्लाई पर भी चर्चा शामिल है। ईलॉन मस्क ट्रम्प प्रशासन के एक महत्वपूर्ण सदस्य हैं, लेकिन यह साफ नहीं है कि उन्होंने मोदी से मुलाकात टेस्ला के सीईओ के रूप में की या अपनी डीओजीई टीम के प्रतिनिधि के रूप में।


देशबन्धु
ग्राहक सेवा



रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट
**टेलर्स वारिस**
शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596
मो.- 9424392281, 9425152707
देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
बिना ऑपरेशन
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

**फ्लैट बेचना है**
गोलबाजार, जबलपुर में 742 वर्गफुट का 2 BHK बालकनी सहित फ्लैट दूसरी मंजिल पर बिक्री हेतु उपलब्ध है। अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें:-
एडवोकेट रविशंकर पटेल
फोन नंबर-
9827087838

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार)
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# सेंट ग्रेबियल स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी, परीक्षा के बीच कर दी बच्चों की छुट्टी





**जबलपुर, देशबन्धु।** सेंट ग्रेबियल स्कूल रांझी में मंगलवार को उस वक्त अफरा तफरी मच गई। जब स्कूल को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इस घटना के बाद स्कूल में बच्चों व स्टाफ की छुट्टी कर दी गई। खबर मिलते ही रांझी पुलिस व बम स्क्वाड मौके पर पहुंच गया। जांच के दौरान किसी भी तरह का बम नहीं मिला। इसी तरह कामायनी एक्सप्रेस में भी बम होने की खबर के बाद ट्रेन को सागर-बीना के बीच रोक कर सर्चिंग की गई।

खबर है कि सेंट गेब्रियल स्कूल में आज छटवीं से आठवीं कक्षा के फाइनल पेपर चल रहे थे। करीब एक हजार बच्चे स्कूल में थे, इस दौरान 10.40 बजे के लगभग प्राचार्य अपने केबिन में बैठे हुए थे। इस दौरान उनके ऑफिशियल अकाउंट पर प्रभाकर नाम के व्यक्ति का मेल आया। इसमें लिखा था कि स्कूल में बम रखा है, जो कुछ ही पल में धमाके के साथ फट जाएगा।

स्कूल में बम मिलने की खबर से हड़कम्प मच गया। स्कूल प्रबंधन ने तत्काल छुट्टी करते हुए सभी बच्चों व टीचर को घर भेज दिया। वहीं खबर मिलते ही रांझी पुलिस व बम स्क्वाड मौके पर पहुंच गया। जिन्होंने पूरे स्कूल में सर्चिंग की लेकिन कहीं कुछ नहीं मिला, इसे फिलहाल अफवाह ही माना जा रहा है। वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि स्कूल पहुंचते ही बच्चों को सकुशल उनके घर भेज दिया गया है।

## सागर-बीना के बीच रोकी गई कामायनी एक्सप्रेस

इसी तरह बनारस से लोकमान्य तिलक टर्मिनस जा रही कामायनी एक्सप्रेस में बम होने की सूचना के बाद बीना स्टेशन पर रोक लिया गया है। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) सरकारी रेलवे पुलिस (जीआरपी) व स्थानीय पुलिस की टीमें संयुक्त रूप से ट्रेन के सभी कोच की तलाशी में जुटी हैं। बम डिस्पोजल स्क्वॉड मौके पर पहुंच गया है। बम की खबर के बाद स्टेशन प्रबंधन ने सुरक्षा एजेंसियों को अलर्ट मोड पर रहने के लिए कहा है।

# महाकुंभ के चलते अनेक ट्रेनें प्रभावित, कई के मार्ग बदले गए

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल प्रशासन द्वारा महाकुंभ-2025 के दौरान परिचालनिक कारणों से निम्न गाडियों का निरस्तीकरण, मार्ग परिवर्तन, आंशिक निरस्तीकरण/ओरिजिनेशन तथा रीशेड्युलिंग करने का निर्णय लिया गया है. जिसमें पश्चिम मध्य रेल से गुजरने वाली कुछ ट्रेनें प्रभावित रहेगी।

**प्रारम्भिक स्टेशन से यात्रा प्रारंभ करने की तिथि से निरस्त रेलगाड़ियां**-19045 सूरत-छपरा, ताप्ती गंगा एक्सप्रेस दिनांक 19.02.2025, 20.02.2025 एवं 21.02.2025 को निरस्त रहेगी. 19483 अहमदाबाद-बरौनी एक्सप्रेस दिनांक 19.02.2025 एवं 21.02.2025 को निरस्त रहेगी. 22911 इंदौर-हावड़ा, शिप्रा एक्सप्रेस दिनांक 18.02.2025 एवं 20.02.2025 को निरस्त. 01025 दादर-बलिया स्पेशल ट्रेन दिनाँक 19.02.2025 एवं 21.02.2025 को निरस्त रहेगी. 01027 दादर- गोरखपुर स्पेशल ट्रेन दिनाँक 18.02.2025 एवं 20.02.2025 को निरस्त. 15160 दुर्ग-छपरा, सारनाथ एक्सप्रेस दिनांक 19.02.2025, 20.02.2025 एवं 21.02.2025 को निरस्त रहेगी. 11055 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर एक्सप्रेस दिनांक 19.02.2025 एवं 21.02.2025 को को निरस्त रहेगी. 11059 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-छपरा एक्सप्रेस दिनांक 18.02.2025 एवं 20.02.2025 को निरस्त. 12428 आनंद विहार टर्मिनस-रीवा एक्सप्रेस दिनांक 18.02.2025, 19.02.2025, 20.02.2025 एवं 21.02.2025 को निरस्त रहेगी. 12427 रीवा-आनंद विहार टर्मिनस एक्सप्रेस दिनाँक 19.02.2025 एवं 20.02.2025, 21.02.2025 एवं 22.02.2025 को निरस्त रहेगी।



**यात्रा प्रारंभ करने की तिथि से मार्ग परिवर्तित रेलगाड़ियां**

11061 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-जयनगर, पवन एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025 से 28.02.2025 तक अपने परिवर्तित मार्ग वाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-जिवनाथपुर-वाराणसी-जौनपुर-औंरिहार होकर गंतव्य को जाएगी. मार्ग परिवर्तित के दौरान अस्थाई ठहराव प्रयागराज छिवकी आगमन/प्रस्थान समय 09.30/09.35 बजे रहेगा।

11062 जयनगर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस,पवन एक्सप्रेस दिनांक 18.02.2025 से 27.02.2025 तक अपने परिवर्तित मार्ग वाया औंरिहार-जौनपुर-वाराणसी-जिवनाथपु-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर होकर गंतव्य को जाएगी. मार्ग परिवर्तित के दौरान अस्थाई ठहराव प्रयागराज छिवकी आगमन/प्रस्थान समय 2.30/ 2.35 बजे रहेगा।

11033 पुणे-दरभंगा एक्सप्रेस दिनाँक 19.02.2025 एवं 26.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया मानिकपुर-प्रयागराज छिवकी-जिवनाथपुर-वाराणसी-जौनपुर-औंरिहार होकर गंतव्य को जाएगी. मार्ग परिवर्तित के दौरान अस्थाई ठहराव प्रयागराज छिवकी 15.50/15.55 बजे रहेगा।

11034 दरभंगा-पुणे एक्सप्रेस दिनाँक 21.02.2025 एवं 28.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया औंरिहार-जौनपुर-वाराणसी-जिवनाथपुर-प्रयागराज छिवकी-मानिकपुर होकर गंतव्य को जाएगी. मार्ग परिवर्तित के दौरान अस्थाई ठहराव प्रयागराज छिवकी 6.40/ 6.45 बजे रहेगा.

11071 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-बलिया, कामायनी एक्सप्रेस दिनाँक 18.02.2025 से 27.02.2025 तक अपने परिवर्तित मार्ग वाया बीना-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ-जौनपुर-वाराणसी होकर गंतव्य को जाएगी.

11072 बलिया-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, कामायनी एक्सप्रेस दिनांक 18.02.2025 से 28.02.2025 तक अपने परिवर्तित मार्ग वाया वाराणसी-जौनपुर-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-बीना होकर गंतव्य को जाएगी।

22129 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-अयोध्या कैंट, तुलसी एक्सप्रेस दिनांक 18.02.2025, 23.02.2025 एवं 25.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-उरई-कानपुर सेंट्रल-लखनऊ होकर गंतव्य को जाएगी7

22130 अयोध्या कैंट-लोकमान्य तिलक टर्मिनस, तुलसी एक्सप्रेस दिनाँक 19.02.2025, 24.02.2025 एवं 26.02.2025 को अपने परिवर्तित मार्ग वाया अयोध्या कैंट-लखनऊ-कानपुर सेंट्रल-उरई-वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी होकर गंतव्य को जाएगी।

# हाइवा ने बाइक सवार युवकों को कुचला, चार की मौत, एक गंभीर

**रीवा देशबन्धु।** बेलगाम मिट्टी लोड हाइवा ने बाइक सवार पांच दोस्तों को कुचल दिया। हादसे में चार की घटना स्थल पर मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित परिजन व ग्रामीणों ने रीवा-सेमरिया मार्ग में चकाजाम कर दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लोगों को समझाइश देकर शांत कराया। करीब पांच घंटे बाद स्थिति सामान्य हो पाई। घटना चोरहटा थाना क्षेत्र के बनकुईयां में मंगलवार की सुबह की है। मिली जानकारी के अनुसार जेरुका गांव के निवासी पांच दोस्त एक ही मोटर साइकिल मे सवार होकर बनकुंईयां की तरफ जा रहे थे। मंगलवार की सुबह करीब साढ़े 8 बजे मिट्टी लोड हाइवा क्रमांक एमपी 12 एच 0642 से बाइक की टक्कर हो गई। टक्कर लगने के बाद चार युवक हाइवा के नीचे आ गये और उनकी दर्दनाक मौत हो गई। जबकि एक युवक बाल-बाल बच गया। घटना के बाद देखते ही देखते मौके पर परिजन समेत ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। लोगों ने घटना का विरोध करते हुये रीवा-सेमरिया मार्ग में चकाजाम कर दिया। कुछ ही देर में चोरहटा थाना प्रभारी आशीष मिश्रा दल-बल के साथ पहुंच गये। हंगामें की स्थिति को देखते हुये घटना स्थल पर सीएसपी रितु उपाध्याय समेत अन्य थाना से पुलिस बल बुलाया गया। करीब पांच घंटे बाद लोगों का आक्रोश शांत हुआ।

# उमरिया से महाकुंभ जाने निकला 12 वर्षीय बालक पहुंचा दमोह

**दमोह, देशबन्धु।** रेलवे स्टेशन पर गत दिवस एक 12 वर्षीय बच्चा पुलिस को मिला, जो प्रयागराज महाकुंभ जाने के लिए घर से निकला था, लेकिन गलत ट्रेन में सवार होकर दमोह पहुंच गया। दरअसल, उमरिया जिले के एक 12 वर्षीय आदिवासी बालक महाकुंभ देखने की इच्छा उसे घर से दूर ले आई।



बच्चे ने पुलिस को बताया कि वह पांच दिन पहले महज 150 रुपए लेकर बिना किसी को बताए घर से निकला और ट्रेन में बैठ गया। प्रयागराज जाने की सही जानकारी न होने के कारण वह लगातार ट्रेन बदलता रहा और अंततः दमोह पहुंच गया, जहां किसी ने उसे ट्रेन से उतार दिया। अब उसके पास मात्र 50 रुपए बचे हैं।

बच्चा उमरिया के एक छात्रावास में रहकर कक्षा चौथी की पढ़ाई कर रहा है। उसने बताया कि कुंभ की चर्चा सुनकर वहां जाने की इच्छा हुई थी, लेकिन अब वह परिजनों के पास लौटना चाहता है और भविष्य में बिना बताए कहीं नहीं जाएगा।

**पुलिस ने शुरू की परिजनों की तलाश**- सीएसपी अभिषेक तिवारी ने बताया कि बच्चे के पिता अमर सिंह आदिवासी का मोबाइल नंबर बंद आ रहा है। पुलिस साइबर सेल और उमरिया पुलिस की मदद से परिजनों की तलाश कर रही है। राजू के माता-पिता मजदूरी करके जीवनयापन करते हैं। फिलहाल पुलिस नियमानुसार बच्चे की देखभाल कर रही है और जल्द ही उसे परिवार से मिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

**महाकुंभ के चलते यात्रियों की भीड़, वाहन संचालकों की चांदी**- प्रयागराज महाकुंभ के चलते लोग ट्रेन और निजी वाहनों से बड़ी संख्या में यात्रा कर रहे हैं। बस और चार पहिया वाहनों की मांग इतनी बढ़ गई है कि वाहन संचालकों को अतिरिक्त ड्राइवर रखने पड़ रहे हैं। टूर एंड ट्रेवल्स व्यवसाय से जुड़े अरविंद ने बताया कि उनके पास इतनी अधिक बुकिंग आ रही है कि सुबह प्रयागराज से लौटने वाला वाहन शाम को फिर से रवाना हो जाता है।

# रेलवे में फर्जी टिकट बनाने वालों 6 गिरोह सक्रिय

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे में धांधलियों से करोड़ों की राजस्व क्षति में विभागीय कर्मचारियों की भी मिली भगत होने की चर्चा जोरो से चल रही हैं। नकली टिकट बनाने का धंधा कई माह से लगातार चल रहा है टिकट बनाने वालों का दल सबसे ज्यादा सक्रिय है।

यह रैकिट अधिकतर अधिक दूरी की टिकटें बनाकर यात्रियों से 2 हजार की टिकट का तीन गुना यानी 6 हजार तक वसूलते हैं। यदि चैकिंग के दौरान यात्री पकड़ा जाता है तो चैकिंग दल यात्रियों से पुनः जुर्माना राशि वसूलता है याने हर जगह यात्री को ही लूटा जा रहा है। यदि कोई यात्री जुर्माना राशि देने की स्थिति में नहीं रहता है तो ट्रेन टिकट निरीक्षक ऐसे यात्रियों को कोच से उतारकर रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ के हवाले कर देते हैं। याने गलती रेलवे करता हौ इसका खामयाजा यात्रियों को भुगतना पड़ता है। सूत्रों से प्राप्त खबर के अनुसार नकली टिकट बनाने वालों की सैटिंग आरक्षण कर्मियों से भी रहती है। जानकारों का कहना है कि इस गिरोह के सदस्य इतनी सफाई से नकली टिकट बनाते हैं कि यह हर मायने में बिलकुल असली टिकट जैसे ही दिखायी पड़ते हैं। जानकारी के मुताबिक विगत दिवस मुंबई से लखनऊ संचालित होने वाली पुष्पक एक्सप्रेस में उड़न दस्ता निरीक्षकों की टीम ने खंडवा और इटारसी के बीच में पकड़ा था। इन यात्रियों से प्रति टिकट 4 हजार के हिसाब से अतिरिक्त राशि की वसूली की गई चैकिंग दल की टीम ने टिकटों का सत्यापन किया , सत्यापन करने से ही पता चला कि यह सभी टिकटें फर्जी है। इन यात्रियों से उड़नदस्ता निरीक्षकों ने जुर्माना राशि वसूल की और उन्हें छोड़ दिया । कई ऐसी लम्बी दूरी की ट्रेनें जैसे सबसे पुरानी ट्रेन मुंबई कोलकाता हावड़ा में मुंबई बनारस महानगरी एक्सप्रेस पंजाब मेल, एवं कई ट्रेनों की चैकिंग भी प्रति दिन नहीं पाती है,उनमें भी गड़बड़ी होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता है।

**कई माह से चल रहा गोरखधंधा**

**ऐसे रोक लग सकती है**- पश्चिम मध्य रेलवे और मध्य रेलवे और मध्य रेलवे मुंबई की विभागीय उड़न दस्ता निरीक्षकों की टीम संयुक्त रूप से बनायी जाए इसमें रेलवे सुरक्षा बल आरपीएफ को शामिल किया जाए तो गिरोह पर रोक लगने की संभावना से इंकार न हीं किया जा सकता है। पमरे के शीर्ष अधिकारी यदि चर्चा करें और मध्य रेलवे की उड़न दस्ता टीम तैयार की जाए तो विभाग के संयुक्त रूप से छापामार कार्रवाई करें तो बहुत कुछ हद तक रेलवे राजस्व को क्षति होने से बचाव ।

# कान्हा नेशनल पार्क घूमने आए विदेशी पर्यटक की संदिग्ध मौत

## यूके से आए थे घूमने, अचानक बिगड़ी तबियत और तोड़ दिया दम



**बालाघाट, देशबन्धु।** कान्हा नेशनल पार्क में घूमने आए विदेशी पर्यटक की संदेहास्पद परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक का नाम रोज गोल्ड्सवर्थी बताया जा रहा है। 69 वर्षीय सैलानी यूनाइटेड किंगडम (यूके) से भारत भ्रमण (इंडिया टूर) करने आए थे।

घटना मंगलवार सुबह की बताई जा रही है। दरअसल रोज की तरह सभी पर्यटक बाघ जैसे कई जानवरों को देखने के लिए कान्हा नेशनल पार्क के मुख्य गेट से होकर अंदर जा रहे थे। इसी दौरान विदेश से आए रोज गोल्ड्सवर्थी की अचानक तबियत बिगड़ गई।

विदेशी पर्यटक को उपचार के लिए फौरन बैहर सिविल अस्पताल ले जाया गया लेकिन बीच रास्ते में ही उनकी सांसें थम गईं। जांच के बाद डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। डॉ. हरीश मरकाम ने बताया कि शव को मेडिकल कॉलेज भेजा गया है। पीएम के बाद ही मौत का कारण सामने आ सकेगा। फिलहाल वन विभाग की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जांनकारी यूके एंबेंसी को दे दी है। एंबेसी से वृद्ध पर्यटक रोज के परिजनों से संपर्क कर घटना से अवगत कराने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# मदनमहल में जीआरपीकर्मी न होने से यात्री परेशान

**जबलपुर, देशबन्धु।** पमरे के उच्च अधिकारियों की लापरवाही एवं मनमानी के चलते मदनमहल स्टेशन में दिनों दिन अव्यवस्था बढ़ती ही जा रही है। इस अव्यवस्था के चलते हजारों यात्रियों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ती नजर आ रही है। जीआरपी स्टेशन में यात्रियों को दिखायी ही नहीं पड़ती है।

रेलवे द्वारा इन कर्मचारियों को लाखों रूपया का वेतन का भुगतान करती है परंतु यहां के कर्मचारियों द्वारा धेले का भी काम नहीं किया जा रहा है। इन कर्मचारियो की कार्य प्रणाली से ऐसा लग रहा है जैसे यह स्टेशन में कार्य न करते हुए पिकनिक मनाने आते हों यहां पर जो जीआरपी थाने को रेलवे ने अच्छा नवनिर्मित भवन आवंटित किया है उससे यह लगता है कि यह भवन जीआरपी कर्मचारियों के लिए एक मनोरंजन क्लब जैसा हो गया है। इस चौकी में जो भी कर्मचारी तैनात हैं उनको हमेशा मोबाइल पर अपना मनोरंजन करते या खेल खेलते देखा जा सकता है। इन कर्मचारियों का न तो यात्रियों की चिन्ता है और न ही अपनी नौकरी की यह जैसा भी चाहे मनोरंजन करते हुए कार्यालय की शोभा बढ़ाते हुए देखा जा सकता हैं। इन कर्मचारियों को किसी का भी कोई खौफ नहीं है।

सूत्रों से प्राप्त खबर के अनुसार रेलवे ने यात्रियों की सुविधाओं को गंभीरता से ध्यान में लिया और प्लेटफार्म नम्बर 4 में नवभवन आवंटित कर दिया गया । इसमें टेबल कुर्सी व अन्य सभी प्रकार का सर्वसुविधा युक्त चीजें जीआरपी को उपलब्ध करायी गई। परंतु इतना सभी कुछ हो जाने के बाद भी इन शासकीय कर्मचारियों ने यह सुविधाएं मिलने के बाद भी जो यात्रियों के हित पर ध्यान दिया जानी चाहिये वह नहीं दे रहे हैं। मुख्य रेलवे स्टेशन से लगभग 4 किलोमीटर की दूरी पर यहां कार्यालय खोला गया है, वर्तमान में विभाग द्वारा निर्माण कार्य और यात्रियों के लिए एस्कलेटर लिफ्त व अन्य सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। यह स्टेशन रानी कमलापति स्टेशन की तर्ज पर बहुत ही आधुनिक ढंग से विकसित किया जा रहा है।

**मदन महल स्टेशन परिसर में बढ़ती जा रही है यात्रियों की परेशानियां**

इतनी सभी कुछ होने के बावजूद भोपाल से दुर्ग संचालित होने वाली अमरकंटक एक्सप्रेस व अन्य ट्रेनों के मदन महल स्टेशन पहुंचने पर आए दिन ऑटो चालकों की भीड़ आए दिन स्टेशन में देखी जा रही है। यह यात्रियों के कोच से ही जबरदस्ती करके उनका सम्मान ले लेते हैं और फिर अनाप शनाप रूपयों की मांग करते हैं इनको किसी का भी कोई खौफ नहीं रहता है। इन ऑटो चालकों की आड़ में कुछ नशेचली जेब कट भी स्टेशन परिसर में देखे जा रहे हैं। यह जेब कट मौका देखते ही अपना काम करके नौ दो ग्यारह हो जाते हैं। जब कोई पीड़ित यात्री आप बीती घटना को लिखवाने का प्रयास करता है तो उससे यह इस प्रकार के प्रश्न करते हैं तो वह बगैर रिर्पोट दर्ज कराए ही वापस चला जाता है।

गौरतलब है कि मदनमहल स्टेशन में 4 प्लेटफार्म है। प्लेटफॉर्म नम्बर 1 से 3 तक यात्रियों को भी नहीं पता रहता है कि जीआरपी कार्यालय 4 नम्बर में स्थिति है। इसकी जानकारी के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था की जानी चाहिये। यहां यह भी उल्लेख करना आवश्यक है कि जीआरपी कार्यालय में कागज, पिन व अन्य स्टेशनरी की भी कर्मी बनी रहती है, इसके लिए भी प्रबंधन को विचार किया जाना चाहिये। उल्लेखनीय है कि शासकीय रेल पुलिस की एसपी सिमाला प्रसाद एक अनुभवशील अधिकारी है इनके पिता जी डॉ.भागीरथ प्रसाद भी कलेक्टर के पद पर पदस्थ रह चुके हैं, उन्होंने संस्कारधानी के लिए कई स्मरणीय कार्यों को अंजाम दिया था।

खुल गया खुल गया

शहर के प्रमुख स्थल पर स्थित होटल टाइगर इन के कैम्पस में 16000 एस्क्वायर फिट का हाल उपलब्ध है जिसमें पार्किंग की विशेष सुविधा उपलब्ध है जिन इच्छुक व्यवसायिक लोगों को अपने व्यवसाय हेतु आफिस दुकान शो रूम छोटी छोटी दुकान खोलना हो निम्न पते मोबाइल नंबर पर संपर्क कर सकते है।

संपर्क- दिनेश तिवारी
होटल टाइगर इन
विंध्यनगर रोड बैढ़न
मोबाइल नंबर -6265475368

सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 84
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 104
छोटा ब्रॉयलर - रु. 116
मो.- 9039925999

J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 120
मुर्गा मीडियम - रु. 108
मुर्गा बड़ा - रु. 88
मुर्गा जम्बो - रु. 88
मो.-9039925000, 9425800409

FOR PRIVATE SCREENING CALL +91 79999 68989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER BOOK FROM BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888
CALL BOOKING 0761-4069888 4069889
समदड़िया सिनेमा
Be in love , fall in love stay in love forever _ Make ur this valentine Day special



CHHAAVA
09:30AM 10:30AM
12:30PM 01:30PM
02:30PM 04:30PM
05:30PM 06:30PM
07:30PM 09:30PM
10:30PM 11:00PM



CAPTAIN AMERICA
3D (HINDI)
09:00AM
01:30PM
04:00PM
08:30PM
3D(ENGLISH)
11:15AM
2D(HINDI)
06:15PM

SANAM TERI KASAM
Re-release
11:30AM
03:30PM
DEVA
08:15PM
SKY FORCE
10:55PM
LOVEYAPA
09:00AM